हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11 खेल

**धोनी 2 हफ्ते आईपीएल से बाहर रह सकते हैं, मांसपेशियों में खिंचाव, सीएसके ने पोस्ट...**



Page 09 देश


**उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने राजनीति से लिया 15 दिनी ब्रेक**

शुक्ल पक्ष, अश्लेषा, विक्रम संवत् 2083

• औरंगाबाद • रविवार • 29 मार्च 2026 • वर्ष 28 • अंक 116 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹1,35,750 | ₹ 2,45,000 |

## आज का इतिहास

**2013 :** इंटरनेट पर इतिहास का सबसे बड़ा हमला हुआ। दुनियाभर में इंटरनेट की रफ्तार धीमी हुई।

**2014 :** रिक्टर पैमाने पर 5.1 तीव्रता का भूकंप, दक्षिण कैलिफोर्निया में आया; भूकंप ला हबरा के पास लॉस एंजिल्स के दक्षिण-पूर्व में लगभग 22 मील दूर था।

## न्यूज बाइट्स

### 31 मार्च को बिहार दौरे पर आ रही हैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**नालंदा (नि.सं.)।** प्रसिद्ध नालंदा विश्वविद्यालय 31 मार्च 2026 को अपने राजगीर स्थित स्थायी परिसर में दूसरे दीक्षांत समारोह का आयोजन करने जा रहा है। इस गरिमामय समारोह में भारत की राष्ट्रपति एवं नालंदा विश्वविद्यालय की विजिटर, द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगी। यह विश्वविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि होगी, क्योंकि यह नव उद्घाटित स्थायी परिसर में आयोजित होने वाला पहला दीक्षांत समारोह होगा। इस परिसर का उद्घाटन जून 2024 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार के बाद यह केवल दूसरा दीक्षांत समारोह है, इससे पूर्व पहला समारोह वर्ष 2016 में आयोजित हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह राजगीर तथा नालंदा विश्वविद्यालय का राष्ट्रपति के रूप में प्रथम दौरा होगा। समारोह के दौरान वे दीक्षांत भाषण देंगी, उपाधियों को प्रदान करेंगी।

### 10 अप्रैल को राज्यसभा में शपथ लेंगे नीतीश कुमार

**पटना (नि.सं.)।** राज्यसभा के लिए निर्वाचित सदस्य 10 अप्रैल को राज्यसभा में शपथ लेंगे। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नितिन नवीन समेत सदस्य शामिल होंगे। वहीं, बिहार में नई सरकार को लेकर बयानबाजी तेज है। बाहुबली आनंद मोहन ने नीतीश के राज्यसभा जाने के फैसले पर ऐतराज जताया है। इन सबके बीच नीतीश कुमार लगातार एक्टिव हैं। मुख्यमंत्री ने गौरव पार्क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। दिनेश लाल यादव ऊर्फ निरहुआ ने खेसारी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि राजनीति ईमानदार लोगों के लिए है, नॉनसेंस लोगों के लिए नहीं है।

### प्रखंडवार शिक्षकों के औपबंधिक नियुक्ति पत्र का वितरण हुआ

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में तृतीय और चतुर्थ के शिक्षकों को 31 मार्च तक औपबंधिक नियुक्ति और पदस्थापन पत्र दिया जाएगा। पटना जिला शिक्षा कार्यालय में सफल शिक्षकों को यह पत्र दिया गया। शिक्षकों को 10 अप्रैल तक विद्यालय में योगदान देना होगा, और तकनीकी ज्वाइनिंग के लिए 11 अप्रैल को पत्र उपलब्ध कराना होगा। सक्षमता तृतीय और चतुर्थ के शिक्षकों को 31 मार्च तक औपबंधिक नियुक्ति और पदस्थापन पत्र दिया जाना है। शनिवार को पटना जिला शिक्षा कार्यालय (डीईओ) में जिले के 23 प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को उक्त दोनों की परीक्षा और काउंसिलिंग में सफल शिक्षकों की नियुक्ति और पदस्थापना पत्र दिया गया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय विमान पत्तन का उद्घाटन करते हुए कहा

# पश्चिम एशिया युद्ध से आज पूरा विश्वस चिंतित

एजेंसी | नई दिल्ली/जेवर



नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय विमान पत्तन का भव्य उद्घाटन करते हुए इसे भारत के बुनियादी ढांचे और आर्थिक प्रगति की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवल एक एयरपोर्ट नहीं, बल्कि "विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत" के विजन को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर को अपने लिए विशेष बताते हुए कहा कि उन्हें इस एयरपोर्ट की नींव रखने और अब इसके उद्घाटन का अवसर मिला, जो उनके लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों की बढ़ती संख्या न केवल क्षेत्रीय संतुलित विकास को गति देगी, बल्कि निवेश, उद्योग और पर्यटन को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट उत्तर भारत के लिए एक बड़ा एविएशन हब बनने की क्षमता रखता है, जो दिल्ली-एनसीआर के बढ़ते दबाव को कम करने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय संपर्क को भी मजबूत करेगा। वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में एक महीने से अधिक समय से जारी युद्ध पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष के कारण पूरी दुनिया में अनिश्चितता और अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। कई देशों में खाद्य सामग्री, पेट्रोलियम उत्पाद, गैस और उर्वरकों की आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे कीमतों में उछाल और आम लोगों पर आर्थिक दबाव बढ़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत इस क्षेत्र से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस आयात करता है, इसलिए इस तरह के वैश्विक संकट का असर देश पर भी पड़ता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद भारत अपनी विकास यात्रा को निरंतर गति दे रहा है। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाल के सप्ताहों में शुरू हुई प्रमुख परियोजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि नोएडा में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री की आधारशिला रखी गई, दिल्ली-मेरठ नमो भारत ट्रेन ने संचालन की गति पकड़ी, मेरठ मेट्रो का विस्तार हुआ और अब जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन किया गया है। उन्होंने कहा कि ये सभी परियोजनाएं भारत को आधुनिक, तेज और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि सेमीकंडक्टर उद्योग भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूती देगा, जबकि नमो भारत ट्रेन और मेट्रो परियोजनाएं शहरी परिवहन को आधुनिक और सुगम बनाएंगी। वहीं जेवर एयरपोर्ट उत्तर भारत के लाखों लोगों को अंतरराष्ट्रीय यात्रा की बेहतर सुविधा प्रदान करेगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा कि लगभग 11,200 करोड़ रुपये की लागत से 3000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित यह एयरपोर्ट देश के सबसे आधुनिक हवाई अड्डों में से एक है। उन्होंने बताया कि इसका 4 किलोमीटर लंबा रनवे बड़े विमानों के संचालन के लिए पूरी तरह सक्षम है और यहां अत्याधुनिक टर्मिनल सुविधाएं विकसित की गई हैं।

### एयरपोर्ट सिर्फ एक सामान्य सुविधा नहीं

पीएम मोदी ने आम लोगों की हवाई यात्रा को लेकर कहा, 'किसी भी देश में एयरपोर्ट सिर्फ एक सामान्य सुविधा नहीं होती। ये एयरपोर्ट प्रगति को भी उड़ान देते हैं। साल 2014 से पहले देश में सिर्फ 74 एयरपोर्ट थे और आज 160 से अधिक एयरपोर्ट हो चुके हैं। अब महानगरों के अलावा, देश के छोटे-छोटे शहरों तक भी हवाई कनेक्टिविटी पहुंच रही है। पहले की सरकारें मानती थीं कि हवाई यात्रा सिर्फ अमीरों के लिए होनी चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार ने सामान्य भारतीयों के लिए भी हवाई यात्रा को आसान बना दिया है। यूडीएएन योजना के तहत बीते कुछ वर्षों में 1.60 करोड़ से अधिक देशवासियों ने सस्ती दरों पर हवाई यात्रा की है। हाल ही में केंद्र सरकार ने यूडीएएन योजना को और विस्तार दिया है। इसके लिए लगभग 29,000 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इसके तहत छोटे-छोटे शहरों में 100 नए एयरपोर्ट और 200 नए हेलिपैड बनाने की योजना है।

### हर दो मिनट में एक जहाज उड़ेगा: प्रधानमंत्री

पीएम मोदी ने कहा, सेमीकंडक्टर फैक्टरी भारत को तकनीकी में आगे बढ़ा रही है। मेरठ मेट्रो और नमो भारत रेल तेज और स्मार्ट कनेक्टिविटी दे रही है और यह हमारा जेवर एयरपोर्ट, पूरे उत्तर भारत को दुनिया से जोड़ रहा है। यह सभी प्रोजेक्ट पूरा होना डबल इंजन की सरकार का शानदार उदाहरण है। पीएम ने आगे कहा, आपने वीडियो में देखा होगा, यह ऐसा एयरपोर्ट बन रहा है, जिससे हर दो मिनट में एक जहाज उड़ेगा।

---

# पश्चिम एशिया संकट की आड़ में खाद की कालाबाजारी पर सख्ती, 116 दुकानों पर केस

निज संवाददाता | पटना



रामकृपाल यादव ने राज्य में उर्वरक की उपलब्धता को लेकर स्पष्ट किया है कि किसानों को किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी और खरीफ सीजन में भी पर्याप्त खाद उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट की आड़ में खाद की कालाबाजारी और जमाखोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। कृषि मंत्री ने मीठापुर स्थित विभागीय कक्ष में समीक्षा बैठक के बाद बताया कि राज्य के सभी जिलों से रिपोर्ट ली गई है और कहीं भी उर्वरक की कमी नहीं पाई गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खाद की आपूर्ति और वितरण पर लगातार निगरानी रखें, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता न हो।

उन्होंने जानकारी दी कि 28 मार्च तक राज्य में यूरिया 2.63 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 1.43 लाख मीट्रिक टन, एनपीके 2.07 लाख मीट्रिक टन, एमओपी 0.39 लाख मीट्रिक टन और एसएसपी 1.02 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध है। मार्च माह में आवंटित उर्वरकों में से 66 प्रतिशत यूरिया, 75 प्रतिशत एनपीके और 86 प्रतिशत डीएपी की आपूर्ति पूरी की जा चुकी है।

सरकार ने कालाबाजारी पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई है। अब तक 116 खाद दुकानों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जबकि 454 दुकानों के लाइसेंस रद्द किए जा चुके हैं। उड़नदस्ता टीमों द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सख्ती बरती जा रही है। कृषि मंत्री ने निर्देश दिया कि प्रखंड स्तर पर उर्वरक का वितरण किसानों की वास्तविक आवश्यकता और क्षेत्रफल के अनुसार किया जाए। साथ ही पीओएस मशीन में दर्ज स्टॉक और वास्तविक भौतिक स्टॉक का नियमित मिलान कर साप्ताहिक रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाए। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सरकारी व्यवस्था पर भरोसा रखें। बैठक में कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल और कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एनएच परियोजनाओं को रफ्तार देने को तेजी से वन भूमि का होगा अधिग्रहण

**पटना (नि.सं.)।** पथ निर्माण विभाग ने कहा है कि बिहार में राष्ट्रीय हाईवे परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए वन भूमि का तेजी से अधिग्रहण किया जाएगा। केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, विभाग ने वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक स्वीकृतियों को शीघ्र प्राप्त करने का निर्णय लिया है। सभी परियोजनाएं समय से चल रही हैं। पथ निर्माण विभाग ने कहा है कि राज्य की नेशनल हाईवे परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए वन भूमि का तेजी से अधिग्रहण होगा। सरकार की कोशिश होगी कि एक भी परियोजना का काम बाधित न हो। केंद्र सरकार के अल्टीमेटम के बाद पथ निर्माण विभाग ने वन विभाग से समन्वय कायम कर जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई तेजी से करने का निर्णय लिया है। विभागीय सचिव पंकज कुमार पाल ने कहा कि एनएच परियोजनाएं राज्य की कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने, निवेश आकर्षित करने एवं समग्र आर्थिक विकास को गति प्रदान करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन परियोजनाओं के समयबद्ध निष्पादन के लिए केंद्र और राज्य सरकार के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित किया गया है। सचिव ने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रतिपूरक वनीकरण की जिम्मेदारी संबंधित निर्माण एजेंसी की होगी तथा इस दिशा में आवश्यक अनुपालन सुनिश्चित कराया जा रहा है। लगभग 711.92 हेक्टेयर वन भूमि से संबंधित प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर विधिवत अग्रसारित किया गया है। वन विभाग एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ सतत समन्वय स्थापित कर आवश्यक स्वीकृतियां शीघ्र प्राप्त करने की दिशा में ठोस पहल की गई है।

---

बिहार में हड़ताल पर सरकार का हथौड़ा

# एक अप्रैल से खुलेंगे सभी अंचल कार्यालय

निज संवाददाता | पटना

बिहार में राजस्व अधिकारियों की लंबे समय से जारी हड़ताल पर सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया है। राज्य के सभी 537 अंचल कार्यालय (सीओ ऑफिस) 1 अप्रैल से हर हाल में खोलने का निर्देश दिया गया है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी स्थिति में सरकारी कामकाज ठप नहीं रहने दिया जाएगा और जनता से जुड़े सभी कार्य नियमित रूप से संचालित होंगे।

करीब 19 दिनों से जारी हड़ताल के कारण अंचल कार्यालयों में कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो गया था। इस स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत जो अधिकारी हड़ताल में शामिल नहीं हैं, उन्हें उनके मूल पद के साथ-साथ अन्य अंचलों का अतिरिक्त प्रभार दिया जाएगा। इससे खाली पड़े अंचलों में प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता बनी रहेगी। सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नियमित अंचलाधिकारियों के स्थान पर जमीन सर्वेक्षण से जुड़े कानूनगो, राजस्व अधिकारी और सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों को भी अंचल संचालन की जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया है। इन अधिकारियों को पूर्ण वित्तीय अधिकार दिए जाएंगे, जिससे वे वेतन वितरण, योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य खर्चों की स्वीकृति दे सकेंगे।



» प्रतिदिन लगभग 5,500 म्यूटेशन और 10,000 परिमार्जन के आवेदन लंबित हो रहे हैं। अब तक कुल 40 लाख से अधिक मामले पेंडिंग हो चुके हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जमीन विवादों के बढ़ने से अपराध के मामलों में भी वृद्धि देखी जा रही है।

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट कहा कि हड़ताली अधिकारियों के खिलाफ सरकार ने निर्णायक और कड़ा कदम उठाया है। उन्होंने दोहराया कि सरकार के कार्य किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होंगे और प्रशासनिक व्यवस्था को हर हाल में सुचारू रखा जाएगा। राजस्व सेवा के अधिकारी 9 मार्च से 'बिरसा एवं बिरसा यूनाइटेड संयुक्त संघर्ष मोर्चा' के बैनर तले हड़ताल पर हैं, जबकि इससे पहले 11 फरवरी से कर्मचारी भी आंदोलनरत हैं। इस कारण राज्य के अंचलों में दाखिल-खारिज (म्यूटेशन), परिमार्जन और अन्य भूमि संबंधी कार्य पूरी तरह ठप हो गए थे। राजस्व विभाग के प्रधान सचिव ने इस संबंध में राज्य के सभी 38 जिलाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है कि हर अंचल में किसी न किसी पदाधिकारी की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। साथ ही, कार्यभार संतुलन बनाए रखने के लिए निकटवर्ती अंचलों में अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

संविदा पर नियुक्त कानूनगो को वित्तीय अधिकार देना सरकार के कड़े रुख को दर्शाता है। यह कदम साफ संकेत देता है कि सरकार हड़ताली अधिकारियों के दबाव में आने के बजाय वैकल्पिक तंत्र विकसित कर प्रशासनिक कार्यों को जारी रखने के पक्ष में है। पहले बीडीओ को अंचल की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन कार्यभार अधिक होने के कारण यह व्यवस्था प्रभावी नहीं हो सकी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद उम्मीद है कि दाखिल-खारिज, जमीन मापी और प्रमाण पत्र जैसे तकनीकी कार्यों में तेजी आएगी और लंबे समय से लंबित मामलों का निपटारा संभव हो सकेगा।

---

# पटना में निर्माणाधीन योजनाओं का सीएम ने किया निरीक्षण, तेजी से काम पूरा करने का दिया निर्देश



निज संवाददाता | पटना

नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना शहर में चल रही विभिन्न निर्माणाधीन योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाकर समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने डॉ. राजेंद्र प्रसाद समाधि स्थल के पास बन रहे लोकनायक जयप्रकाश नारायण पार्क (बिहार गौरव पार्क) का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बांस घाट के समीप बन रहा यह पार्क लोकनायक जयप्रकाश नारायण के सम्मान में विकसित किया जा रहा है और इसे उच्च गुणवत्ता के साथ तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की समाधि के पास स्थित इस पार्क को आकर्षक और उपयोगी बनाया जाए, ताकि स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को भी लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि एक ओर समाधि स्थल और दूसरी ओर जेपी गंगा पथ होने से यह क्षेत्र अत्यंत सुंदर और आकर्षक बनेगा।

करीब 10 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रहे इस बिहार गौरव पार्क में राज्य के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को दर्शाया जाएगा। यहां आर्यभट्ट, चाणक्य, सम्राट अशोक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण और दशरथ मांझी जैसी महान विभूतियों की प्रेरणादायक गाथाएं प्रदर्शित की जाएंगी। साथ ही नालंदा और विक्रमशिला जैसे ऐतिहासिक स्थापत्य, स्तूप, मंदिर और मकबरों की झलक भी इस पार्क में देखने को मिलेगी। पर्यटकों के लिए खान-पान की सुविधा और खेल मैदान भी विकसित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त डॉ. राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में एक भव्य स्मृति परिसर के निर्माण की भी योजना है।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बांस घाट स्थित नए मुक्ति धाम परिसर का भी जायजा लिया। करीब साढ़े चार एकड़ में विकसित इस आधुनिक शवदाह गृह में दाह संस्कार के साथ-साथ नागरिक, धार्मिक और सांस्कृतिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

---

# सड़क हादसा : मेला देखकर लौट रहे तीन दोस्तों की मौत, एक लापता



निज संवाददाता | मधेपुरा

जिले में शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने तीन परिवारों को गहरे शोक में डुबो दिया। मधेपुरा के अरार थाना क्षेत्र में अरार पुल के पास एक अनियंत्रित कार पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में जा गिरी। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक युवक अब भी लापता है। जानकारी के अनुसार, कार में चार दोस्त सवार थे, जो ग्वालपाड़ा में लगे रामनवमी मेले से लौट रहे थे। सभी युवक रात करीब 9 बजे मधेपुरा के स्टेशन चौक से निकले थे। देर रात लगभग एक बजे अरार पुल के पास अचानक वाहन का संतुलन बिगड़ गया और कार सीधे नदी में गिर गई।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद नदी से तीन युवकों के शव बरामद कर लिए गए, जबकि चौथे युवक की तलाश जारी है।

मृतकों की पहचान मधेपुरा स्टेशन चौक वार्ड-23 निवासी घनश्याम कुमार (28), सहरसा जिले के बसनही थाना क्षेत्र निवासी अंकित कुमार (26) और सौर बाजार थाना क्षेत्र निवासी वसंत कुमार (23) के रूप में हुई है। चौथे युवक की पहचान अब तक स्पष्ट नहीं हो पाई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि पुल की रेलिंग पूरी तरह टूट गई और कार सीधे गहरे पानी में समा गई। इससे चारों युवक पानी में डूब गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और लापता युवक की खोज के लिए सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती आशंका है कि तेज रफ्तार और रात के समय दृश्यता कम होने के कारण यह हादसा हुआ। स्थानीय स्तर पर इस घटना के बाद शोक और आक्रोश का माहौल है।

---

मिडिल ईस्ट तनाव से बढ़ी बाजार में अस्थिरता

# रूस ने चार महीने के लिए पेट्रोल निर्यात रोका, भारत पर सीमित असर

एजेंसी | नई दिल्ली



रूस ने एक अप्रैल से 31 जुलाई तक पेट्रोल निर्यात पर अस्थायी रोक लगाने का फैसला किया है। यह निर्णय घरेलू बाजार में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और कीमतों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से लिया गया है। इस संबंध में रूस के उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने ऊर्जा मंत्रालय को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। सरकार का कहना है कि मिडिल ईस्ट में इजराइल-ईरान युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता बढ़ गई है, जिससे कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। ऐसे में घरेलू आपूर्ति को सुरक्षित रखना रूस की प्राथमिकता बन गई है। वर्तमान में रूस प्रतिदिन लगभग 1.2 से 1.7 लाख बैरल पेट्रोल का निर्यात करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत अपनी जरूरत का लगभग 80% कच्चा तेल आयात करता है, जिसमें करीब 20% हिस्सेदारी रूस की है। देश में विशाल रिफाइनरी नेटवर्क होने के कारण भारत कच्चे तेल को खुद प्रोसेस कर पेट्रोल और डीजल तैयार करता है, जिससे तैयार ईंधन के आयात पर निर्भरता कम रहती है। भारत रोजाना करीब 56 लाख बैरल कच्चे तेल का रिफाइनिंग करता है, जो न केवल घरेलू मांग को पूरा करता है बल्कि ईंधन के निर्यात में भी योगदान देता है।

हालांकि, इस फैसले का अप्रत्यक्ष प्रभाव भारत पर पड़ सकता है। यदि वैश्विक बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई घटती है, तो कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आ सकती है। पहले से ही भू-राजनीतिक तनाव के कारण तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर बनी हुई हैं। इस बीच, इजराइल-ईरान तनाव के चलते सप्लाई चेन प्रभावित होने पर भारत ने रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदने के सौदे किए हैं। अप्रैल डिलीवरी के लिए लगभग 6 करोड़ बैरल तेल खरीदा गया है। जो रूसी तेल पहले भारत को छूट पर मिलता था, अब उसके लिए 5 से 15 डॉलर प्रति बैरल तक प्रीमियम चुकाना पड़ रहा है। रूस पहले भी घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पेट्रोल और डीजल के निर्यात पर रोक लगा चुका है। पिछले वर्ष भी यूक्रेन संघर्ष के दौरान रिफाइनरियों पर असर पड़ने के कारण ऐसा कदम उठाया गया था।

### चीन-तुर्किये समेत कई देशों पर दबाव

इस फैसले का सबसे ज्यादा असर उन देशों पर पड़ने की संभावना है, जो रूस से तैयार पेट्रोलियम उत्पादों के बड़े आयातक हैं, जिनमें चीन, तुर्किये, ब्राजील, अफ्रीकी देश और सिंगापुर शामिल हैं। इसके विपरीत भारत पर इसका सीधा असर सीमित रहने की संभावना जताई जा रही है, क्योंकि भारत मुख्य रूप से पेट्रोल के बजाय कच्चा तेल (क्रूड ऑयल) आयात करता है।

---


# बिहार को रेलवे की सौगात : अमृत भारत समेत तीन नई ट्रेनों का नियमित संचालन जल्द

निज संवाददाता | पटना

बिहार के रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। भारतीय रेल ने राज्य को तीन नई ट्रेनों की सौगात दी है, जिनमें पटना–अहमदाबाद अमृत भारत एक्सप्रेस, पटना–राजगीर एक्सप्रेस और सहरसा–जमालपुर मेमू ट्रेन शामिल हैं। रेलवे बोर्ड ने इन ट्रेनों के नियमित संचालन को मंजूरी दे दी है, हालांकि इनके परिचालन की तिथि अभी घोषित नहीं की गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही इन ट्रेनों को नियमित रूप से ट्रैक पर उतारा जाएगा।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इन रूटों पर फिलहाल स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा था, लेकिन यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या और बेहतर राजस्व को देखते हुए इन्हें नियमित ट्रेन के रूप में चलाने का निर्णय लिया गया है। इससे बिहार के विभिन्न हिस्सों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलने की संभावना है और यात्रियों को भी अधिक सुविधा मिलेगी। नई ट्रेनों के शुरू होने से बिहार के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा के साथ-साथ क्षेत्रीय आवागमन में भी बड़ी सुविधा मिलने की उम्मीद है। खासकर पटना से गुजरात के लिए सीधी कनेक्टिविटी मजबूत होगी, वहीं राजगीर और सहरसा जैसे क्षेत्रों में दैनिक यात्रा करने वाले लोगों को राहत मिलेगी। रेलवे के इस फैसले से राज्य में व्यापार, पर्यटन और आवागमन को नई गति मिलने की संभावना जताई जा रही है।

### अब घर बैठे मोबाइल से बदलें बोर्डिंग स्टेशन



भारतीय रेल ने टिकटिंग व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए ऐसा नियम लागू करने का निर्णय लिया है, जिससे अब यात्री घर बैठे मोबाइल के जरिए अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे। यह नई सुविधा अप्रैल से लागू होने जा रही है और इससे यात्रियों को अंतिम समय में होने वाली परेशानियों से काफी हद तक राहत मिलेगी। नए नियम के तहत अब यात्री ट्रेन का चार्ट बनने के बाद भी प्रस्थान समय से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग स्टेशन बदल सकेंगे। पहले यह सुविधा सीमित समय तक ही उपलब्ध रहती थी, लेकिन अब इसे अधिक लचीला बना दिया गया है। इससे उन यात्रियों को खास फायदा होगा जिनकी यात्रा योजना अचानक बदल जाती है और उन्हें किसी दूसरे स्टेशन से सफर शुरू करना पड़ता है।

## संक्षिप्त समाचार

### विशेष कैम्प के माध्यम से बुनियाद केन्द्रों पर निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**नवादा।** वरीय उपसमहर्त्ता-सह-प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा,श्री अमरनाथ कुमार द्वारा जानकारी दी गई कि सक्षम एवं राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के संयुक्त तत्वावधान में राज्य के जरूरतमंद लाभुकों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष अभियान दिनांक 23.03.2026 से 30.04.2026 तक राज्य के सभी बुनियाद केन्द्रों पर संचालित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बुनियाद केन्द्र हिसुआ एवं रजौली भी शामिल हैं। शिविर के माध्यम से सभी आयु वर्ग के दृष्टि दोष से ग्रसित लाभुकों की आँखों की स्क्रीनिंग की जा रही है तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें निःशुल्क चश्मा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक जरूरतमंद लाभुकों को दृष्टि सुधार की सुविधा प्रदान करते हुए उन्हें निःशुल्क चश्मा से आच्छादित करना है, ताकि उनके दैनिक जीवन एवं कार्यक्षमता में सुधार हो सके। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने निकटतम बुनियादि केन्द्र (हिसुआ एवं रजौली) पर आयोजित इस विशेष शिविर का लाभ उठाएं तथा अपने परिजनों एवं आसपास के जरूरतमंद लोगों को भी इस संबंध में जानकारी देकर अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करें।

### रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर 29 मार्च को दोपहर 2 बजे से बिजली आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**नवादा।** रामनवमी के अवसर पर 29 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली शोभा यात्रा के मद्देनजर नवादा नगर परिषद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। दोपहर 02:00 बजे से शोभा यात्रा की समाप्ति तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने आवश्यक कार्य पूर्व में ही पूर्ण कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी क्रम में बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवादा प्रमंडल अंतर्गत सभी बिजली बिल काउंटर 29 मार्च 2026 (रविवार) तथा 31 मार्च 2026 (महावीर जयंती) को भी खुले रहेंगे। विदित हो कि मार्च माह में विभिन्न त्योहारों के कारण कई दिनों तक बिजली बिल काउंटर बंद रहने से उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ा था। इसे देखते हुए विद्युत विभाग द्वारा यह विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ता समय पर अपना बिजली बिल जमा कर सकें।

### आवासीय विद्यालय रजौली के छात्र ने इंटरमीडिएट कला संकाय में प्राप्त किए सर्वाधिक अंक



**नवादा।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों के इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में डॉ भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, रजौली (नवादा) के छात्र विपिन कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कला संकाय में 90.40 प्रतिशत अंक हासिल किया है। यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि विभाग द्वारा संचालित राज्य के कुल 91 आवासीय विद्यालयों के सभी संकायों में विपिन कुमार ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए हैं।वहीं, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर मॉडल आवासीय विद्यालय, गायघाट (पटना) की छात्राएं रहीं, जिन्होंने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं विभाग का मान बढ़ाया है।

### गैस उपलब्धता और वितरण को लेकर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने दी जानकारी

**शिवहर।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्त्ता, शिवहर श्री मेधावी द्वारा LPG गैस की आपूर्ति एवं उपलब्धता से सम्बंधित प्रेस विज्ञप्ति निर्गत कर निम्न जानकारी दी गई। जिले में घरेलू उपयोग के लिये रसोई गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है। प्रतिदिन डिमांड के अनुसार गैस सिलेंडर संबंधित कंपनियों के द्वारा सभी गैस एजेन्सी को प्राप्त हो रहा है। शिवहर जिलान्तर्गत कार्यरत सभी 20 गैस एजेन्सी पर संबंधित Oil Company द्वारा निर्बाध गैस उपलब्ध कराया जा रहा है, अनावश्यक भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। शिवहर जिला में खपत के अनुसार प्रतिदिन गैस प्राप्त हो रहा है। गैस वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं के अंतिम गैस सिलेण्डर की डिलेवरी के 25 दिनों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के घरेलू उपभोक्ताओं के अंतिम गैस सिलेंडर की डिलेवरी के 45 दिनों के बाद नए गैस सिलेंडर बुकिंग की अनुमति सरकार द्वारा प्रदान की गयी है। शिवहर जिले की जनता से अपील है कि बुकिंग अवधि के लिये किसी भी अन्य तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं दे, सरकार द्वारा अभी कोई तरह का बदलाव नहीं किया गया है। गैस बुकिंग दर्ज होने के पश्चात् 4-5 दिनों के अन्दर घरेलू गैस सिलेण्डर की आपूर्ति पूर्व की भांति घर पर सुनिश्चित की जा रही है। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि बुकिंग के पश्चात् घर पर ही होम डिलेवरी के द्वारा गैस सिलेण्डर घर पर ही पा सकते है, अतः उपभोक्ताओं को अनावश्यक रूप से गैस एजेंसियों के पास भीड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है।

27 मार्च के समाप्ति तक वर्तमान माह में इस जिले के लगभग 57,758 उपभोक्ताओं द्वारा गैस सिलेडर उठाव कर लिया गया है। लगभग 1800-2000 के आसपास उपभोक्ताओं द्वारा गैस सिलेंडर का उठाव प्रतिदिन किया जा रहा है। तेल एवं प्राकृतिक गैस की उत्पन्न समस्याओं के मद्देनजर आमजन को होने वाली कठिनाईयों के निदान हेतु खाद्य एवं उपभोक्ता सरक्षण विभाग, बिहार, पटना के से प्राप्त निदेश के आलोक में जिलान्तर्गत एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो प्रतिदिन 07.00 बजे पूर्वा0 से 09.00 बजे अपराह्न तक कार्य करेगा। उक्त अवधि में आमजन अपनी समस्याओं या हो रही कठिनाईयों से जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या (1) 06222 257060 एवं (2) 06222 257061 पर अवगत करा सकते है। इस जिला में जिला नियंत्रण कक्ष के सुविधा का लाभ लेने के लिये इस जिले के कोई भी गैस उपभोक्ता अपना शिकायत दर्ज करा सकते है। सभी शिकायतकर्ता से प्राप्त शिकायत को संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी / गैस एजेन्सी पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को तत्क्षण अग्रसारित किया जाता है। जिससे शिकायत का निवारण तुरन्त किया जा सके। जिला प्रशासन, शिवहर द्वारा सभी गैस एजेन्सी के गोदामों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है।

# जिला पदाधिकारी की समीक्षा बैठक में शिक्षा गुणवत्ता सुधार पर जोर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा।** समाहरणालय, नवादा के सभाकक्ष में जिला पदाधिकारी श्री रवि प्रकाश की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 अंतर्गत निपुण भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा की गई।पिछली समीक्षात्मक बैठक में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया था कि कक्षा 01 से 03 तक के बच्चों की पढ़ने, लिखने एवं गणित की बुनियादी क्षमताओं का नियमित आकलन सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि कक्षा 1, 2 एवं 3 के कुल 90,689 बच्चों का आकलन किया गया, जिनमें 75.34 प्रतिशत बच्चे भाषा एवं गणित में निपुण पाए गए। शेष बच्चों को माह जून 2026 तक निपुण बनाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में भूमिहीन विद्यालयों के भवन निर्माण हेतु आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। असैनिक सम्भाग अंतर्गत एसीआर/आर्ट रूम, साइंस रूम, कंप्यूटर रूम, लाइब्रेरी रूम, नए विद्यालय भवन तथा बालक/बालिका शौचालय के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जो भी निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, उन्हें अविलंब पूर्ण किया जाए। साथ ही नवसृजित प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण कार्य में शीघ्र अग्रेतर कार्रवाई करने का आदेश दिया गया।बैठक में बताया गया कि जिले के 21 विद्यालयों का चयन पीएम श्री योजना के अंतर्गत किया गया है, जिन्हें अत्याधुनिक संसाधनों से सुसज्जित किया जाएगा। साथ ही नवादा जिलांतर्गत सभी प्रखंडों में एक-एक (कुल 14) मॉडल स्कूल चिन्हित किया गया है, जहाँ विभाग द्वारा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

इसके अतिरिक्त जिले के 1,624 विद्यालयों में रसोई शेड का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष विद्यालयों में निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। आरटीई के अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए बताया गया कि वर्ष 2026-27 हेतु ज्ञानदीप पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया जारी है। आवेदन के उपरांत 1,949 बच्चों को नामांकन हेतु पात्र पाया गया, जिनमें से 25 मार्च 2026 तक 1,200 बच्चों का नामांकन आवंटित विद्यालयों में हो चुका है।

इस दौरान बताया गया कि जिले में कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों के लिए कुल 2,53,866 पाठ्य पुस्तकें सभी प्रखंड संसाधन केंद्रों को प्राप्त हो चुकी हैं, जिन्हें नए सत्र के प्रारंभ होते ही राज्य सरकार के निर्देशानुसार बच्चों के बीच वितरित किया जाएगा। नेताजी सुभाष चन्द्रबोस आवासीय छात्रावास के अंतर्गत रजौली एवं कौआकोल प्रखंड में छात्रावास संचालित हैं, जहाँ कक्षा 1 से 9 तक के बच्चों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। वर्तमान में मध्य विद्यालय चिरैला, रजौली में 115 एवं बापू इंटर विद्यालय पाण्डेय गंगौट, कौआकोल में 115 छात्र नामांकित हैं। इसी क्रम में APAAR ID निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले के कुल 3,01,130 बच्चों में से दिनांक 25.03.2026 तक 2,70,504 बच्चों का APAAR ID बनाया जा चुका है। शेष बच्चों का APAAR ID शीघ्र बनाने हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। आज की बैठक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन), कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा), सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## रामनवमी के अवसर पर गूंज उठा जय श्री राम का उद्घोष



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव पर शनिवार को दोपहर के बाद नारदीगंज बाजार में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का नेतृत्व आरएएएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक निरंजन कुमार सिंह ने किया। पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार ने कार्यक्रम को फीता काटकर शुरुआत की। यह शोभायात्रा नारदीगंज बाजार स्थित ठाकुरवाड़ी परिसर के समीप से निकाली गई । जो बाजार होते हुए हंडिया मोड़, मसोढ़ा रोड़, पड़रिया मोड़ तक गई। उसके उपरांत मेन रोड होते हुए मिरचायगंज स्थित बजरंगवली मोड़ से होकर हंडिया मोड़ तक पहुंच कर जय श्री राम,भारत माता की आवाज को बुलंद किया। इस शोभा यात्रा में सचिव लड्डू कुमार,कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार बुल्ला, राहुल कुमार सिंह, शशि किंग साहू, रौशन कुमार,आशीष कुमार, दीपू कुमार, सोनू कुमार, विकास कुमार, बंटी कुमार, सोनू कुमार, शिवम, मुगली, पंकज आर्मी, बबलू, अशोक कुमार समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे। जय श्री राम,भारत माता की जय के उद्घोष से सारा वातावरण गूंजता रहा। इस शोभा यात्रा में रथ पर भगवान श्री राम,सीता,लक्ष्मण के अलावा संकट मोचन वीर हनुमान व भारत माता की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। नारदीगंज चौक समेत अन्य स्थानों पर आयोजक मंडल व रायल क्लब नारदीगंज के द्वारा शोभायात्रा में शरीक लोगों के लिए निःशुल्क पेयजल,शर्बत की व्यवस्था की गई थी। इस दौरान बीडीओ सोनिया ढनढननिया,सीओ रईस आलम, थानाध्यक्ष आदित्य कुमार,एसआई अभिषेक कुमार,एएसआई संजय मिश्र समेत अन्य अधिकारी लगातार चौकस दिखे। जगह जगह पर महिला पुलिस भी मुस्तैदी के साथ डटे रहे।

## बाबा दशरथ मांझी जागृति मंच की बैठक में प्रखंड कमेटी का हुआ विस्तार

*सुनील मांझी बनें प्रखण्ड अध्यक्ष,संजू महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष*



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड के सोखोदेवरा पंचायत अंतर्गत पावापुरी गौवरैया महादलित ग्राम में शनिवार को 'पर्वत पुरुष बाबा दशरथ मांझी जागृति मंच' की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बैजनाथ मांझी ने किया। बैठक में समाज के उत्थान और संगठन की मजबूती पर गहन चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रंजन कुमार मांझी,जिला सचिव धर्मेंद्र कुमार मांझी और मंच के संस्थापक कपिल देव मांझी ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बाबा दशरथ मांझी के संकल्पों को घर-घर तक पहुँचाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान संगठन के विस्तार हेतु सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। जिसमें सुनील मांझी को प्रखंड अध्यक्ष,जवाहर मांझी को प्रखंड प्रभारी तथा संजू देवी को महिला प्रकोष्ठ का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में रंजू देवी,पूनम देवी,रीना देवी,सरिता देवी,राजू मांझी,जितेंद्र मांझी,शोभी मांझी,सुरेंद्र मांझी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा और जागरूकता के लिए निरंतर कार्य करने की शपथ ली।

## रजौली में धूमधाम से निकाला गया रामनवमी शोभायात्रा, उमड़ा आस्था का जनसैलाब, हर उम्र के लोगों में दिखा उत्साह

*जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा रजौली,महिलाएं भी रही शामिल,सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम*

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रजौली।** रजौली नगर पंचायत क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से रामनवमी की शोभायात्रा शनिवार की दोपहर को नीचे बाजार स्थित राज शिवालय मंदिर से निकाली गई,जिसका नेतृत्व बाजार निवासी नवीन कुमार कंधवे ने किया। शोभायात्रा राज शिवालय मंदिर से राधा-कृष्णा मोड़,बीच बाजार व संगत होते हुए थाना पहुंची एवं वापस थाना से संगत,ड्योढ़ी,बजरंगबली चौक,बाईपास व पुरानी बस स्टैंड होते वापस राज शिवालय मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में हर उम्र के महिला व पुरुष शामिल रहे एवं ढोल नगाड़ों की धुन पर हाथों में भगवा झंडा लिए थिरकते नजर आए। वहीं श्रद्धालुओं के जय श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय रहा। शोभायात्रा की तैयारी नगरवासी बीते एक सप्ताह से कर रहे थे। शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए बाजार को भी भगवा झंडों



बाल कलाकारों द्वारा निकाली गई झांकी

से पाट दिया गया था। शोभायात्रा के दौरान पूरे बाजार के दुकानदार भाई अपनी-अपनी दुकानों को बंद कर रखे एवं यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में भारत माता एवं राम,लक्ष्मण,सीता और हनुमान की मनमोहक झांकी बाल कलाकारों द्वारा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान कुछ श्रद्धालुओं ने तिरंगा झंडा लेकर लहराते नजर आए। श्रद्धालुओं में भक्ति और देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। वहीं शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नियुक्त मजिस्ट्रेट के देखरेख में कड़ा इंतजाम रहा। चौक-चौराहे एवं संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बलों की तैनाती रही। रजौली थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार के नेतृत्व में पर्याप्त संख्या में महिला और पुरुष पुलिस बल शोभायात्रा के साथ भ्रमणशील रहे। इस मौके पर विधायक विमल राजवंशी, संतोष वर्मा, प्रमोद चंद्रवंशी, पिंटू वर्मा एवं नवादा से आए जितेंद्र कुमार जितु, कैलाश विश्वकर्मा,रूद्र प्रताप सिंह, गुड्डू राय, महंत दयानंद मुनिदास,अरबिंद कुमार,दीपक कुमार मुन्ना,बंटी



शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुगण

सिंह,गौरव शांडिल्य गगन,रंजय सिंह,अरविंद विश्वकर्मा, व्यवसाई संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार,मिट्ठू वर्णवाल,लड्डू लाल समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रामनवमी पर्व-2026 के अवसर पर शोभायात्रा के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु समाहरणालय परिसर से फ्लैग मार्च आयोजित

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नवादा।** रामनवमी पर्व-2026 के अवसर पर दिनांक 29 मार्च 2026 को निकाले जाने वाले शोभायात्रा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने के उद्देश्य से आज जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक, नवादा श्री अभिनव धीमान के संयुक्त नेतृत्व में समाहरणालय, नवादा परिसर से फ्लैग मार्च का शुभारंभ किया गया।

यह फ्लैग मार्च समाहरणालय परिसर से प्रारंभ होकर मेन रोड, अंसार नगर होते हुए मस्तानगंज तक गया। तत्पश्चात मस्तानगंज से सद्भावना चौक, शोभिया, गोंदापुर होते हुए बड़ी दरगाह, भगत सिंह चौक, संकटमोचन सहित अन्य संवेदनशील एवं प्रमुख स्थलों से होकर गुज़रा।फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य आमजनों में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण स्थापित करना तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त संदेश देना था।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि रामनवमी पर्व आपसी भाईचारे, सद्भाव एवं शांति का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस पर्व को आपसी सहयोग एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन करें। साथ ही नगर परिषद, नवादा के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा शोभा यात्रा में लगाए गए झंडे एवं पताकाएं जुलूस समाप्ति के 24 घंटे के भीतर हटाना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शोभायात्रा मार्ग में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से निगरानी की सुदृढ़ व्यवस्था की गई है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

इस फ्लैग मार्च में अपर समाहर्ता, नवादा, अनुमंडल पदाधिकारी नवादा सदर,गोपनीय शाखा प्रभारी एसडीपीओ नवादा सदर, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय),स्थापना प्रभारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, नवादा, प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कौआकोल में चैती दुर्गापूजा के मेला में माता के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र के कौआकोल स्थित दुर्गा मण्डप में चैती दुर्गापूजा के समापन के अवसर पर दशमी तिथि को भारी मेले का आयोजन किया गया। माता दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मेले का मुख्य आकर्षण यहाँ की भव्य प्रतिमा और ग्रामीण परिवेश की रौनक रही। दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से आए लोगों ने सपरिवार मेले का भ्रमण किया। बच्चों ने जहाँ झूलों और खिलौनों का आनंद लिया,वहीं युवाओं और महिलाओं ने मेले में सजे विभिन्न व्यंजनों के स्टालों पर चाट, पकौड़े और जलेबियों का लुत्फ उठाया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी स्थानीय स्तर पर काफी सक्रियता देखी गई। मन्दिर कमिटी के सदस्य भी मेले में काफी सक्रिय दिखें।

# जो विद्यार्थी सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे हैं, वे पूरे मनोयोग एवं अनुशासन के साथ अपनी करें पढ़ाई : जिलाधिकारी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**सीतामढ़ी।** समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में आज मेघा सम्मान–सह– पीसीएस मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी ने अपनी मेहनत और लगन से न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रौशन किया है। यह सफलता आपके निरंतर प्रयास, अनुशासन और आत्म विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आपके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन इसे अंतिम लक्ष्य न मानते हुए आगे की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करें।जिलाधिकारी ने छात्र - छात्राओं को सलाह दी कि वे अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर का चयन करें तथा किसी भी निर्णय में जल्दबाजी न करें। उन्होंने यह भी कहा कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। अतः आप सभी अपने ज्ञान और कौशल का उपयोग समाज के उत्थान और देश के विकास में करें। जिलाधिकारी ने सभी सफल परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें, अपने मूल्यों को न भूलें और हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहें। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें अनुशासन, एकाग्रता और स्पष्ट लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे हैं, वे पूरे मनोयोग एवं अनुशासन के साथ





अपनी पढ़ाई करें।

जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को प्रारंभिक अवस्था से ही लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह देते हुए कहा कि नौवीं कक्षा से ही अपने जीवन का उद्देश्य तय कर लें और उसी दिशा में निरंतर प्रयास करें। उन्होंने भेड़–चाल से बचने की नसीहत देते हुए कहा कि बिना सोचे-समझे दूसरों का अनुसरण करने के बजाय अपनी क्षमता और रुचि के अनुसार मार्ग चुनना चाहिए। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संदर्भ में कहा कि किसी भी परीक्षा को सफलता पूर्वक उत्तीर्ण करने के लिए उसके पाठ्यक्रम की रूपरेखा को भलीभांति समझना और उसे आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है। सेल्फ डिसिप्लिन, सेल्फ स्टडी और क्लियर माइंड सफलता की कुंजी है। उन्होंने जोर देते हुए कहा।

जिलाधिकारी ने आगे कहा कि एकाग्रता और धैर्य के बिना सफलता संभव नहीं है। विद्यार्थियों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि वे किसी भी प्रकार के अनावश्यक दबाव में कार्य न करें, बल्कि समय का सदुपयोग करते हुए सुनियोजित रणनीति के साथ अपनी तैयारी को आगे बढ़ाएं। पुख्ता रणनीति बनाकर ही लक्ष्य की ओर बढ़ें, तभी सफलता सुनिश्चित होगी। उन्होंने यह भी कहा कि सफलता केवल सिविल सर्विसेज तक सीमित नहीं है, बल्कि किसी भी क्षेत्र में प्राप्त की गई उपलब्धि समान रूप से महत्वपूर्ण होती है। इसलिए विद्यार्थियों को अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक ने भी सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि सिविल सर्विसेज जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं होती, बल्कि इसके लिए मजबूत मानसिकता, अनुशासन और निरंतरता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप जिस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं, उसमें धैर्य और आत्मविश्वास सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने आगे कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान कई बार असफलताएं भी मिलती हैं, लेकिन उससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है और अगली सफलता के लिए तैयार करती है। पुलिस अधीक्षक ने समय प्रबंधन को सफलता की कुंजी बताते हुए विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने दैनिक अध्ययन के लिए एक निश्चित दिनचर्या बनाएं और उसका सख्ती से पालन करें। कार्यक्रम में इंटरमीडिएट में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया है। साथ ही उनके अभिभावक गण को भी कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। जिलाधिकारी के प्रेरणादायक संबोधन से उपस्थित छात्र-छात्राओं को नई ऊर्जा एवं दिशा प्राप्त हुई। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन बृज किशोर पांडेय, जिला कल्याणपुर अधिकारी सुभाष चंद्र राजकुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राघवेंद्र मणि त्रिपाठी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री ऋषभ, डीपीओ कुमार सौरभ, डीपीआरओ कमल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नालंदा में गैस सिलेंडर के विवाद में झड़प, साइबर कैफे में घुसकर जमकर तोड़फोड़



**नालंदा।** नालंदा के थरथरी बाजार में दिनदहाड़े बदमाशों ने जमकर उत्पात मचाया। 10 बदमाशों ने साइबर कैफे में जमकर तोड़फोड़ की है। दहशत फैलाने के लिए पांच राउंड हवाई फायरिंग भी की है। संचालक ने काउंटर के नीचे छिपकर अपनी जान बचाई। गोली की आवाज सुनते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

**गैस सिलेंडर को लेकर रंजिशः** घटना के पीछे का मुख्य कारण कुछ दिन पहले हुआ विवाद बताया जा रहा है। थाना प्रभारी साजिद अख्तर ने बताया कि 4-5 दिन पहले भारत गैस एजेंसी के पास सिलेंडर लेने के दौरान कैफे संचालक और कुछ युवकों के बीच कहासुनी हुई थी। शनिवार को जब बदमाशों ने पीड़ित को दुकान पर देखा, तो वे लाठी-डंडों और हथियारों के साथ वहां धावा बोल दिया।

**'मार दो इसे' चिल्ला रहे थे हमलावरः** पीड़ित दुकानदार हरे राम कुमार ने बताया कि अपने दोस्त रॉकी और रोहित के साथ दुकान पर मौजूद था। 10 लोग अचानक पहुंचे और बिना कुछ पूछे सामान तहस-नहस करना शुरू कर दिया। मुझ पर डंडों से हमला किया। एक लड़के ने मेरी ओर इशारा करते हुए कहा कि 'ये भी था'। जिसके बाद चिल्लाने लगे कि इसे गोली मार दो। मैं जान बचाने के लिए काउंटर के नीचे छिप गया। भागते समय चार-पांच राउंड फायरिंग की है।

**50 हजार की संपत्ति का नुकसानः** हमलावरों ने दुकान के अंदर रखे कंप्यूटर, प्रिंटर और अन्य कीमती उपकरणों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। संचालक ने बताया कि इस हमले में करीब 50 हजार रुपए से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। मारपीट में कुछ युवकों को हल्की चोटें भी आई हैं।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही टीमः** सूचना मिलते ही थरथरी थानाध्यक्ष साजिद अख्तर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पास में स्थित बिहार ग्रामीण बैंक के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### मर्डर केस के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस पर पथराव, नालंदा में 3 एसआई घायल, 4 बदमाश गिरफ्तार

**नालंदा।** नालंदा के बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत टिकुली पर मोहल्ले में कल रात एक हत्यारोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर परिजनों ने हमला कर दिया। इस रोड़ेबाजी में एसआई (SI) रैंक के तीन पुलिस पदाधिकारी जख्मी हो गए हैं। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी, उसकी पत्नी और दो बच्चों को गिरफ्तार कर लिया है। बिहार थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि मामला साल 1999 का है। गुजरात में बिहार थाना क्षेत्र के टिकुली पर निवासी राजेश कुमार उर्फ गोरेलाल ने आपसी विवाद में इंद्रदेव महतो नाम के व्यक्ति की चाकू गोदकर हत्या कर दी थी। इसी पुराने मामले में गुजरात पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में बिहारशरीफ पहुंची थी।

**पुलिस टीम पर पथरावः** देर रात जब बिहार थाना पुलिस और गुजरात पुलिस की संयुक्त टीम आरोपी के घर दबिश देने पहुंची, तो आरोपी के परिवार वालों ने गिरफ्तारी का विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते आरोपी की पत्नी माया देवी, बेटी आरती कुमारी और पुत्र बॉबी कुमार ने पुलिस टीम पर पथराव (रोड़ेबाजी) शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले में तीन सब-इंस्पेक्टर घायल हो गए।

**थानाध्यक्ष बोले- एफआईआर दर्ज हुआः** हमले के बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए घेराबंदी की और मुख्य आरोपी राजेश कुमार के साथ-साथ हमला करने वाले उसके तीनों परिजनों को भी गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में बिहार थाना में अलग से प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुख्य आरोपी को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गुजरात पुलिस अपने साथ ले गई है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहली बार आएंगी नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर में ज्ञान का महाकुंभ

**नालंदा।** प्राचीन भारत के गौरव और ज्ञान के वैश्विक प्रतीक नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार की यात्रा में 31 मार्च, 2026 का दिन एक नया इतिहास रचने जा रहा है। विश्वविद्यालय के राजगीर स्थित नवनिर्मित स्थायी परिसर में आयोजित होने वाले द्वितीय दीक्षांत समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। राष्ट्रपति के तौर पर राजगीर और इस ऐतिहासिक विश्वविद्यालय का यह उनका पहला दौरा होगा। यह दीक्षांत समारोह कई मायनों में अभूतपूर्व होने वाला है। जून 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित भव्य स्थायी परिसर में आयोजित होने वाला यह पहला दीक्षांत समारोह है। इससे पूर्व, विश्वविद्यालय के पुनरुद्धार के बाद पहला दीक्षांत समारोह वर्ष 2016 में आयोजित किया गया था, जिसके नौ वर्षों के लंबे अंतराल के बाद अब यह भव्य आयोजन होने जा रहा है। समारोह की गरिमा बढ़ाने के लिए बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेवानिवृत्त), मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और विदेश मंत्रालय में सचिव (ईस्ट) पेरियासामी कुमारन भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू विश्वविद्यालय के नवनिर्मित अत्याधुनिक सभागार 'विश्वमित्रालय' का औपचारिक उद्घाटन करेंगी। 2000 सीटों की क्षमता वाला यह सभागार विश्वविद्यालय की वैश्विक गतिविधियों का नया केंद्र बनेगा। इसके साथ ही, राष्ट्रपति विश्वविद्यालय के वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई विशेष पत्रिका 'मंजिरी' का विमोचन भी करेंगी। यह पत्रिका पहले बैच से लेकर अब तक के पूर्व छात्रों (एल्युमिनाई) की उपलब्धियों और उनके अनुभवों का एक संग्रह है। नालंदा की वैश्विक शैक्षणिक प्रतिष्ठा की झलक इस समारोह में स्पष्ट रूप से दिखाई देगी। कार्यक्रम के दौरान अर्जेंटीना, वियतनाम, भूटान, इंडोनेशिया, केन्या, लाओस, म्यांमार, सर्बिया, घाना, थाईलैंड, नेपाल, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे जैसे 13 देशों के छात्र अपनी डिग्री प्राप्त करेंगे। राष्ट्रपति के हाथों 10 पीएचडी धारकों और 36 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। समारोह के उत्तरार्ध में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि विश्वविद्यालय के खाते में जुड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन के दौरान घोषित 'दक्षिण-पूर्व एशियाई अध्ययन केंद्र' का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। यह केंद्र भारत के 'एक्ट ईस्ट' नीति को शैक्षणिक मजबूती प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से छात्रों के परिजन और गणमान्य अतिथि राजगीर पहुंच रहे हैं।

### गया सड़क हादसे में पीर बीघा निवासी की मौत, टेंपो से जाते समय एक्सीडेंट, परिजनों ने की मुआवजे की मांग

**गया।** गया शहर के चंदौती थाना क्षेत्र अंतर्गत पीर बीघा निवासी रामबाबू प्रजापति की आज एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वे रोज की तरह भाड़ा लेकर टेंपो चलाते हुए वजीरगंज की ओर जा रहे थे। यह घटना बैरिया के पास हुई, जहां उनकी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। रामबाबू प्रजापति, ग्राम पीर बीघा के डॉक्टर राजाराम प्रजापति के इकलौते बेटे थे। मृतक अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। वे टेंपो चलाकर ही अपनी पत्नी और तीन बच्चों (दो बेटे और एक बेटी) का भरण-पोषण करते थे। रामबाबू के असामयिक निधन से उनका परिवार गहरे संकट में आ गया है। उनकी पत्नी ने बच्चों के भविष्य और पालन-पोषण को लेकर चिंता जताई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और समाज के लोग मृतक के घर पहुंचे। बिहार कुमार प्रजापति समन्वय समिति, जिला गया के अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार अजय और सचिव विनोद कुमार जया सहित सैकड़ों प्रजापति समाज के सदस्यों ने परिवार से मुलाकात की। सभी उपस्थित लोगों ने सरकार से मांग की है कि मृतक के आश्रितों को उचित मुआवजा, सरकारी सहायता और बच्चों के भविष्य के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मामले में कार्रवाई कर पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करने की अपील की है।

# गयाजी में एलपीजी आपूर्ति पर प्रशासन सख्त 5 सिलेंडर जब्त, कमर्शियल उपयोग पर रोक

## स्थिति सुधारने के प्रयास जारी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गया।** गया शहर के कलेक्ट्रेट सभागार में आज जिला आपूर्ति पदाधिकारी अशोक चौधरी ने एलपीजी गैस आपूर्ति की स्थिति पर एक प्रेस वार्ता आयोजित की। इस दौरान उन्होंने जिले में गैस की वर्तमान स्थिति, उपभोक्ताओं की समस्याओं और प्रशासन की ओर से उठाए जा रहे ठोस कदमों की विस्तृत जानकारी दी। प्रेस वार्ता में बताया गया कि हाल के दिनों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गैस आपूर्ति प्रभावित होने के कारण जिले में एलपीजी की कमी की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। हालांकि, अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है और आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

**गैस की डिलीवरी दैनिक मांग से अधिकः** जिले में कुल करीब 8 लाख से अधिक उपभोक्ता हैं, जिनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए विभिन्न तेल कंपनियों के माध्यम से गैस उपलब्ध कराई जा रही है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में प्रतिदिन गैस की डिलीवरी, दैनिक मांग से अधिक की जा रही है, जिससे लंबित बुकिंग को कम करने में मदद मिल रही है। इसके बावजूद, अभी भी कुछ उपभोक्ताओं को गैस मिलने में 10 से 15 दिनों का समय लग रहा है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपूर्ति व्यवस्था को पूरी तरह सामान्य करने की दिशा में काम तेजी से चल रहा है।

**50 शिकायतों में से 28 का समाधानः** शिकायतों के निवारण के लिए जिला स्तर पर एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जहां उपभोक्ता अपनी समस्याएं दर्ज करा सकते हैं। प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में प्राप्त 50 शिकायतों में से 28 का समाधान कर दिया गया है, जबकि शेष पर काम जारी है। इसके अलावा, आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी के लिए लगातार निरीक्षण भी किए जा रहे हैं। प्रशासन ने कालाबाजारी और घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर भी सख्ती दिखाई है। विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर अवैध रूप से उपयोग किए जा रहे सिलेंडरों को जब्त किया गया है। गैस की कालाबाजारी जमाखोरी और व्यावसायिक स्थलों पर घरेलू गैस का उपयोग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई उपनगर आयुक्त नगर निगम करपालक डंडा अधिकारी सदर सहायक जिला पूर्ति पदाधिकारी शेरघाटी और सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर की ओर से जांच के रूप में प्राधिकृत किया गया है।



**दोषियों के कार्रवाई आ आदेशः** अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इस तरह की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। अंत में, अशोक चौधरी ने कहा कि जिला प्रशासन उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले दिनों में स्थिति और बेहतर होगी तथा गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य हो जाएगी।

**पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणन को लेकर प्रशासन सख्तः** पेंशनधारियों के जीवन प्रमाणन को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है और इसको लेकर समाहरणालय सभा कक्ष में प्रेस वार्ता की गई। अधिकारियों की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, वृद्ध एवं दिव्यांग पेंशनधारियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। बताया गया है कि कई पेंशनधारियों का फिंगरप्रिंट के माध्यम से जीवन प्रमाणन नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में अब उन्हें आईरिस (आंख के स्कैन) के जरिए जीवन प्रमाणन कराने की सुविधा दी जाएगी। यदि इसके बावजूद भी समस्या बनी रहती है, तो संबंधित पेंशनधारियों को आधार केंद्र पर जाकर अपना बायोमेट्रिक अपडेट कराने के लिए कहा गया है। प्रशासन ने विशेष रूप से अति वृद्ध और दिव्यांग (बेडरिडन) पेंशनधारियों पर ध्यान देने को कहा है, जो स्वयं कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) तक पहुंचने में असमर्थ हैं। ऐसे लाभार्थियों के लिए उनके घर पर जाकर जीवन प्रमाणन कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# अखिल भारतीय बास्केटबॉल टूर्नामेंटः मेरठ में गयाजी सेंट्रल यूनिवर्सिटी के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

## बालिका और बालक टीम ने नॉकआउट में जगह बनाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी।** यूपी के मेरठ स्थित स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय में आयोजित 3×3 अखिल भारतीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट में साउथ बिहार सेंट्रल यूनिवर्सिटी गयाजी के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालक और बालिका टीम ने पूल चरण पार कर नॉकआउट में जगह बनाई। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। शुरुआती मुकाबलों में ही टीम ने आक्रामक खेल दिखाया। तेज पासिंग, मजबूत डिफेंस और सटीक शूटिंग से विरोधियों पर दबाव बनाया। हर मैच में खिलाड़ियों का आत्मविश्वास साफ दिखा। टीम ने संघर्ष करते हुए कई कड़े मुकाबले जीते और अगले दौर में जगह बनाई।



**फिटनेस और रणनीति पर फोकसः** बालिका वर्ग में आंचल भारती, रिया पाठक, तनु पांडे और सुमन कुमारी ने दमदार खेल दिखाया। कोर्ट पर उनकी तालमेल और ऊर्जा ने दर्शकों को प्रभावित किया। वहीं, बालक वर्ग में अभिषेक मिश्रा, अंकित ओझा, प्रतीक और कुमार शानू ने शानदार प्रदर्शन किया। इन खिलाड़ियों ने अपनी तेजी और रणनीति से टीम को आगे बढ़ाया। टीम की इस सफलता के पीछे कोच दीक्षा कनौजिया की अहम भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने लगातार अभ्यास किया। फिटनेस और रणनीति पर खास ध्यान दिया गया। इसी का नतीजा है कि टीम बड़े मंच पर खुद को बेहतर साबित कर पाई।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने इस प्रदर्शन पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि पूरे विश्वविद्यालय के लिए प्रेरणा है। खिलाड़ियों ने अपने खेल से सीयूएसबी का नाम रोशन किया है।

**शानदार प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों की दी बधाईः** जनसंपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि टीम का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है। आने वाले मैचों में भी खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। गेम्स एंड स्पोर्ट्स कमेटी के चेयरमैन डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. जितेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. गौरव कुमार सिंह समेत कई शिक्षकों ने टीम को बधाई दी। टीम अब अगले मुकाबलों की तैयारी में जुट गई है। खिलाड़ियों का लक्ष्य साफ है, हर हाल में खिताब जीतना है। जिस आत्मविश्वास और लय में टीम खेल रही है, उससे उम्मीद है कि सीयूएसबी आने वाले दौर में और बड़ी सफलता हासिल करेगा।

# लुधियाना-जालंधर की तर्ज पर अब नूरसराय बनेगा 'एग्रीकल्चर हब'



♦ इंजीनियरिंग के छात्र मशीनों की डिजाइनिंग करेंगे, जीविका दीदियों के पास कस्टम हायरिंग सेंटर की कमान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा जिले का नूरसराय अब पंजाब के लुधियाना-जालंधर की तरह कृषि यंत्रों के एक बड़े 'प्रोडक्शन हब' के रूप में अपनी पहचान बनाने को तैयार है। जिला प्रशासन की अनूठी पहल के बाद अब आधुनिक खेती की भारी मशीनों के डिजाइन के लिए स्थानीय निर्माताओं को दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना होगा। चंडी इंजीनियरिंग कॉलेज और जिले के पांच आईटीआई के युवा इंजीनियर अपने अद्यतन सॉफ्टवेयर और नई सोच से इन मशीनों की डिजाइन तैयार करेंगे।

**इंजीनियरों और निर्माताओं के बीच हुआ करारः** जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि नूरसराय में पहले से ही बेहतरीन कृषि यंत्र बनाए जा रहे हैं, लेकिन डिजाइनिंग के स्तर पर कुछ तकनीकी कमियां थीं। इसके समाधान के लिए प्रशासन ने चंडी इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों और आईटीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का समन्वय स्थानीय निर्माताओं के साथ कराया है। अब जो जटिल तकनीकी काम पहले बाहरी राज्यों में होता था, उसे जिले के ही युवा इंजीनियर अंजाम दे रहे हैं। इससे न केवल लागत कम होगी, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं को भी बड़ा मंच मिलेगा।

**नूरसराय में बन रही 'ट्री ट्रांसप्लांटर' जैसी भारी मशीनेंः** नूरसराय की निर्माण इकाइयों में अब सामान्य उपकरणों के अलावा 'ट्री ट्रांसप्लांटर' (पेड़ों को जड़ समेत विस्थापित करने वाली मशीन) और 'स्ट्रॉ रीपर' जैसी भारी मशीनों का निर्माण शुरू हो गया है। हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'समृद्धि यात्रा' के दौरान इन आधुनिक उपकरणों का शानदार प्रदर्शन किया गया, जिसे विशेषज्ञों ने काफी सराहा है।

**जीविका दीदियों के हाथ में होगी कस्टम हायरिंग सेंटर की कमानः** कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत नूरसराय के 'विशाल जीविका विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड' को कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए समिति को 2 लाख 91 हजार रुपये का चेक भी प्रदान किया है। इस केंद्र के माध्यम से किसानों को कम किराए पर आधुनिक मशीनें उपलब्ध होंगी। जिलाधिकारी के अनुसार, इस पहल का दोहरा लाभ होगा। एक तरफ किसानों की लागत घटेगी, वहीं दूसरी ओर जीविका से जुड़ी महिलाओं की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

**आत्मनिर्भरता की ओर कदमः** प्रशासन का लक्ष्य नालंदा को कृषि यंत्रों के उत्पादन में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाना है। स्थानीय स्तर पर डिजाइनिंग और प्रोडक्शन शुरू होने से न केवल लुधियाना-जालंधर पर निर्भरता खत्म होगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।

# 14 साल के बेटे ने जवान को दी मुखाग्नि, पार्थिव शरीर से लिपटकर रोई पत्नी, छतों से फूल बरसे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** नालंदा के आर्मी जवान सुमन कुमार सिंह उर्फ पंकज (45) की लंबी बीमारी के बाद मौत हो गई। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया है। 14 साल के बेटे अंश ने पिता को मुखाग्नि दी। इससे पहले शुक्रवार रात जेसीओ सुमन कुमार सिंह की बॉडी उनके गांव मोकरमपुर मिर्चायगंज पहुंची। सुमन कुमार लद्दाख में पोस्टेड थे। पार्थिव शरीर जैसे ही गांव पहुंचा 'शहीद सुमन कुमार अमर रहे' और 'भारत माता की जय' के नारे लगे। पत्नी पार्थिव शरीर से लिपटकर रो पड़ी। बच्चे पिता की बॉडी को एकटक निहारते रहे। अंतिम संस्कार में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार भी शामिल हुए। उन्होंने जवान को श्रद्धांजलि दी। करीब 1 महीने से लखनऊ के अस्पताल में सुमन कुमार का इलाज चल रहा था। वो ब्लड कैंसर और पीलिया से पीड़ित थे। अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।







**बर्फ में दबने से बिगड़ी थी तबीयतः** परिवार ने बताया कि सुमन कुमार सिंह लद्दाख में ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद सेना के बचाव दल ने उन्हें आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद 27 मार्च को उन्होंने दम तोड़ दिया।

शहीद सुमन कुमार सिंह अपने परिवार के स्तंभ थे। दो भाइयों में बड़े थे। उनके छोटे भाई भी CISF में कार्यरत हैं। शहीद अपने पीछे पत्नी और दो बेटियों को छोड़ गए हैं। उनकी बड़ी बेटी (17) इंटर और छोटी बेटी मैट्रिक (16) की स्टूडेंट है, 2 बेटे (13-14) भी हैं। पिता की शहादत की खबर सुनकर बच्चों का बुरा हाल है।

# टैक्स चोरी करने पर होगी कार्रवाई, बिना होल्डिंग वाले मकानों का होगा सर्वे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नालन्दा।** बिहार शरीफ नगर निगम कार्यालय में आज महापौर अनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए वार्षिक बजट को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। इस बैठक में उप महापौर आईशा शाहीन, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक और उप नगर आयुक्त शम्स रजा सहित सभी पार्षद और नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रस्तुत किए गए बजट के अनुसार, नगर निगम के पास पिछले शेष और इस साल की अनुमानित आय को मिलाकर कुल 4,24,68,72,568 रुपये उपलब्ध होने का अनुमान है,







जिसमें से 2,06,87,45,000 रुपये शहर के विभिन्न विकास कार्यों और प्रशासनिक मदों पर खर्च किए जाएंगे। बजट के अंत में 2,17,81,27,568 रुपये का लाभ (अंतिम शेष) रहने की संभावना जताई गई है। शहर के राजस्व में वृद्धि के लिए बोर्ड ने कई कड़े और सुधारात्मक कदम उठाने का निर्णय लिया है। इसके तहत वैसे मकानों का सर्वे कराया जाएगा जिन्होंने अब तक होल्डिंग टैक्स की अदायगी नहीं की है, ताकि उनका होल्डिंग निर्धारण कर टैक्स की वसूली सुनिश्चित की जा सके। साथ ही ट्रेड लाइसेंस की शत-प्रतिशत वसूली और यत्र-तत्र कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध दंडात्मक शुल्क लगाने का भी फैसला लिया गया है।

**समय पर भुगतान करने का निर्देश अधिकारियों को दियाः** जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बिना किसी विलंब के निर्गत करने और कबीर अंत्येष्टि योजना का फायदा समय पर भुगतान करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है। नगर निगम ने इस बार युवाओं और मेधावी छात्रों के लिए भी पिटारा खोला है। बजट में यह विशेष प्रावधान किया गया है कि शहर के सभी वार्डों में क्रिकेट और बैडमिंटन के टूर्नामेंट आयोजित कराए जाएंगे और मेधावी छात्र-छात्राओं को निगम कार्यालय की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

**पॉलिसी बनाकर आने वाले बैठक में रखने का निर्णयः** इसके अलावा, शवदाह गृह के सुचारू संचालन के लिए एक नई पॉलिसी बनाकर आने वाले बैठक में रखने का निर्णय लिया गया है। असर्वेक्षित भूमि पर सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास और स्वच्छ भारत मिशन का फायदा दिलाने के लिए सरकार से आवश्यक मार्गदर्शन की मांग भी की जाएगी। अंत में सभी सदस्यों ने ध्वनिमत से इस बजट को अपनी स्वीकृति प्रदान की, जिसके बाद महापौर ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की।

## संक्षिप्त समाचार


### एसी 24 डिग्री पर रखने से उपभोक्ताओं को बड़ा फायदा : विद्युत अधीक्षण अभियंता

**सासाराम/ रोहतास।** गर्मी के मौसम के आगमन के साथ जिले में बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने एयर कंडीशनर (एसी) को 24 डिग्री सेल्सियस पर ही संचालित करें, जिससे न सिर्फ बिजली की बचत होगी बल्कि उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से भी काफी लाभ मिलेगा। विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया कि अधिकांश लोग अधिक ठंडक पाने के लिए एसी को 18 से 20 डिग्री पर चला देते हैं, जिससे बिजली की खपत तेजी से बढ़ती है और बिल भी अधिक आता है। वहीं, 24 डिग्री पर एसी चलाने से 20 से 30 प्रतिशत तक बिजली की बचत संभव है, जिससे उपभोक्ताओं का मासिक बिजली बिल काफी कम हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, 24 डिग्री तापमान न केवल शरीर के लिए अनुकूल होता है बल्कि इससे एसी पर अनावश्यक दबाव भी कम पड़ता है, जिससे उसकी लाइफ बढ़ती है और मेंटेनेंस खर्च भी घटता है। यानी एक छोटा सा बदलाव उपभोक्ताओं को लंबे समय में बड़ा फायदा पहुंचा सकता है। विभाग ने यह भी बताया कि अगर अधिक से अधिक लोग इस सलाह को अपनाते हैं, तो पीक आवर्स में बिजली की मांग नियंत्रित रहेगी, जिससे बार-बार ट्रिपिंग, लो वोल्टेज और अनावश्यक कटौती जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी। इसका सीधा लाभ आम उपभोक्ताओं को निर्बाध और बेहतर बिजली आपूर्ति के रूप में मिलेगा। इसके अलावा, विभाग ने कुछ आसान उपाय भी बताए हैं। जैसे एसी की नियमित सर्विसिंग कराना, कमरों को अच्छी तरह बंद रखना, उपयोग में नहीं होने वाले उपकरणों को बंद करना और एसी के साथ पंखे का इस्तेमाल करना। इन उपायों से कम बिजली खर्च में बेहतर कूलिंग मिलती है। विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे ऊर्जा संरक्षण को अपनी आदत बनाएं। छोटे-छोटे प्रयास न केवल जेब पर भार कम करेंगे बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### संत एस एन ग्लोबल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम किया गया घोषित

**बिक्रमगंज / रोहतासः** शनिवार को बिक्रमगंज नगर के डुमरांव रोड स्थित संत एस एन ग्लोबल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया । परिणाम जारी होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया । छात्र-छात्राएं अपने-अपने परिणाम को लेकर उत्साहित दिखे,वहीं अभिभावकों के चेहरों पर भी संतोष और गर्व साफ झलक रहा था । विद्यालय परिसर में बच्चों की भीड़,एक-दूसरे को बधाई देते हुए छात्र और शिक्षकों से आशीर्वाद लेते अभिभावक इन सबने माहौल को उत्सव में बदल दिया । कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया, जिससे पूरे स्कूल परिवार में हर्ष का वातावरण रहा । विद्यालय के निदेशक प्रकाश आनंद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रिजल्ट सिर्फ अंकों का नहीं,बल्कि आपकी मेहनत,लगन और आत्मविश्वास का आईना होता है । जीवन में वही आगे बढ़ता है जो हर परिस्थिति में सीखता रहता है और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहता है । असफलता से डरने की नहीं,बल्कि उससे सीखकर और मजबूत बनने की जरूरत है । निदेशक प्रकाश आनंद ने विद्यालय के कक्षा नौवीं के छात्र शुभराज पांडेय को रिजल्ट देते हुए आगे बढ़ने का टिप्स दिए । वहीं प्राचार्या पूनम राय ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हर बच्चे में अपार संभावनाएं छिपी होती हैं । जरूरत है सही दिशा,समय प्रबंधन और नियमित अभ्यास की । जो विद्यार्थी आज से ही अपने लक्ष्य तय कर मेहनत शुरू कर देते हैं,वही कल शिक्षा के क्षेत्र में ऊंचे मुकाम हासिल करते हैं । विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष परीक्षा परिणाम बेहद संतोषजनक रहा और अधिकांश विद्यार्थियों ने बेहतर अंक प्राप्त किए । कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने भी बच्चों को निरंतर अध्ययन,अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी । पूरे आयोजन ने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा का संचार किया और उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया । इस तरह संत एस एन ग्लोबल स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम न केवल विद्यार्थियों के लिए उपलब्धि का क्षण बना,बल्कि उन्हें भविष्य में सफलता के नए आयाम छूने के लिए प्रेरित भी कर गया ।

### पेड़ से लटका मिला अज्ञात शव, जलाने की कोशिश — इलाके में दहशत



**सासाराम (रोहतास)।** शनिवार को दरिगांव थाना क्षेत्र के माझरकुंड के समीप एक पेड़ से लटका हुआ अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। स्थानीय लोगों ने सुबह शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही दरिगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया शव को पहचान छिपाने के उद्देश्य से पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया गया है, जिससे मामला संदिग्ध हो गया है। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि, "मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और सभी पहलुओं पर जांच जारी है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।" पुलिस ने आसपास के इलाके में छानबीन तेज कर दी है और संभावित साक्ष्यों को जुटाया जा रहा है।

मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष बताई जा रही है। उसका शरीर सुडौल है तथा लंबाई करीब 5 फीट 8 इंच है। शव के अधिक समय तक पड़े रहने के कारण बॉडी डिकंपोज हो चुकी है, जिससे चेहरे की पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही है। दरिगांव थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि शव की पहचान के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थानों को सूचना दे दी गई है और गुमशुदगी के मामलों का मिलान किया जा रहा है। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों एवं आम जनता से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के लापता होने की सूचना हो या इस हुलिया से कोई मेल खाता हो, तो तुरंत दरिगांव थाना को सूचित करें। विशेष रूप से बिहार एवं झारखंड के रोहतास जिले या आसपास के किसी भी थाना क्षेत्र में यदि इस संबंध में कोई जानकारी मिलती है, तो दरिगांव थाना से संपर्क करने का अनुरोध किया गया है। पुलिस के अनुसार, आमजन के सहयोग से ही मृतक की पहचान संभव हो पाएगी और मामले की आगे की जांच तेज की जाएगी।

### कटिहार रेल मंडल में चला विशेष टिकट जांच अभियान 316 मामलों में 1.75 लाख से अधिक जुर्माना



**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल के अंतर्गत कटिहार स्टेशन एवं मनिहारी टर्मिनल पर शनिवार को विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व मंडल वाणिज्य प्रबंधक संगीता मीणा एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक निशांत कुमार ने किया। मिली जानकारी के अनुसार इस सघन जांच के दौरान 316 मामलों का निपटारा करते हुए कुल 1,75,560 का राजस्व वसूला गया। अभियान में 22 टीटीई और आरपीएफ के जवानों की सक्रिय भागीदारी रही। रेल प्रशासन ने यात्रियों से वैध टिकट के साथ यात्रा करने की अपील करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि व्यवस्था में अनुशासन और पारदर्शिता बनी रहे। रेल प्रशासन द्वारा चलाए गए इस टिकट चेकिंग अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा एवं राजस्व हानि पर रोक लगाना था। इस टिकट चेकिंग में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के साथ दर्जनों वाणिज्य कर्मी एवं आरपीएफ की संयुक्त टीम ने विभिन्न ट्रेनों और प्लेटफार्मों पर सघन जांच कीये। जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# जन्मोत्सव पर भगवान रामचन्द्र जी के भक्तों ने निकला जुलूस

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**राजपुर।** भगवान राम जन्मोत्सव रामनवमी का त्यौहार शुक्रवार को क्षेत्र अन्तर्गत धूमधाम से मनाया गया.इस अवसर पर हिन्दू समुदाय के श्रद्धालुओं ने शाम तीन बजे बाजार के बकस बाबा प्रांगण से एक भव्य शोभायात्रा का जुलूस निकाला. जिसमें आस-पडोस गांव एवं बजार के धार्मिक,सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा प्रतिनिधियों ने भाग लिया.जुलूस का नेतृत्व पंचायत के मुखिया रंजू देवी के समाजसेवी पति सतिश सिंह,पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ गुप्ता,राजपुर प्रमुख कुन्ती देवी के समाजसेवी बेटा अभिषेक तिवारी,पूर्व पैक्स अध्यक्ष उम्मीदवार मनोज सिंह यादव, शनि वर्मा समेत अन्य लोगों ने किया.

जुलूस में शामिल हजारों लोग पारंपरिक साजो सामान ध्वज आदी लिये जय श्री राम-जय श्री राम व भगवान राम के अन्य कई नामों को पुकारते,नाचते झुमते मगन हो शामिल हुए.इस दौरान राम जानकी,राधा कृष्ण,अशोक वाटिका,गुफा में तपस्यारत शिव जी समेत अन्य कई मनमोहक झांकी भी साथ ले लोगों ने बकस बाबा प्रांगण से चलकर समुचे बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए आस-पड़ोस के क्षेत्रों तक गये.

मौके पर सहायक थानाध्यक्ष कुन्दन कुमार, अमरेंद्र सिंह एवं आशा कुमारी के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहे. रामनवमी के त्योहार को ले पकड़ी बरदराज कुटिया के महंत सूर्यकांताचार्य जी,भगवान जगन्नाथ जी मठ के महंत सुदर्शनाचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान राम के चरित्र से मानव जाति को सीख लेने की जरूरत है.एक पुरुष का चरित्र भगवान राम की तरह हीं होना चाहिए. मौके पर सुमेश्वर सिंह यादव,जैकी बबुआन,बिरजू सिंह, शनि, अनिल सिंह, चन्दन सेठ,नथुनी साह, राजू गुप्ता, रंजन चौधरी गणेश प्रसाद,सुन्दरम कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे.

## नहर में मिला नर कंकाल, एफ एस एल की टीम ने किया निरीक्षण



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज / रोहतास।** थाना क्षेत्र के धावां नहर पुल के पास नहर में मानव कंकाल मिलने से लोगों में हड़कंप मच गया है। लोग तरह तरह की चर्चा शुरू कर दिये है, वहीं इसकी सूचना पाकर एफ एस एल की टीम पुलिस प्रशासन के साथ वहां पहुंच कर छानबीन की। बताया कि यह कंकाल बहुत पूरानी है। आपको बता दें कि कुछ युवक नहर पुल का पानी निकाल कर मछली पकड़ रहे थे। नहर का पानी निकालने के क्रम में नहर में मानव कंकाल दिखा। जिसे देखकर मछली मारने वाले युवक भाग खड़े हुए। इस संबंध में लोगों को जानकारी दी। लोग इसकी सूचना पुलिस को दी। ग्रामीण रवि कुमार, उमेश प्रसाद सहित अन्य लोगों का कहना है कि पुलिस इस हड्डी की जाँच कराती तो यह पता चल सकता था कि यह हत्या की घटना है या डुबने से मौत हुई है। लोग कहते है कि आसपास के गांव का शव है या यह नहर में कहीं से बह कर आया है। पुलिस चाहती तो इसका पता कर सकती थी, पुलिस इस मामले में संज्ञान लेते हुए एफ एस एल की टीम को सूचना दीहै। इस संबंध में थानाध्यक्ष ललन कुमार से पूछे जाने पर बताया कि एफ एस एल की टीम आकर कंकाल का अवलोकन किया। बताया Pala यह बहुत हीं पुराना कंकाल है।इससे कुछ भी जानकारी हासिल नहीं हो सकती है।

## धारूपुर से नारनौल तक गूंजा नाम : इंटर ब्रांच जीके क्विज में यशराज नंबर-1,ट्रॉफी से हुआ भव्य सम्मान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**बिक्रमगंज /रोहतास :** हरियाणा के नारनौल स्थित बीकेएन गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में 25 मार्च 2026 को आयोजित इंटर ब्रांच जीके क्विज प्रतियोगिता उस वक्त ऐतिहासिक बन गई,जब बिहार के रोहतास जिले के एक प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी मेधा का शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया । बिक्रमगंज नगर परिषद के ग्राम धारूपुर निवासी जन्मेजय कुमार एवं सुरभि सिंह के पुत्र यशराज ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर न सिर्फ अपने कॉलेज बल्कि पूरे बिहार का नाम रोशन कर दिया ।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कॉलेज के प्रिंसिपल अनिल यादव ने यशराज को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया । सम्मान समारोह के दौरान पूरे परिसर में तालियों की गूंज सुनाई दी और हर कोई उसकी प्रतिभा की सराहना करता नजर आया ।जैसे ही यह खबर यशराज के गांव धारूपुर पहुंची,मानो खुशियों का सैलाब उमड़ पड़ा ।परिजनों के चेहरे गर्व से चमक उठे, वहीं ग्रामीणों और रिश्तेदारों ने बधाइयों की झड़ी लगा दी । गांव में जश्न जैसा माहौल बन गया और हर कोई उसकी सफलता को अपनी उपलब्धि मान रहा है । यशराज की यह सफलता साबित करती है कि कड़ी मेहनत,आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति समर्पण से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है ।

सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने की उसकी कहानी आज युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है । अब यशराज की इस उपलब्धि ने पूरे क्षेत्र में नई ऊर्जा भर दी है और वह आने वाली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा है ।

## नवरात्री हवन पूजन उपरांत जगन्नाथ मठ में भण्डारा का हुआ आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**राजपुर।** क्षेत्र अंतर्गत अमरपुर गांव स्थित भगवान जगन्नाथ जी मठ परिसर एवं पकड़ी बरदराज मंदिर एवं काली माता मंदिर में नवरात्री हवन पूजन उपरांत शुक्रवार को भण्डारा आयोजित हुआ.जहा मठाधिश्वर सुदर्शनाचार्य एवं महंत सूर्यकांताचार्य के नेतृत्व में संतों एवं भक्तों ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया.

पकड़ी गांव स्थित काली माता मंदिर में नवरात्री पूजा का संचालन कर रहे मंदिर कमेटी के सदस्य मनोज तिवारी ने बताया कि पंडित वासुदेव तिवारी के नेतृत्व में गांव के आधा दर्जन वेदपाठी ब्राह्मण के सहयोग से दुर्गा सप्तशती पाठ मां दुर्गा के नौ स्वरूप को समर्पित किया गया. जिसके उपरांत भंडारा का लंगर आयोजित हुआ जहां आस-पड़ोस गांव के सैकड़ो भक्तों ने माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया.चैत व कुआर महीने में गांव के सहयोग से प्रतिवर्ष काली माता मंदिर में नौ दिन का दुर्गा सप्तशती पाठ आयोजित होता है.पूर्णाहुति के उपरांत सभी घर में माता रानी का प्रसाद कमेटी के द्वारा पहुंचाया जा है. माता रानी के रात्री जागरण पूजन के अवसर पर चईता दुगोला कार्यक्रम हुआ.जिस दौरान आस पड़ोस गांव के हजारों लोगों ने देवी माता का कृतन किया. कार्यक्रम संपन्नता में कमेटी के सदस्य पैक्स अध्यक्ष गोलू तिवारी, हरिओम तिवारी, अरविंद पांडे, सुशांत तिवारी, रवि कुमार शास्त्री, अंजय ब्रह्मचारी, पंडित अंजनी स्वामी, श्रीकांत तिवारी, सम्भू यादव, पप्पू यादव समेत अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा.

# महादेवपुर में रामनवमी शोभायात्रा का प्रमुख ने फीता काटकर किया उद्घाटन





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार।** जिले के प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र के महादेवपुर ग्राम में दर्जनों गांवों से आये सैकड़ों रामभक्तों के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाला गया।शोभायात्रा का उद्घाटन प्राणपुर के प्रखंड प्रमुख अमित साह के द्वारा फीता काटकर किया गया। सबसे पहले शोभायात्रा महादेवपुर से निकलकर लाभा,जोडंगा,कबिल पुर,रोशना,भरतकोल समेत दर्जनों गांव होते हुए केशोपुर तक गई जहाँ शोभायात्रा के कार्यक्रम को सम्पन्न किया गया। लगभग 5 घण्टे चले इस शोभायात्रा में सैकड़ों भक्तों ने अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया।

शोभायात्रा के दौरान प्रमुख प्राणपुर अमित साह ने अपने बयान में कहा कि महादेवपुर निवासी रतन पाण्डे एवं उनके मित्रों के प्रयास से लगभग 4 वर्षों से रामनवमी में शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में और भी बड़ा शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर दक्षिण लालगंज के मुखिया जुलुम सिंह, प्राणपुर बजरंग दल के संयोजक रतन पाण्डेय, चन्दन भगत, शिसेन सिंह, कमल सिंह, संकर चौधरी, मंटू सिंह, संजय सिंह, प्रमोद अग्रवाल, सुमन शुक्ला, चंदन साह, मनीष साह, किशोर सिंह समेत सैकड़ों रामभक्त मौजूद रहे।

## कटिहार जिला संतमत सत्संग का 49 वां वार्षिक अधिवेशन में सम्पन्न



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार।** जिले के प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र के केहुनियां पंचायत अंतर्गत केवट टोला में जिला संतमत सत्संग का 49 वां वार्षिक अधिवेशन में पूज्यपाद चतुरानंद जी महाराज एवं अन्य साधु संतों के प्रवचन से हजारों की संख्या में सनातन भक्तों ने लाभान्वित हुये।। आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आयोजक कमेटी की ओर से साधु-संतों एवं सनातनी धर्म के दूरदराज से आए भक्तों के लिए सुविधा जनक पंडाल,उत्तम रोशनी, शौचालय, स्नानगार, चापाकल, भोजनालय आदि की व्यवस्था की गई है। आयोजक कमेटी के अध्यक्ष शिवदेव झा, उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन दास, मंगल चौधरी, द्वारिका केवट सहित कई अन्य ने बताया कि संत सतगुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज के हृदय स्वरूप पूज्यपाद महर्षि शाही स्वामी जी महाराज के विशेष कृपा पात्र पूज्यपाद चतुरानंद जी महाराज एवं अन्य वरिष्ठ साधु महात्माओं के प्रवचन सुनने के लिए स्थानीय भक्तों के अलावा दूरदराज से पच्चीस हजार से भी अधिक साधु संत एवं सनातनी भक्त पहुंचे हैं। बड़ा पंडाल खचाखच भरा हुआ है। प्रवचन के अंतिम समय तक मंच पर पूर्व सांसद सह कदवा विधायक दुलालचंद गोस्वामी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष लड्डू सिंह आदि भी पहुंचे।

# शाहनगर में चैती दुर्गा पूजा को लेकर भव्य मेला का आयोजन

## मेला का विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए रोशना थाना पुलिस की नजर







सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार।** जिले के रोशना थाना के अंतर्गत शाहनगर दुर्गा मंदिर में नवरात्रि पूजन बड़े धूमधाम के साथ किया गया। प्रथम पूजा से लेकर महानवमी तक नियमित रूप से पंडित के मंत्रौंच्चारण के बीच विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया गया। सप्तमी पूजन के पश्चात बड़ी संख्या में भक्तजनों ने भी दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना किया। महा अष्टमी को बड़ी संख्या में महिला भक्तों ने पूजा अर्चना भक्ति भाव से किया गया।

मंदिर परिसर में लगे मेला का विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए रोशना थाना के थाना अध्यक्ष मासूम कुमारी ने पुलिस पदाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनात किया। इस मंदिर से लोगों की असीम आस्था जुडी हुई है।उक्त मंदिर का निर्माण दिल्ली दीवानगंज के जमींदारों द्वारा कराया गया था। बाद में उक्त परिवार की उदासीनता के कारण यहां के स्थानीय लोग स्वर्ग शिवनारायण सिंह,अयोध्या मंडल,जगन मंडल,जगन्नाथ यादव, विष्णु परिहार,भजन सिंह गांव के लोगों के हाथों पूजा पाठ का संचालन किया जा रहा था। उसके बाद शाहनगर गांव के आदिवासी समाज ने पूजा पाठ करने का बीड़ा उठाया। इस मंदिर में कभी भी बलि देने की प्रथा नहीं रही है। मेले का खास आकर्षण संथाली आदिवासी नृत्य के साथ भेड़ एवं मुर्गा आदि जानवरों की लड़ाई पूर्व में होती थी। इस मंदिर में जो भी अपनी मन्नत लेकर माता के चरणों में आते हैं। उनकी मन्नत जरूर पूरी होती है। चैती नवमी की रात्रि यहां पूजा अर्चना के लिए काफी तादाद में महिलाएं आती है। मंदिर कमेटी अध्यक्ष सुफल सोरेन,सदस्य प्रताप सिंह,कैलाशपति राय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष की भव्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। आदिवासी नृत्य का भी आयोजन होता है। मेले में भेड़- भेड़ एवं मुर्गा- मुर्गा का लड़ाई आकर्षण का विशेष केंद्र पूर्व में हुआ करता था। लेकिन धीरे-धीरे यह प्रथा विलुप्त हो गया। जो आज पूजा एवं मेला तक सीमित है। इस मौके पर भूत पूर्व मुखिया प्रताप सिंह,खुददु मुर्मू,ज्ञान सोरेन,संजय सोरेन सहित दर्जनों मेला के सदस्य दिन रात लगे रहते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# गूंजा जय श्रीराम, भगवा ध्वजों से पटा इलाका, झूमते दिखे युवा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय में रामनवमी के पावन अवसर पर उत्तर बिहार हिंदू जागरण मंच की ओर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान रहा। पारंपरिक वेशभूषा में सैकड़ों की संख्या में सनातनी युवाओं और श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। विधिवत शुभारंभ प्रखंड के फतेहपुर गांव से हुआ। यात्रा शुरू होने से पहले ही श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। केसरिया साफा और गले में भगवा गमछा डाले युवाओं की टोली हाथों में ध्वज लेकर जयकारे लगा रही थी। फतेहपुर से निकलकर यह शोभायात्रा क्षेत्र के अलग-अलग पंचायतों और गांवों का भ्रमण करने निकली।

**युवा थिरकते नजर आए:** यात्रा मुख्य रूप से पचंबा, लड़ुआरा, बागवाड़ा, रतौली, विनोदपुर और महारथपुर होते हुए फतेहपुर में आकर संपन्न हुई। स्थानीय ग्रामीणों ने फूल-मालाओं के साथ शोभा यात्रा का स्वागत किया। पूरे मार्ग में घोड़े, डीजे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ युवा थिरकते नजर आए। समापन फतेहपुर स्थित बाबा स्थान हुआ। भव्य आयोजन का नेतृत्व राजेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य चंदन कुमार और सामाजिक कार्यकर्ता नंदन चौधरी भी शामिल हुए। राम भक्तों ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज में एकता और अपने धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। हिंदू नववर्ष और रामनवमी हमारे गौरव का प्रतीक है। इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़ती है।

**सुरक्षा के कड़े इंतजाम:** भीड़ और संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। सिंघौल थानाध्यक्ष के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। कुल मिलाकर पूरी यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

# मन की बात के 132वें संस्करण को लेकर भाजपा की बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** बिहपुर एनडीए कार्यालय में बिहपुर विस विधायक सह सत्तारूढ़ दल के सचेतक ई.शैलेंद्र की उपस्थिति में नारायणपुर उत्तरी मंडल भाजपा का प्रशिक्षण मंगलवार 31 मार्च को होगा। जबकि दक्षिणी मंडल भाजपा का प्रशिक्षण दो अप्रैल को होगा। नवगछिया भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रो.गौतम ने बताया कि भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर सात मार्च से 14 अप्रैल तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 जारी है। बिहपुर विस में इस महाअभियान के प्रशिक्षण की कड़ी में खरीक और बिहपुर के चारों मंडल भाजपा का प्रशिक्षण पिछले दिनों संपन्न हो चुका है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 132वें संस्करण को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विधायक श्री शैलेंद्र ने शनिवार को बिहपुर एनडीए विस्तृत विचार-विमर्श किया। इस दौरान यह सुनिश्चित करने के लिए रणनीति बनाई गई कि अधिक से अधिक क्षेत्रवासी इस प्रेरणादायी कार्यक्रम से जुड़ें और हर बूथ स्तर तक इसकी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित हो। पिछले माह हम सभी के सामूहिक प्रयास से लगभग 94% बूथों पर 'मन की बात' का श्रवण सुनिश्चित हुआ था। जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। विधायक ने कहा कि अब हमारा लक्ष्य है कि इस बार इसे और आगे बढ़ाते हुए शत-प्रतिशत बूथों तक पहुंच बनाई जाए, ताकि प्रधानमंत्री के विचार, संदेश और प्रेरणा समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँच सके। कार्यकर्ताओं के साथ इस दिशा में ठोस योजना बनाकर संगठन की मजबूती, जनसंपर्क और जनभागीदारी को और सशक्त करने पर जोर दिया गया। कार्यकर्ताओं के साथ संकल्प लिया गया कि हम सभी मिलकर 'मन की बात' को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लें और इस अभियान को नई ऊँचाइयों तक ले जाएँ।

# खड्गेश्वरी मंदिर में भक्तों की भीड़

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया।** अररिया के विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर में चैती नवरात्रि की नवमी पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। रात्रि करीब 9 बजे आयोजित इस पूजा में हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर के साधक नानू बाबा ने मां खड्गेश्वरी महाकाली को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान महाभोग भी लगाया गया, जिसे ग्रहण करने के लिए भक्त उत्सुक दिखे। नानू बाबा ने बताया कि चैती नवरात्रि के पहले दिन से ही मंदिर में प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना की जा रही थी। उन्होंने रोजाना पुष्पांजलि अर्पित की, जिसमें हजारों महिला-पुरुष भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। षष्ठी से महानवमी तक चार दिनों तक महाभोग का आयोजन किया गया।

**मां को खीर का चढ़ाया गया भोग:** शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर मां को खीर का भोग चढ़ाया गया। भक्तों ने मां दुर्गा को खोईचा भरकर सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे नवरात्र काल में मंदिर परिसर में भक्तों की निरंतर भीड़ लगी रही। रामनवमी के दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव भी मनाया गया। भक्तों ने भगवान राम की आराधना की और मां खड्गेश्वरी महाकाली के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंदिर को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया था, जिसे देखकर भक्त सेल्फी लेते और तस्वीरें खींचते नजर आए। मंदिर परिसर में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

**भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है नवरात्रि:** नानू बाबा ने कहा कि नवरात्रि पर्व भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने मां खड्गेश्वरी महाकाली के आशीर्वाद से क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि बने रहने की कामना की। इस अवसर पर भक्तों में अपार उत्साह और भक्तिमय माहौल देखा गया। चैती नवरात्रि के दौरान मां के नौ स्वरूपों की पूजा ने पूरे वातावरण को दिव्य बना दिया। हजारों भक्तों की यह उपस्थिति मां खड्गेश्वरी की लोकप्रियता और आस्था को दर्शाती है।

# बिना ओटीपी, एप डाउनलोड किए अकाउंट से 26400 रुपए उड़ाए

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बांका।** बांका जिले के रजौन थाना क्षेत्र की सिंहनान पंचायत में एक महिला के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 26,400 रुपये उड़ा लिए। यह घटना बिना किसी ओटीपी साझा किए या मोबाइल में कोई संदिग्ध ऐप डाउनलोड किए हुई है। पीड़िता कंचन देवी ने बताया कि उन्हें अचानक खाते से पैसे कटने का मैसेज मिला। मैसेज देखते ही वह परेशान हो गईं, क्योंकि उन्होंने न तो किसी को ओटीपी बताया था और न ही अपने फोन में कोई ऐप डाउनलोड किया था।पैसे गायब होने के बाद कंचन देवी ने तुरंत स्टेट बैंक को सूचित किया। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी शिकायत दर्ज कराने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद, उन्होंने स्थानीय थाने में आवेदन देकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

**खाते से पूरी राशि निकल जाने के कारण काफी परेशान:** कंचन देवी का कहना है कि खाते से पूरी राशि निकल जाने के कारण वह काफी परेशान हैं। वह न्याय की गुहार लगा रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने पुलिस और संबंधित विभाग से मामले की जांच कर गायब राशि वापस दिलाने की मांग की है।

**जांच पड़ताल की जा रही - पुलिस:** इस मामले में आशंका जताई जा रही है कि मोबाइल में व्हाट्सएप पर ऑटोमेटिक डाउनलोडिंग सेटिंग के कारण कोई एप अपने आप डाउनलोड हो गया होगा, जिससे मोबाइल हैक हो गया और साइबर ठगों ने इस घटना को अंजाम दिया होगा। फिलहाल, खाताधारक को यह पता नहीं चल पा रहा है कि उसके खाते से पैसे किस कारण कटे हैं।थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन के अनुसार जांच पड़ताल की जा रही है।

# चलती ट्रेन में चढ़ना और उतरना हो सकता है जानलेवा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**भागलपुर।** ट्रेन की सीटी बजने और उसके प्रस्थान के बीच का क्षण अक्सर रेलवे प्लेटफॉर्म पर सबसे खतरनाक होता है। कई लोगों के लिए, चलती हुई ट्रेन को देखकर उस पर दौड़कर चढ़ने की एक स्वाभाविक इच्छा पैदा होती है, लेकिन यह दौड़कर चढ़ने की आदत एक ऐसा जुआ है। जिसकी कीमत बहुत भारी हो सकती है। रेलवे प्लेटफॉर्म को सुरक्षित चढ़ने के लिए तब डिजाइन किया गया है जब ट्रेन स्थिर हो, न कि दौड़ने के लिए। जब कोई यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश करता है, तो वह भौतिकी के नियमों के खिलाफ जाता है। एक भारी-भरकम ट्रेन की गति और प्लेटफॉर्म तथा पटरियों के बीच की संकरी, घातक खाई के बीच संतुलन बनाना बेहद खतरनाक होता है। जैसा कि हाल की घटनाओं से स्पष्ट है, एक पल की फिसलन या संतुलन खोना, एक सामान्य यात्रा को पलक झपकते ही जानलेवा हादसे में बदल सकता है। पूर्व रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल इन भयावह क्षणों में जीवन और मृत्यु के बीच की पतली रेखा साबित हुई है। 29 सितंबर, 2025 को दम दम जंक्शन पर, सामान के साथ एक यात्री लगभग खाई में गिर गया था, जिसे समय रहते बचा लिया गया। इसी तरह 17 नवंबर, 2025 को जसीडीह स्टेशन पर एक यात्री चलती एक्सप्रेस में चढ़ते समय फिसल गया और 9 दिसंबर 2025 को भागलपुर में एक महिला को पटरियों पर गिरने से बचाया गया। 13 जनवरी, 2026 को साहिबगंज में एक मां और बच्चे को दुर्घटना से बचाया गया, जिसके बाद 24 जनवरी, 2026 को जसीडीह में एक युवती को भी सुरक्षित निकाला गया। फरवरी में भी खतरा जारी रहा, जब कई लगभग घातक घटनाएं सामने आईं। हाल ही में, 20 फरवरी, 2026 को सुल्तानगंज में एक बुजुर्ग व्यक्ति को चलती ट्रेन से लटकने की स्थिति से बचाया गया। इन सभी मामलों में, रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता ने त्रासदी को टाल दिया, लेकिन जो लोग बुनियादी सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हैं, उनके लिए जोखिम अभी भी बहुत अधिक है। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि हालांकि रेलवे सुरक्षा बल हमेशा यात्रियों की सुरक्षा के लिए सतर्क रहती है, लेकिन यात्रियों को भी अपने जीवन की जिम्मेदारी स्वयं लेनी चाहिए। उन्होंने सभी यात्रियों से अनुरोध किया कि वे कभी भी चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्लेटफॉर्म प्रतीक्षा करने के लिए है और पटरियां केवल ट्रेनों के लिए हैं। उन्होंने जनता से आग्रह किया कि वे यह याद रखें कि कुछ मिनट देर से पहुंचना हमेशा बेहतर है, क्योंकि कोई भी जल्दबाजी जानलेवा दुर्घटना के जोखिम के लायक नहीं है।

# सोनिया गांधी के अच्छे स्वस्थ के लिए हवन-यज्ञ

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मुंगेर।** मुंगेर में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना को लेकर एक विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। बिहार युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ई. रोहित मणि भूषण के नेतृत्व में सोझी घाट ठाकुरबाड़ी में हवन-यज्ञ संपन्न हुआ। इस हवन-यज्ञ में कई अन्य कांग्रेसी नेता भी शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में ईश्वर से प्रार्थना की कि सोनिया गांधी जल्द से जल्द पूर्ण रूप से स्वस्थ हों और देश व समाज को अपना मार्गदर्शन देती रहें। उपस्थित नेताओं ने उनके राजनीतिक जीवन के त्याग, समर्पण और संघर्ष को याद किया।

**विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न:** यह धार्मिक अनुष्ठान पुरोहित प्रेम गुंजन मिश्र और महामंडलेश्वर बालयोगी महंत जमुना दास महाराज ने पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। हवन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा, जहां लोगों ने उनकी लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और देश की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर ई. रोहित मणि भूषण ने कहा कि सभी की दुआएं और प्रार्थनाएं सोनिया गांधी के साथ हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे जल्द स्वस्थ होकर वापस आएंगी और अपने अनुभव व मार्गदर्शन से देश और संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगी।

# रोड एक्सीडेंट में युवक की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**अररिया।** अररिया-पूर्णिया मार्ग पर लहटोरा के पास एक सड़क दुर्घटना में 29 वर्षीय युवक हरी ओम पासवान की मृत्यु हो गई। वे अररिया आरएस के वार्ड संख्या 2 के निवासी थे और अपने पीछे चार छोटे बच्चे छोड़ गए हैं, जिनमें एक नवजात बच्ची भी शामिल है जिसका जन्म दस दिन पहले हुआ था। हरी ओम पासवान खाना बनाने वाले कारिगर के सहयोगी के रूप में काम करते थे। शुक्रवार को वे रोज की तरह घर से काम पर निकले थे, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। शनिवार सुबह परिजनों को सदर अस्पताल से सूचना मिली कि उनका शव वहां रखा हुआ है।

**सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे:** परिजनों के अनुसार, किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। डायल 112 की टीम ने शुक्रवार देर रात शव को सदर अस्पताल पहुंचाया था। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

**हरी ओम परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य थे:** मृतक के छोटे भाई छोटू पासवान ने बताया कि हरी ओम परिवार के मुख्य कमाऊ सदस्य थे। उनकी मृत्यु से पूरा परिवार सदमे में है। स्थानीय वार्ड पार्षद मंगल यादव ने जानकारी दी कि हरी ओम पासवान एक अत्यंत गरीब परिवार से थे। हरी ओम की मृत्यु से उनके चार नाबालिग बच्चों और पत्नी का भविष्य अनिश्चित हो गया है। परिवार ने प्रशासन से उचित आर्थिक मदद की अपील की है। यह घटना अररिया-पूर्णिया मार्ग पर हुई, जहां वाहनों की तेज रफ्तार अक्सर देखी जाती है।

# जिले में रसोई गैस की आपूर्ति सामान्य

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



◆ जिला प्रशासन सतर्क, 3 एजेंसियों पर की छापेमारी, 107 शिकायतों का किया निपटारा

**अररिया।** अररिया जिले में रसोई गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी गैस एजेंसियों में सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। इसी क्रम में जिले की 23 गैस एजेंसियों पर अचानक छापेमारी की गई। अधिकारियों ने एजेंसियों में उपलब्ध सिलेंडरों के स्टॉक, वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं तक समय पर गैस पहुंचाने की स्थिति की गहन जांच की। जांच में पाया गया कि सभी एजेंसियों में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर मौजूद हैं और वितरण व्यवस्था सुचारु रूप से चल रही है।

**71 लंबित शिकायतों का जल्द होगा समाधान:** गैस से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निवारण के लिए जिला नियंत्रण कक्ष निरंतर सक्रिय है। जिला आपूर्ति कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, 17 मार्च से 27 मार्च 2026 तक कुल 178 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से 107 शिकायतों का सफलतापूर्वक निपटारा कर दिया गया है। शेष 71 लंबित शिकायतों को संबंधित गैस एजेंसियों के एरिया मैनेजरों को भेजा गया है ताकि उनका शीघ्र समाधान हो सके। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता, कालाबाजारी या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करना उद्देश्य:** उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे गैस संबंधी किसी भी समस्या या शिकायत होने पर तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष में दर्ज कराएं, जिससे उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को बिना किसी परेशानी के रसोई गैस की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### मायागंज में युवक की मौत

**भागलपुर।** भागलपुर के मायागंज अस्पताल में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। ससुराल में बेहोशी की हालत में मिला था। मृतक सुभाष कुमार (27) कहलगांव के लालपुर भादेव गांव का रहने वाला था परिजनों के मुताबिक गुरुवार को किसी काम से अपने ससुराल झारखंड के गोड्डा जिला गया था। दूसरे दिन ससुराल से 100 मीटर की दूरी पर खेत में बेहोशी की हालत में मिला। जानकारी मिलते ही पत्नी रिंकू देवी मौके पर पहुंची। आनन-फानन में अस्पताल लाया गया। जहां से डॉक्टरों ने मायागंज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान शनिवार को दम तोड़ दिया।

**साला बोला- मुंह से शराब की गंध आ रही थी:** मृतक के साले विनोद राम ने बताया कि साल 2019 में बहन की शादी सुभाष से हुई थी। पारिवारिक विवाद के कारण मेरी बहन मायके में ही रह रही थी। बहनोई के मुंह से शराब की गंध आ रही थी। पूछने पर दवा खाने की बात कही, लेकिन कौन सी दवा ली थी, यह स्पष्ट नहीं हुआ।

**बयान के आधार पर छानबीन में जुटी पुलिस:** सुभाष की यह दूसरी शादी थी। पहली पत्नी से तलाक के बाद उन्होंने रिंकू देवी से विवाह किया था। 6 साल का एक बेटा है। मेहनत-मजदूरी करके परिवार का भरण-पोषण करता था। पुलिस ने परिवार के सदस्यों का बयान लिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### युवक ने की खुदकुशी

**भागलपुर।** भागलपुर में एक युवक ने खुदकुशी कर ली। किराए के कमरे में फंदे से लटका हुआ शव मिला है। मृतक की पहचान मनीष कुमार(22) के तौर पर हुई है। घटना इशाकचक थाना क्षेत्र के गुमटी नंबर-12 की है। जानकारी के मुताबिक मनीष दुकान खोलना चाहता था। गुरुवार को अपनी मां नीतू देवी और पिता मनोड मंडल से कहा था कि दुकान खोलने के लिए पैसे चाहिए। इस पर पिता ने कहा कि तीन-चार दिन रूको, इसके बाद इंतजान करके देता हूं।

**मां ने फर्श पर गिरा देखा:** पिता ने बताया क हमलोग काम पर चले गए था। घर में कोई नहीं था। मां भी बाहर गई थी। वापस घर लौटने पर मां ने देखा कि मनीष फर्श पर गिरा हुआ। उसके गले में गमछा कसा हुआ है। परिवार के सदस्य तुरंत अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**छानबीन की जा रही है:** इस संबंध में इशाकचक थानाध्यक्ष ने कहा कि परिजनों के अनुसार युवक को नशे की बुरी लत थी। वह अपने माता-पिता से रोजगार के लिए पैसे मांग रहा था, नहीं देने पर उसने खुदकुशी कर ली है। एफएसएल की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। छानबीन की जा रही है।

### भूगोल में प्लेट टेक्टॉनिक्स, इतिहास में हड़प्पा सभ्यता जुड़ेगा

**भागलपुर।** नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 की शुरुआत में अब महज चार दिन शेष रह गए हैं, लेकिन नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए अब तक एनसीईआरटी की संशोधित किताबें बाजार में उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। इसी सत्र से नई शिक्षा नीति के तहत तैयार इन किताबों से पढ़ाई शुरू होनी है। ऐसे में छात्र, शिक्षक और अभिभावक असमंजस हैं कि सत्र शुरू होने के बाद पढ़ाई कैसे शुरू की जाए। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने नौवीं कक्षा की किताबों में व्यापक बदलाव किए हैं। कई पुराने विषयों को हटाया गया है। कुछ नए विषय जोड़े गए हैं। ये बदलाव नई शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा के अनुरूप किए गए हैं। शिक्षकों का कहना है कि हर वर्ष किताबें देरी से आती हैं, लेकिन इस बार पाठ्यक्रम ही बदल दिया गया है। मई में स्कूलों में प्री-मिड टर्म परीक्षा होनी है। यदि अप्रैल के पहले सप्ताह तक किताबें नहीं पहुंचती हैं, तो छात्रों को परीक्षा की तैयारी में कठिनाई होगी। इस स्थिति से निपटने के लिए कई निजी स्कूलों ने वैकल्पिक व्यवस्था शुरू कर दी है। इन स्कूलों में एनसीईआरटी के ड्राफ्ट सिलेबस को आधार बनाकर पढ़ाई शुरू करने की रणनीति बनाई जा रही है। इधर, एनसीईआरटी ने स्थिति को लेकर सफाई दी है। परिषद का कहना है कि किताबें अभी विकास के अंतिम चरण में हैं। छपाई जारी है। नई किताबें अप्रैल के पहले सप्ताह तक बाजार में उपलब्ध करा दी जाएंगी। जीव विज्ञान में अध्यायों की संख्या बढ़ाई गई है। भौतिकी में गुरुत्वाकर्षण से संबंधित कुछ हिस्सों को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है। सामाजिक विज्ञान में भी बदलाव किए गए हैं। इतिहास विषय में हड़प्पा सभ्यता और भक्ति आंदोलन जैसे पारंपरिक अध्यायों के स्थान पर अब भारतीय परिप्रेक्ष्य और स्थानीय विषयवस्तु पर अधिक जोर दिया गया है। भूगोल में प्लेट टेक्टॉनिक्स जैसे नए विषय को शामिल किया गया है। पाठ्यक्रम में ऐसे परिवर्तन किए गए हैं जो 21वीं सदी की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान और समझ को विकसित करने पर केंद्रित हैं।

### आरटीई दाखिला में लापरवाही पर सख्ती, 10 अप्रैल अंतिम तिथि

**भागलपुर।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में नामांकन प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही सामने आई है। चयनित बच्चों को प्रवेश देने में स्कूलों की धीमी और टालमटोल भरी कार्यशैली पर शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, राज्य भर में ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से चयनित 70,155 छात्रों में से अब तक केवल 53,479 बच्चों का ही नामांकन हो सका है। लगभग 35 प्रतिशत चयनित बच्चे अब भी प्रवेश से वंचित हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने नामांकन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 10 अप्रैल कर दी है। जिला शिक्षा कार्यालय ने निजी स्कूलों को चेतावनी जारी की है कि वे शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवंटित सभी बच्चों का तुरंत प्रवेश सुनिश्चित करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी स्कूल द्वारा आरटीई के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया गया तो कार्रवाई की जाएगी। आरटीई की स्थिति जिले में 1412 चयनित बच्चों में से 1187 का नामांकन हो चुका है। शेष बचे 225 में से 124 नामांकन को स्कूलों में पेंडिंग है।

### एक अप्रैल से नाला उड़ाही का अभियान, 12 तक काम पूरा होगा

**भागलपुर।** नगर निगम ने शहर में जलजमाव की समस्या से निपटने और साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान एक अप्रैल से शुरू होकर 12 मई तक चरणबद्ध तरीके से चलेगा। निगम प्रशासन का मानना है कि समय रहते नालों की सफाई कर देने से जलभराव की समस्या नहीं रहेगी। अभियान को व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए शहर के सभी 51 वार्डों को तीन अलग-अलग जोन में विभाजित किया गया है। पहले जोन में दो वार्ड, दूसरे में चार वार्ड और तीसरे जोन में चार वार्ड शामिल किए गए हैं। इस जोनल व्यवस्था से निगरानी और कार्य निष्पादन में आसानी होगी, साथ ही जिम्मेदारी भी तय रहेगी। नगर निगम ने सफाई कार्य के लिए सात-सात दिनों का रोस्टर तैयार किया है। इसके तहत प्रत्येक वार्ड में लगातार सात दिनों तक नालों की सफाई कराई जाएगी। तय शेड्यूल के अनुसार अभियान को आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि सभी वार्डों में समय पर और प्रभावी तरीके से सफाई की जा सके। अभियान के अंतिम चरण में विशेष फोकस रखा जाएगा। छह मई से 12 मई के बीच पहले जोन के तीन वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। नगर आयुक्त से बात की गई है। उन्होंने जोनल प्रभारियों, गैंग प्रभारी और संबंधित एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में सफाई की जाएगी। इसके लिए पर्याप्त संख्या में मजदूरों की तैनाती हो।

### एसएम कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आज से

**भागलपुर।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के नौवें दीक्षांत समारोह की तारीख आगे बढ़ाई जाएगी। पहले यह आयोजन 4 अप्रैल को होना था, जिसके लिए विश्वविद्यालय स्तर पर तैयारियां चल रही थीं। कुलपति प्रो. दुनिया राम सिंह ने कुलाधिपति सह राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) सैय्यद अता हसनैन को अध्यक्षता के लिए आमंत्रित किया है। अब राजभवन से उनके आगमन की नई तिथि तय होने के बाद ही समारोह होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला फुटबाल संघ के पूर्व सचिव परशुराम पांडे के निधन

**आरा**। जिला फुटबाल संघ द्वारा जिला फुटबाल संघ भोजपुर के पूर्व सचिव एवं बिहार फुटबॉल संघ पटना के भूतपूर्व उपाध्यक्षा स्वर्गीय परशुराम पांडेय की आकस्मिक निधन पर आनलाईन शोक सभा किया गया। इस शोकसभा की अध्यक्षता जिला फुटबॉल संघ भोजपुर के अध्यक्ष राम मूर्ति प्रसाद के नेतृत्व में किया गया। संघ के सचिव रविंद्र कुमार ने बताया कि श्री पांडे का निधन 76 वर्ष की उम्र में 26 मार्च को नवादा उनके आवास पर हो गया। पांडे जी विगत दिनों से बहुत बीमार चल रहे थे। उन्होंने आरा रेलवे स्टेशन पर दुर्गा मंदिर का निर्माण करवाया। खेलकूद में उनकी काफी रुचि रहती थी। श्री परशुराम पांडे जी अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गये हैं। शोकसभा में संघ के मुख्य संरक्षक डॉ एसएम ईशा, बिहार फुटबॉल संघ पटना के सचिव सैयद इम्तियाज हुसैन, लाल शरण सिंह, इंद्रदीप नारायण सिन्हा, लाल बहादुर लाल, अशोक कुमार सिंह उर्फ राम बाबू सिंह, सुधीर कुमार सिंह, अशोक मानव, अजय कुमार सिंह, मोहन कुमार सिन्हा, डॉ रंजन कुमार सिंह, मोहम्मद शमशाद, धनजी कुमार, सुनील कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, सौरभ सिंह, धर्मेश उपाध्याय, जय कुमार सिंह, नंद गोपाल सिंह, शशि भूषण सिंह, रामकुमार सिंह, कुमार विजय, कुमार मंगलम, वीर बहादुर यादव, मोहम्मद जुबेर खान सुबोध सिंह मोहम्मद अशफाक, अशोक शर्मा, राजकुमार, रवि कुमार, मक्कू लाल गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह, अनिल सिंह, पवन कुमार, मोहम्मद असलम, राहुल सिंह, बुटन यादव, मुकेश कुमार उपस्थित थें।

### श्रीराम जन्मोत्सव में शामिल होने से श्रीलक्ष्मी-नारायण की कृपाः जीयर स्वामी

**आरा**। श्री जीयर स्वामी जी महाराज की सान्निध्य में राजघाट (अयोध्या) में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शुक्रवार को श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने श्रीराम जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। स्वामी जी के सान्निध्य में काफी संख्या में आए भक्तों ने प्रभु श्री राम का श्रृंगार कर आरती व पूजन किया। उसके बाद स्वामी जी महाराज ने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव में भाग लेने से पूरे परिवार पर लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा बनी रहती है। स्वामी जी महाराज ने कहा कि रामनवमी के दिन धरती के सभी तीर्थ और देवता अयोध्या में वास करते है। इस दिन जो अयोध्या में प्रवेश भी कर लेता है तो उसका जीवन धन्य हो जाता है। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि 28 मार्च को 10 बजे तक यज्ञ की पूर्णाहुति हो जाएगी। उसके बाद अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का कार्यक्रम होगा और रात्रि में भजन संध्या का कार्यक्रम होगा। श्री गादी जी महाराज सहित काफी संख्या में संत-महात्मा आ चुके हैं। धर्म सम्मेलन को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व यज्ञ समिति के अध्यक्ष श्री दयाशंकर सिंह और कमलेश सिंह दिन-रात लगे हुए है।

### सिमुलतला विद्यालय की परीक्षा में अक्षत टॉपर

**आरा**| बिहार सरकार द्वारा आयोजित सिमुलतला आवासीय विद्यालय, जमुई की कक्षा 6 की मुख्य परीक्षा का परिणाम 26 मार्च 2026 को जारी कर दिया गया। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में भोजपुर जिले के प्रतिभाशाली छात्र अक्षत आनंद ने प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने जिले, बल्कि पूरे राज्य का नाम रौशन किया है। अक्षत आनंद की इस शानदार उपलब्धि से उनके परिवार और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिजनों एवं शुभचिंतकों द्वारा उन्हें बधाइयों का तांता लगा हुआ है। उनकी इस सफलता को लेकर स्थानीय लोगों में भी गर्व का माहौल देखा जा रहा है। अक्षत के पिता डॉ. आनंद कुमार ठाकुर शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। वे पूर्व में सर्वोदय +2 विद्यालय, पिरौटा (भोजपुर) में कार्यरत थे और वर्तमान में गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय, खगौल, दानापुर (पटना) में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

### उत्पाद शुल्क में कटौती पर भी नहीं घटे पेट्रोल-डीजल के दाम

**बक्सर**। केंद्र सरकार द्वारा 27 मार्च को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती किए जाने के बावजूद जिले में आम लोगों को कीमतों में कोई राहत नहीं मिली है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक तेल संकट के बीच सरकार ने यह कदम उठाया है। ताकि, लोगों को बढ़ती महंगाई से बचाया जा सके, लेकिन स्थानीय स्तर पर इसका असर दिखाई नहीं दे रहा है। जिले में पेट्रोल और डीजल की कीमतें पहले की तरह ही स्थिर हैं। डीजल 92.81 रुपये प्रति लीटर और सामान्य पेट्रोल 106.71 रुपये प्रति लीटर के हिसाब से बिक रहा है। हालांकि इन दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है, लेकिन कटौती का लाभ भी उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच सका है। वहीं, प्रीमियम पेट्रोल के दामों में पहले हुई बढ़ोतरी अब भी बरकरार है। इसकी कीमत 115.65 रुपये प्रति लीटर है। पहले 113.46 रुपये थी। पिछले कुछ दिनों से बढ़ी हुई कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### एसी में नहीं दिखेगा किसानों का दर्द

**बक्सर**। बक्सर सांसद एवं बिहार के पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने लोकसभा में दावा किया था कि मोदी सरकार किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। किसानों की आय दोगुनी हो चुकी है। सांसद ने इस बयान को जमीनी हकीकत से कोसों दूर बताते हुए कहा कि कृषि मंत्री का दावा देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानों वे खेतों की मिट्टी से अधिक समय एसी कमरों की ठंडी हवा में बिता रहे हों। कागजों और रिपोर्टों में किसानों की आय भले दोगुनी दिखाई जा रही हो, लेकिन असल जिंदगी में किसान आज भी अपने पसीने की सही कीमत पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। बाजार की अनिश्चितता, महंगी लागत, कर्ज के बोझ और मौसम की मार ने किसानों की कमर तोड़ दी है। यदि वास्तव में किसानों की आय दोगुनी हो गई होती, तो देश के किसान आज सड़कों पर आंदोलन करने को मजबूर नहीं होते। सिर्फ भाषणों से व्यवस्था नहीं सुधरेगी : सांसद सांसद ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया से पलटवार करते हुए लिखा कि वास्तविक जवाब उन्हीं किसानों से मिलेगा जो रोज़ खेतों में मेहनत करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि अगर कृषि मंत्री को अब भी वास्तविकता जानने की इच्छा हो, तो वे दो दिन के लिए बिहार आएं। किसी सरकारी मंच या बड़े कार्यक्रम में नहीं, बल्कि उन किसानों के बीच चलें, जो हर दिन बाजार, मौसम और ऋण की समस्याओं से जूझते हुए अपना जीवन चला रहे हैं। तब समझ आएगा कि आय दोगुनी का नारा और जमीन की हकीकत में कितना बड़ा फर्क है। सांसद सुधाकर सिंह ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यदि सरकार के दावे सही होते, तो किसान आत्महत्या जैसी त्रासद स्थितियों में नहीं धकेले जाते। उन्होंने किसानों की वास्तविक समस्याओं को समझने और उनके लिए जमीनी समाधान तैयार करने की जरूरत पर जोर दिया।

### मजदूरों को 3 हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन

**बक्सर**। जिले के असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले सभी तरह के मजदूरों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार की ओर से प्रति माह 3 हजार रुपए की पेंशन दी जाएगी। इसके लिए संबंधित मजदूरों को ई-श्रम पोर्टल पर पीएम श्रम योगी मा न-धन के तहत स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन योजना में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। जानकारी के अनुसार श्रम मंत्रालय ने असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों को बुजुर्ग होने पर परेशानी न हो, इसके लिए इस योजना की शुरुआत की है। असंगठित क्षेत्र के सभी मजदूरों को 31 मार्च तक अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर स्वयं उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। विभागीय अधिकारी के अनुसार असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले सभी तरह के मजदूरों को अब केंद्र सरकार की ओर से प्रति महीने 3 हजार रुपए की पेंशन दी जाएगी। 18 वर्ष से 40 वर्ष उम्र के वैसे श्रमिक, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपए से कम है, उन्हें रजिस्ट्रेशन कराने पर योजना का लाभ दिया जाएगा। इन लोगों को मिलेगा लाभः जिन्हें नियमित वेतन, नौकरी की सुरक्षा, पीएफ या पेंशन जैसे लाभ नहीं मिलते हैं, उन्हें भी असंगठित क्षेत्र के मजदूर मानकर योजना का लाभ दिया जाएगा। रिक्शा चालक, छोटे-मोटे निर्माण कार्य से जुड़े मजदूर, खेतिहर मजदूर, ईंट भट्ठा मजदूर, घरेलू सहायक व छोटे दस्तकार भी असंगठित क्षेत्र के मजदूर माने गए हैं।

# चौसा रेल ओवरब्रिज मई से होगा चालू, यातायात होगा सुगम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



♦ बक्सर में जाम से मिलेगी राहत, 2015 में शुरू हुआ था कार्य

**बक्सर**। बक्सर के चौसा में बन रहा रेल ओवरब्रिज (आरओबी) मई माह से वाहनों के परिचालन के लिए खुल सकता है। चौसा-कोचस मार्ग पर रेलवे स्टेशन के पास स्थित 78 ए गेट पर बन रहे इस आरओबी के चालू होने से स्थानीय लोगों को वर्षों से चली आ रही जाम की समस्या से राहत मिलेगी। राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा निर्मित यह ओवरब्रिज अपनी पूर्णता के करीब है। निगम के अनुसार, ओवरब्रिज के एप्रोच रोड का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। संपर्क मार्ग के कुछ शेष कार्य अप्रैल माह तक पूरे करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**अंतिम चरण में निर्माण कार्य- परियोजना पदाधिकारीः** परियोजना पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पुल के नीचे दोनों ओर कुछ छोटे-मोटे कार्य बचे हैं, जिन्हें जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। यह उल्लेखनीय है कि इस आरओबी का निर्माण कार्य वर्ष 2015 में शुरू हुआ था। हालांकि, विभिन्न कारणों से यह परियोजना लंबे समय तक अधूरी रही। संपर्क मार्ग के अपूर्ण रहने के कारण लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था।

**बरसात के मौसम में होती थी दिक्कत,मिलेगी राहतः** इस अवधि में रेलवे फाटक पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता था। विशेषकर बरसात के मौसम में स्थिति और भी विकट हो जाती थी, जब कीचड़ और जलजमाव के कारण लोगों की मुश्किलें बढ़ जाती थीं। स्थानीय निवासियों और जनप्रतिनिधियों ने इस परियोजना को शीघ्र पूरा करने की कई बार मांग की थी। परियोजना के अंतिम चरण में पहुंचने और मई से इसके चालू होने की संभावना से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। इस ओवरब्रिज के शुरू होने से यातायात सुगम होगा, समय की बचत होगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। परियोजना पदाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, ताकि आम लोगों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके

## युवक पर तलवार से हमला



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक सनसनीखेज घटना सामने आई। जहां वीडियो बनाने के आरोप में एक युवक पर तलवार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। सिर पर गंभीर चोटें आई है। घायल की पहचान रौजा मोहल्ला निवासी मो. यूनुस के पुत्र मो. अमन(20) के तौर पर हुई है। इलाद के लिए सदर हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। घटना मैना सुंदर धर्मशाला के पास की है।

**वीडियो बनाने का आरोप लगाकर माराः** पीड़ित ने बताया कि रामनवमी शोभायात्रा देखने के लिए गया था। वहां पहले से मौजूद दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बीच मोबाइल पर एक कॉल आया, जिससे मोबाइल का फ्लैश लाइट जल गया। इस पर दोनों पक्ष के लोग भड़क गए। वीडियो बनाने का आरोप लगाने लगा। मैंने सभी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई कुछ सुनने को तैयार नहीं था। मोबाइल जांच करने को भी कहा। इसके बाद भी नहीं माने। गुस्से में आकर तलवार से सिर पर हमला कर दिया। लहूलुहान होकर वहीं सड़क पर गिर पड़ा।

**छानबीन में जुटी पुलिसः** फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## रजिस्ट्री ऑफिस गोलीकांड का मुख्य शूटर गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। भोजपुर जिले के पीरो अनुमंडल स्थित रजिस्ट्री ऑफिस कैंपस में हुई गोलीबारी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुख्य आरोपी सूरज राय उर्फ गौतम राय को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बलिया से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से बचरी गांव का निवासी है, जो वर्तमान में पीरो नगर के वार्ड संख्या-26 में रह रहा था। एसपी राज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल एक राइफल, दो कारतूस और एक चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया है। बरामद हथियार नोनार पुलिया के पास झाड़ी में छिपाकर रखा गया था। जब्त राइफल लाइसेंसी है। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

**7 लोग हुए थे घायलः** बता दें, 24 मार्च को पीरो अनुमंडल स्थित रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में हथियारबंद बदमाशों ने अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग कर दहशत फैला दी थी। इस फायरिंग में एक प्रॉपर्टी डीलर समेत सात लोग गोली लगने से घायल हो गए थे। घायलों में बलुआ टोला निवासी प्रॉपर्टी डीलर जीतू यादव, उनके भाई सत्येंद्र यादव उर्फ मालखा यादव, पिंटू उर्फ कच्चे कुमार और रितेश दुबे शामिल हैं। जबकि तीन अन्य लोगों को छर्रे लगने से चोटें आई थीं। घटना के बाद घायल जीतू यादव के बयान पर सूरज राय समेत दस नामजद आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीरो एएसपी केके सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था, जिसने लगातार छापेमारी और तकनीकी जांच के जरिए मुख्य आरोपी तक पहुंच बनाई।

**स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को सजाः** इंस्पेक्टर दीपक साह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ने ही गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस अब शेष आरोपियों की तलाश में जुटी है। मामले में स्पीडी ट्रायल चलाकर दोषियों को जल्द सजा दिलाने की बात कही जा रही है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है, जबकि क्षेत्र में अब भी दहशत का माहौल बना हुआ है।

## गणेश हत्याकांड में पुलिस का एक्शन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



गणेश तिवारी
मृतक



**आरा**। भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में गणेश तिवारी हत्याकांड में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। शुक्रवार को पुलिस टीम ढोल-नगाड़े के साथ फरार चल रहे आरोपी आईटीबीपी जवान बसंत तिवारी के गांव बभनौली पहुंची। कोर्ट के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया गया है। जल्द सरेंडर करने चेतावनी दी है। सरेंडर नहीं करने पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव ने बताया कि सरेंडर नहीं करने पर आरोपी के खिलाफ कुर्की-जब्ती की कार्रवाई के लिए कोर्ट में आवेदन दिया जाएगा। वारदात के करीब डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिसके बाद यह कदम उठाया गया है।

**घटनास्थल से खोखा और पिलेट बरामदः** बता दें, 9 फरवरी 2026 की सुबह खिड़की खोलने के मामूली विवाद में बसंत तिवारी ने अपने चचेरे भाई गणेश तिवारी को गोली मार दी थी। सिर में गोली लगने से गणेश तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने घटनास्थल से खोखा और पिलेट भी बरामद किया था।

**40 दिन की छुट्टी पर गांव आया थाः** इस मामले में मृतक की पत्नी के बयान पर बसंत तिवारी और उसकी मां के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस लगातार उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है, लेकिन अब तक सफलता हाथ नहीं लगी है। आरोपी आईटीबीपी में तैनात है। घटना से पहले 40 दिनों की छुट्टी पर गांव आया हुआ था। पुलिस का कहना है कि अब इश्तेहार चस्पा करने के बाद आरोपी पर कानूनी दबाव और बढ़ेगा। अगर वह जल्द आत्मसमर्पण नहीं करता है, तो आगे की कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## फोरलेन पर डिवाइडर से टकराई बाइक

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। आरा-बक्सर फोरलेन पर शुक्रवार देर शाम बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बामपाली के पास की है। मृतक की पहचान हरनाथ कुंडी निवासी ललन प्रसाद के पुत्र प्रद्युम्न कुमार(24) के तौर पर है। स्नातक का छात्र था। घायल उसी गांव के कैलाश प्रसाद के पुत्र रामबाबू कुमार(25) है।

**बैलेंस बिगड़ने से डिवाइडर से टकराई बाइकः** मृतक के परिजन विकास कुमार यादव ने बताया कि दोनों रामनवमी शोभा यात्रा देखने के लिए बाइक से आरा गए थे। वहां से वापस लौटते समय अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। बैलेंस बिगड़ने से बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्रद्युम्न कुमार को मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहरामः** हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। परिवार में मां सूर्यवंती देवी, बहन पुष्पा कुमारी और एक भाई अमित कुमार है।

# वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में दो करोड़ की सोलर प्लेट 6 वर्ष से बेकार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के मुख्यालय परिसर में करीब दो करोड़ रुपए खर्च कर लगाया गया सौर प्लेट सिस्टम बेकार पड़ा हुआ है। इस मद में छह साल पहले ही एजेंसी को दो करोड़ रुपए का भुगतान भी हो चुका है। लेकिन छह साल से यह सोलर पैनल सिस्टम उपयोगविहीन पड़ा हुआ है। यह सोलर पैनल बिहार सरकार की तरफ से विश्वविद्यालय में लगाया गया था। आज तक सोलर पैनल सिस्टम को चालू ही नहीं किया गया है। सौर ऊर्जा से विश्वविद्यालय एवं इसके परिसर में न तो बल्ब न ही ट्यूब लाइट जला। जबकि बिजली मद में विद्युत विभाग का करीब साढ़े नौ लाख रुपया बकाया था। जिसमें करीब छह लाख रुपए का भुगतान करने की बात आ रही है। अब भी लाखों रुपए बकाया हैं। सौर पैनल छह वर्ष से बंद होने से दोहरा नुकसान हो रहा है। पहला- दो करोड़ रुपए बेकार में खर्च हो गए। दूसरा- सौर ऊर्जा जलने से बिजली की खपत कम होती लेकिन इसके बंद होने से विश्वविद्यालय को बिजली बिल भी चुकना पड़ रहा है। कुलसचिव डॉ रामकृष्ण ठाकुर ने बताया कि कुछ उपस्कर की कमी की वजह से सोलर प्लेट से सौर ऊर्जा नहीं मिल रही है। ब्रेडा ने लगाया था सोलर प्लेट सोलर प्लेट को लगाने के लिए बिहार रिन्यूएबल एनर्जी डेवलप्मेंट एजेंसी (ब्रेडा) को कार्य सौंपा गया था। ब्रेडा ने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन, विश्वामित्र भवन, राधाकृष्ण भवन, विज्ञान भवन, भोजपुरी भवन एवं गर्ल्स हॉस्टल के छत पर 205 सोलर प्लेट लगाए थे। ताकि सौर ऊर्जा से विश्वविद्यालय परिसर जगमग हो सके लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दो करोड़ की लागत से लगाया गया सोलर प्लेट बेकार हो चुका है। विश्वविद्यालय को सौर ऊर्जा नहीं मिली कई सोलर प्लेट गायब हो गए तो कई क्षतिग्रस्त कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर पीवी सिस्टम परियोजना के तहत वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन, विश्वामित्र भवन, राधाकृष्ण भवन, विज्ञान भवन, भोजपुरी भवन व गर्ल्स हॉस्टल के छत पर सोलर प्लेट लगाया था। दैनिक भास्कर ने जब इसकी पड़ताल की तो लगाए गए कई सोलर प्लेट गायब मिले। कई सोलर प्लेट टूट हुए नजर आए। भवन में मौजूद विभागों के हेड से पूछा गया तो उनलोगों ने बताया कि बंदर ने सोलर प्लेट को तोड़ दिया। सोलर प्लेट से सौर ऊर्जा विभाग को नहीं मिलता है।

## श्रीरामनवमी के अवसर पर रामभक्तों की सेवा में भाजपा नेता ने लगाया शरबत स्टॉल

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**आरा**। शहर में शुक्रवार को श्रीरामनवमी शोभायात्रा के अवसर पर कई संस्थाओं, संगठनों, प्रतिष्ठानों व समाजसेवियों ने राम भक्तों की सेवा में स्टॉल लगाया। इस क्रम में आरा के शिवगंज मोड़ पर दुर्गा मंदिर के पास भाजपा के युवा नेता ऋषभ राज सिंह ने भी राम भक्तों के लिए शरबत, पानी और जलपान का स्टॉल लगाया। भाजपा नेत्री व पूर्व विधायक आशा देवी और कुंवर सेना के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में हुए इस आयोजन में युवा नेता ऋषभ राज सिंह ने भगवान श्री रामलला की आरती उतारी। साथ ही राम भक्तों पर पुष्प वर्षा भी करायी। स्टॉल पर रामनवमी शोभायात्रा से जुड़े लोगों और टीम का स्वागत भी किया और उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। शोभायात्रा के अवसर पर रामभक्तो की सेवा के दौरान श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर, औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह और डुमरांव विधायक राहुल सिंह भी स्टॉल पर पहुंचे।

इस दौरान तीनों गणमान्य नेताओं ने ऋषभ राज सिंह को ऐसे ही लोगों की सेवा करते रहने और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर रिंकू सिंह, विष्णु मिश्रा, अंकित तिवारी, अजीत सिंह, अंकित कुमार, छोटू सिंह, अवधेश सिंह, शशि सिंह, मनीष कुमार, नीरज सिंह, बलराम चौबे समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गड़हनी में नल जल योजना में नहीं हो रहा सुधार

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**गड़हनी**। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सात निश्चय योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल-जल योजना गड़हनी प्रखण्ड क्षेत्र के लगभग सभी पंचायतों मे ध्वस्त नजर आ रही है। लाखों रुपये खर्च कर स्थापित की यह योजना ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। लेकिन जमीनी हकीकत उससे उलट दिखाई दे रही है। प्रखंड के सभी पंचायत में कई जगहों पर नल-जल योजना के पाइप क्षतिग्रस्त हैं। मोटर खराब पड़ा है और पानी की आपूर्ति ठप है। नल - जल योजना पीएचडी को देने के बावजूद भी नहीं सुधरी जबकि नल जल योजना सरकार में पीएचईडी के जिम्मे दे दिया है। उसके बावजूद भी अभी तक पूरी तरह सुधार नहीं हुआ है। यदि भीषण गर्मी के पहले पीएचईडी नहीं सुधार किया तो लोगों को दूर दराज कुओं या बाजार से पानी लाने को मजबूर होना पड़ेगा। शिवपुर गांव निवासी रामनाथ सिंह, राजू सिंह, बगवां गांव निवासी प्रदीप सिंह, अंकित सिंह का कहना है कि योजना शुरू होने के कुछ ही समय बाद नल-जल योजना रख रखाव की कमी के कारण पूरी तरह फेल हो गई थी। किसी भी पंचायत के सभी वार्डों में नल जल योजना सुचारू रूप से नहीं चल रहा है। जबकि सरकारी कागज पर सभी पंचायतों में नल जल योजना की लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।

## जिला नियोजनालय में आज विशेष जॉब कैंप

**बक्सर**। जिला नियोजनालय की ओर से 28 मार्च को आयोजित होने वाले विशेष जॉब कैम्प में भाग लेने के लिए नेशनल कैरियर सर्विस (एनएससी) पोर्टल पर पंजीकरण को अनिवार्य किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी http://www.ncs.gov.i n पर जाकर ऑनलाइन निबंधन कर सकते हैं। यह जॉब कैम्प संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई फील्ड स्थित जिला नियोजनालय परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगा। कैम्प में एलआईसी कंपनी द्वारा एजेंट पद के लिए कुल 50 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इसमें उम्मीदवारों का ऑन स्पॉट इंटरव्यू लेकर चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास निर्धारित है तथा 18 से 70 वर्ष तक के अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र डुमरांव एवं ब्रह्मपुर रहेगा तथा पुरुष एवं महिला दोनों उम्मीदवार आवेदन के पात्र हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना सिटी में संदिग्ध हालात में युवक का शव बरामद, पहचान में जुटी पुलिस

**पटना**। पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र में शनिवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। भद्रघाट स्थित रमना स्कूल के पास युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला, जिसके बाद स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सुबह जब आसपास के लोगों की नजर युवक पर पड़ी तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही आलमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत नशे के कारण हो सकती है। हालांकि, पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी पहलुओं की जांच कर रही है। कुछ स्थानीय लोग इसे संदिग्ध मानते हुए आपराधिक घटना की संभावना भी जता रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक को पहले कभी इस इलाके में नहीं देखा गया था, जिससे उसके बाहरी होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस आसपास के थानों से संपर्क कर गुमशुदगी के मामलों का मिलान कर रही है, ताकि उसकी पहचान हो सके। आलमगंज थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की पहचान के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। साथ ही फॉरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि युवक की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल मामले की गहन जांच जारी है। इस घटना से इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोग सच्चाई सामने आने का इंतजार कर रहे हैं।

### पटना में साहित्यिक आयोजनः "एक कोना मन" काव्य-संग्रह का लोकार्पण आज

**पटना**। पटना के साहित्यिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण आयोजन के तहत नवोदित कवयित्री निकुंज जैन के प्रथम काव्य-संग्रह "एक कोना मन" का लोकार्पण समारोह 29 मार्च 2026 को आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम साहित्य, संस्कृति और कला से जुड़े गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा। इस अवसर पर साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित सुप्रसिद्ध कवि अरुण कमल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं पद्मश्री से सम्मानित डॉ. विमल कुमार जैन विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में पटना के कई प्रतिष्ठित साहित्यकार, कवि, समीक्षक और बुद्धिजीवी भी उपस्थित रहेंगे। काव्य-संग्रह "एक कोना मन" में निकुंज जैन की 70 कविताओं का संकलन है। इन रचनाओं में स्त्री-अस्तित्व, प्रेम, संवेदनाएं, प्रकृति, सामाजिक सरोकार और आत्मबोध जैसे विविध विषयों को गहराई से अभिव्यक्त किया गया है। यह पुस्तक स्पर्श प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की गई है। लोकार्पण समारोह के दौरान पुस्तक विमोचन के साथ-साथ साहित्यकारों के विचार-विमर्श, काव्य-चर्चा और कवयित्री के साथ संवाद का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे यह कार्यक्रम और भी सार्थक बनेगा।

### बिहटा में वाहन जांच के दौरान शराब तस्करी का खुलासा, 29 बोतल बरामद, तस्कर फरार

**बिहटा,पटना**। पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार देर रात सघन वाहन जांच अभियान के दौरान शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया। डुमरी गांव के पास सड़क पर की गई इस कार्रवाई में एक बाइक से 29 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई, हालांकि बाइक सवार अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी अमित कुमार के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर इलाके में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में डुमरी गांव के समीप एक संदिग्ध बाइक को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखते ही चालक घबराकर बाइक छोड़ मौके से भाग निकला। पुलिस ने जब बाइक की तलाशी ली तो उसमें 750 एमएल की 29 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। कुल मात्रा लगभग 21.75 लीटर बताई जा रही है। मौके से स्प्लेंडर बाइक को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपी की पहचान करने के लिए आसपास के क्षेत्रों में छापेमारी की जा रही है। साथ ही स्थानीय स्तर पर भी जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि जल्द से जल्द तस्कर को गिरफ्तार किया जा सके। गौरतलब है कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी लागू है, इसके बावजूद अवैध शराब की तस्करी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। पुलिस द्वारा ऐसे कारोबार पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बिहटा की यह कार्रवाई भी इसी अभियान का हिस्सा है, जिससे अवैध शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसने की कोशिश की जा रही है।

### मसौढ़ी में सड़क किनारे मिला सड़ा-गला शव, पहचान नहीं, जांच में जुटी पुलिस



**मसौढ़ी,पटना**। पटना जिले के मसौढ़ी-एकंगर सराय मुख्य मार्ग पर शनिवार दोपहर करीब 1 बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। यह शव मसौढ़ी प्रखंड के भैंसमां पंचायत अंतर्गत पकड़ी और भैंसमां गांव के बीच दरियापुर डेमा पथ से सटी पूर्वी सड़क के नीचे पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने जब इलाके में तेज दुर्गंध महसूस की तो मौके पर जाकर देखा। वहां एक सड़ा-गला शव पड़ा हुआ था। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना प्रभारी विवेक भारती पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। आसपास के लोगों से शव की पहचान कराने की कोशिश की गई, लेकिन देर शाम तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। मामले में मसौढ़ी थाना के उपनिरीक्षक त्रिभुवन राम ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार एक विक्षिप्त व्यक्ति पिछले 5 से 7 दिनों से इलाके में भटक रहा था। आशंका जताई जा रही है कि बरामद शव उसी व्यक्ति का हो सकता है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है और मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

### वैशाली स्कूल में 180 स्टूडेंट, मिले सिर्फ 17, 12 टीचर मौजूद

**हाजीपुर**। वैशाली के पातेपुर स्थित उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मौदह चतुर में शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं। उप मुखिया प्रतिनिधि सह अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के जिला उपाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने इस विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रों की बेहद कम उपस्थिति पाई। कक्षा 9 और 11 में कुल 180 छात्र नामांकित हैं, लेकिन निरीक्षण के समय केवल 17 छात्र ही उपस्थित मिले। विद्यालय में एक प्रधानाध्यापक और 12 शिक्षक पदस्थापित हैं। राजीव कुमार सिंह ने निरीक्षण की वीडियो रिकॉर्डिंग जिला पदाधिकारी को भेजी। वीडियो प्राप्त होने के बाद, जिला पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित शिक्षक/शिक्षिकाओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया है। इस संबंध में एक पत्र भी जारी किया गया है। छात्रों की इतनी कम उपस्थिति यह दर्शाती है कि विद्यालय का शैक्षणिक और प्रशासनिक माहौल संतोषजनक नहीं है। यह स्थिति शिक्षकों और प्रधानाध्यापक द्वारा छात्रों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अपेक्षित रुचि न लेने की ओर इशारा करती है। यह सरकारी संसाधनों के संभावित दुरुपयोग और कर्तव्यों के प्रति उदासीनता को दर्शाता है।

# हाजीपुर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेलकर्मियों को 'विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' से सम्मानित

## 94 अधिकारियों-कर्मचारियों को मिला सम्मान, विभिन्न मंडलों को दक्षता एवं स्वच्छता शील्ड प्रदान










सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**हाजीपुर**। वैशाली रेल प्रेक्षागृह, हाजीपुर में आयोजित भव्य समारोह में पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' से सम्मानित किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसमें पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव समेत मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक टीमों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

समारोह में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कुल 94 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा विभिन्न विभागों एवं मंडलों के बीच 56 दक्षता और सर्वांगीण दक्षता शील्ड भी प्रदान की गईं। उत्कृष्ट कार्यकुशलता के लिए वर्ष 2025 का महाप्रबंधक ओवरऑल एफिशिएंसी शील्ड पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल को प्रदान किया गया, जबकि रनर्स-अप कप धनबाद मंडल को मिला। स्वच्छता अभियान के तहत बड़े स्टेशनों की श्रेणी में धनबाद, मध्यम श्रेणी में पाटलिपुत्र स्टेशन तथा छोटे स्टेशनों में सलौना स्टेशन को स्वच्छता शील्ड से सम्मानित किया गया। वहीं, जन शिकायत निवारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रेल मदद शील्ड भी धनबाद मंडल को प्रदान की गई।

अपने संबोधन में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि पूर्व मध्य रेल ने अपनी स्थापना से अब तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 31 हजार करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर यह जोन भारतीय रेल में शीर्ष स्थान पर पहुंचा है। साथ ही, लगातार दूसरे वर्ष 200 मिलियन टन माल लदान कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए 12 जोड़ी वंदे भारत, 17 जोड़ी अमृत भारत और 1 जोड़ी नमो भारत रैपिड रेल का संचालन किया जा रहा है। हाल ही में 4.5 किलोमीटर लंबी 'रुद्रास्त्र' नामक देश की सबसे लंबी मालगाड़ी का सफल संचालन भी पूर्व मध्य रेल की बड़ी उपलब्धि है।

कर्मचारी कल्याण के क्षेत्र में भी कई अहम कदम उठाए गए हैं। इसके तहत 739 छात्राओं को 1 करोड़ 33 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई, वहीं स्कूली छात्राओं को साइकिल भी वितरित की गई। समारोह में दानापुर, धनबाद, समस्तीपुर, सोनपुर एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधकों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं तथा रेलकर्मियों के परिवारजन उपस्थित रहे। यह आयोजन रेलकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने और बेहतर कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## मसौढ़ी में युवक की संदिग्ध मौत, पत्नी व ससुराल पक्ष पर जहर देकर हत्या का आरोप

**पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पत्नी और सास को भेजा जेल, मामले की जांच जारी**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी**। लहसुना थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के परिजनों ने उसकी पत्नी और ससुराल पक्ष पर जहर देकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतक की पहचान बदरोई गांव निवासी नागेंद्र यादव के पुत्र अजीत कुमार के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मृतक की मां संजू देवी ने लहसुना थाना में लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया है कि उनका पुत्र अजीत कुमार अपने ससुराल, पालीगंज थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव गया हुआ था।

संजू देवी के अनुसार, ससुराल में पत्नी और अन्य परिजनों ने मिलकर अजीत कुमार को जहर पिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद शव को उस्मानचक के बधार में फेंककर सभी फरार हो गए। मृतक की मां के बयान के आधार पर पुलिस ने अजीत कुमार की पत्नी आरती देवी, सास संगीता देवी, ससुर संजय यादव और साले सोनू कुमार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए लहसुना थाना पुलिस ने आरोपी पत्नी आरती देवी और सास संगीता देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना अध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि परिजनों की सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है, वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है ताकि मामले का जल्द खुलासा हो सके।

# बिहटा मोबाइल दुकान चोरी कांड का खुलासाः दो आरोपी गिरफ्तार, 7 मोबाइल बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता






**बिहटा,पटना**। पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र में स्थित कन्हौली बाजार के एक मोबाइल दुकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से चोरी के 7 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। यह चोरी की घटना 1 मार्च को हुई थी, जिसमें दुकान से कुल 72 मोबाइल और अन्य सामान चुरा लिए गए थे।

पटना पश्चिम के सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि घटना के बाद मामला दर्ज कर पुलिस ने तकनीकी टीम की मदद से जांच शुरू की। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक आरोपी की पहचान हुई, जिसके आधार पर पुलिस ने आगे की कार्रवाई की।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फुलवारी शरीफ निवासी आफताब आलम और गया निवासी मो. साबिर आलम के रूप में हुई है। पुलिस ने आफताब आलम के पास से 6 चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए, जबकि मो. साबिर आलम के पास से 1 मोबाइल फोन मिला है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आफताब आलम ने बताया कि उसने चोरी का एक मोबाइल गया निवासी मो. साबिर आलम को बेच दिया था।

इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए साबिर को भी गिरफ्तार कर लिया। इस तरह चोरी का सामान खरीदने वाले को भी पुलिस ने शिकंजे में लिया है। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की पहचान में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## अखंड कीर्तन से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा 321 कलश के साथ गूंजा भक्ति का स्वर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मसौढ़ी**। चपौर पंचायत के डोमाचक गांव में शनिवार को 24 घंटे के अखंड कीर्तन से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कलश यात्रा डोमाचक गांव स्थित देवी स्थान मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई। श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर भक्ति भाव के साथ आगे बढ़ते रहे। पूरे मार्ग में गाजे-बाजे की मधुर धुनों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। यात्रा में सुसज्जित घोड़े भी शामिल किए गए, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे।

यह कलश यात्रा देवी स्थान से निकलकर भलूआ स्थित सूर्य मंदिर के तालाब तक पहुंची। वहां विधिवत पूजा-अर्चना और आरती के बाद कलश में जल भरा गया। संकल्प लेने के उपरांत श्रद्धालुओं ने तालाब की परिक्रमा की और फिर कलश को पुनः देवी स्थान मंदिर में स्थापित किया।

इस पावन यात्रा में कुल 321 कलश के साथ हजारों श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर वार्ड संघ के अध्यक्ष अरुण प्रसाद, आयोजक सिंटू कुमार, जय प्रकाश कुमार, दीपक कुमार, आलोक कुमार, बउआ कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सीमेंट लदा ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत, सीमा विवाद में उलझी रही पुलिस

**तीन घंटे तक कार्रवाई में देरी, बाद में मसौढ़ी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**मसौढ़ी**। पटना-गया एनएच-22 पर नऊबाग गांव के समीप शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई। मृतक की पहचान मंझौली गांव निवासी शियाशरण उर्फ जटहा यादव के 42 वर्षीय पुत्र मनोज यादव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि मनोज यादव मसौढ़ी से सीमेंट लादकर नदवां की ओर जा रहे थे।

इसी दौरान नऊबाग गांव के पास अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया। ट्रैक्टर के नीचे दब जाने से चालक मनोज यादव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद धनरूआ और मसौढ़ी थाना की पुलिस के बीच क्षेत्राधिकार (सीमा) को लेकर विवाद हो गया, जिसके कारण करीब तीन घंटे तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी और कार्रवाई प्रभावित रही। बाद में मसौढ़ी थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसा काफी भीषण था और ट्रैक्टर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। वहीं, इस हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है।

## पटना एम्स में पीजी छात्र ने किया सुसाइड अटेम्प्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। राजधानी पटना स्थित पटना एम्स में पीजी प्रथम वर्ष के एक छात्र ने हॉस्टल के कमरे में नशीली दवा का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। छात्र की पहचान पश्चिम बंगाल के मुकुंदपुर निवासी डॉ. विश्वास कुमार के रूप में हुई है। फिलहाल, डॉ. विश्वास की स्थिति गंभीर बनी हुई है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लगातार उनका इलाज कर रही है। घटना शुक्रवार की है। सुबह ड्यूटी पर नहीं पहुंचने पर सहपाठियों को शक हुआ। जब वे छात्रावास के कमरा नंबर 13 पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। खिड़की से देखने पर डॉ. विश्वास बिस्तर पर अचेत पड़े थे। साथियों ने खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया और तुरंत उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलने पर फुलवारी शरीफ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि कमरे की तलाशी के दौरान अंग्रेजी में लिखा एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है-'कृपया मुझे जिंदा करने की कोशिश न करें, मुझे शांति से मरने दें।' पुलिस ने कमरे को सील कर दिया है और फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। यह भी जांच की जा रही है कि छात्र किसी मानसिक तनाव में था या नहीं। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## कांग्रेस 2-3 अप्रैल को करेगी विरोध प्रदर्शन

## प्रदेश अध्यक्ष बोले- जब तक एलपीजी और आवश्यक वस्तुओं की किल्लत खत्म नहीं होगी, संघर्ष करेंगे

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना**। रसोई गैस की किल्लत, पेट्रोल-डीजल और बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस राज्य में विरोध करेगी। 2 अप्रैल को बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के निर्देश पर इस बढ़ोतरी के खिलाफ सभी प्रखंड मुख्यालयों में आंदोलन चलाया जाएगा। 2 अप्रैल को सभी प्रखंड मुख्यालयों में प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया जाएगा। इसके बाद 3 अप्रैल को राज्य मुख्यालय पर व्यापक प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में होना है। राजेश राम ने कहा कि जब तक आम जनता को LPG, महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की किल्लत से राहत नहीं मिलेगी, तब तक पार्टी जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगी।

**पार्टी जनता की आवाज बनकर संघर्ष करती रहेगीः** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी जिला प्रभारियों, जिला अध्यक्षों, कार्यकारी अध्यक्षों तथा प्रदेश पदाधिकारियों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संगठित कर बड़ी संख्या में भागीदारी निभाएं।

**आम जनता महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की किल्लत से त्रस्त हैः** प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि आम जनता महंगाई और आवश्यक वस्तुओं की किल्लत से त्रस्त है। रसोई गैस की उपलब्धता में भारी कमी और पेट्रोल-डीजल व बिजली की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है, लेकिन केंद्र सरकार इस गंभीर समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। इसी को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों पर प्रदर्शन करेगी।

# उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उलिहातु में बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि, वंशजों से की मुलाकात





**एजेंसी। खूंटी**

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन शनिवार को झारखंड के खूंटी जिले स्थित भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु पहुंचे। उनके साथ झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार भी मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति और राज्यपाल ने उलिहातु पहुंचकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने



बिरसा मुंडा के वंशजों से मुलाकात की और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। यह कार्यक्रम श्रद्धा और सम्मान के माहौल में आयोजित किया गया। अपने दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति ने वहां उपस्थित बच्चों से संवाद भी किया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, अपने लक्ष्य निर्धारित करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उपराष्ट्रपति बिरसा कॉम्प्लेक्स पहुंचे, जहां उन्होंने पुनः बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। यहां उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और हालात के बारे में जानकारी ली। इससे पहले उपराष्ट्रपति के आगमन पर हेलीपैड पर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने राज्यपाल के साथ मिलकर उपराष्ट्रपति का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपायुक्त आर. रॉनिटा और पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, उपराष्ट्रपति के सचिव अमित खरे समेत कई गणमान्य अतिथि भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति के इस दौरे को आदिवासी गौरव और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ उनके विचारों और योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

## बच्ची की हत्या मामले में 24 घंटे के भीतर कार्रवाई नहीं हुई, तो 30 मार्च को हजारीबाग बंद : आदित्य साहू

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने हजारीबाग जिले के बरही प्रखंड के कुसुम्बा गांव में हुई एक बच्ची की हत्या की घटना को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला है। रांची स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान साहू ने कहा कि रामनवमी और चैत्र नवरात्रि जैसे पर्वों के बीच इस तरह की जघन्य घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बच्ची का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और बाद में बेहद क्रूर तरीके से उसकी हत्या कर दी गई, जो अत्यंत अमानवीय और निंदनीय है। आदित्य साहू ने पुलिस-प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में अपराधियों के मन से कानून का भय समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के बजाय अन्य कार्यों में उलझी हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी पीड़ित परिवार से मिलने तक नहीं पहुंचे। भाजपा ने इस मामले में सरकार के समक्ष कई मांगें रखी हैं, जिनमें आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी और उन्हें कड़ी सजा दिलाने, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा, पीड़िता के पिता को सरकारी नौकरी तथा परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग शामिल है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि जल्द आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होती है, तो 29 मार्च को हजारीबाग जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। इसके अलावा 30 मार्च को पूरे जिले में बंद का आह्वान किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसके बाद भी कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को पूरे झारखंड में विस्तारित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इतनी गंभीर घटना पर उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने आदित्य साहू के बयान को बताया दुर्भाग्यपूर्ण





**रांची।** झारखंड के हज़ारीबाग में हुई दुष्कर्म की घटना को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा को पहले अपने शासित राज्यों में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर आत्ममंथन करना चाहिए, बजाय इसके कि वह हर घटना का राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश करे। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म जैसी जघन्य घटनाएं समाज पर कलंक हैं और इनके खिलाफ सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर सख्त कदम उठाने चाहिए। लेकिन भाजपा इस गंभीर मुद्दे पर भी राजनीतिक रोटियां सेंकने से बाज नहीं आ रही है। राकेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, वहां महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन इन घटनाओं पर पार्टी की चुप्पी साफ दिखाई देती है। इस बयान के साथ ही झारखंड की राजनीति में हजारीबाग की घटना को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है, जहां दोनों प्रमुख दल एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही पर होगी कडी कार्रवाई : उपायुक्त



**पूर्वी सिंहभूम।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने को लेकर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शनिवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक में उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं है। उपायुक्त ने प्रोजेक्ट उल्लास के तहत मिर्गी रोगियों की पहचान और उनके समुचित इलाज को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि नियमित शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार से जोड़ा जाए और व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। उन्होंने घाटशिला अस्पताल के शिशु केयर यूनिट में पिछले एक वर्ष में 11 नवजात शिशुओं की मौत पर चिंता जताया। कुपोषण उपचार केंद्रों में कम बेड ऑक्यूपेंसी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित और संवेदनशील स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए और लाभार्थियों को काउंसलिंग के माध्यम से जागरूक किया जाए। संस्थागत प्रसव को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में हर प्रसव अस्पताल में ही हो, यह सुनिश्चित किया जाए। घरों में हुए प्रसव के मामलों का केस स्टडी के माध्यम से विश्लेषण कर बोड़ाम और डुमरिया क्षेत्र में सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। साथ ही गुड़ाबांदा के बनमाकड़ी पंचायत सहित सभी पंचायतों में ममता वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें और लापरवाही बरतने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ साहिर पाल, डॉ जोगेश्वर प्रसाद, डॉ रंजीत पांडा, डॉ ए मित्रा, डॉ मृत्युंजय धावड़िया सहित अन्य मौजूद थे।

### रामनवमी की देर रात निकली शोभायात्रा में 36 अखाड़ों ने लिया हिस्सा



**पश्चिमी सिंहभूम।** शहर चाईबासा में रामनवमी का पर्व शुक्रवार देर रात 2.30 बजे तक शांतिपूर्वक और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शहर में कुल 42 अखाड़ों में से लगभग 36 अखाड़ों ने भव्य शोभायात्रा में हिस्सा लिया। सभी अखाड़ों ने आकर्षक मूर्तियां, झांकियां, लाइट और गाजे-बाजे के साथ निर्धारित रूट पर भ्रमण किया। पूरे शहर में जय श्री राम, जय हनुमान और जय बजरंगबली के नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। करीब 06 से 07 किलोमीटर लंबी इस शोभायात्रा में अखाड़ों का उत्साह देखने लायक था। विशेष रूप से बजरंग दल अखाड़ा के साथ दुर्गा वाहिनी की बच्चियों की ओर से प्रस्तुत किए गए करतबों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। बच्चियों का प्रदर्शन काफी सराहनीय रहा और लोगों ने जमकर तालियां बजाईं। वहीं श्री सरस्वती हरि बोल कमेटी की ओर से निकाली गई झांकी भी लोगों के बीच चर्चा का विषय रही। देर रात्रि 2.30 बजे अंतिम अखाड़ा यंग स्टार क्लब के अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने के साथ ही शोभायात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम के बाद महावीर मंडल के पदाधिकारियों ने प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि सभी के सहयोग से रामनवमी का पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हो सका।

## उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन पहुंचे रांची, उलिहातू में बिरसा मुंडा को देंगे श्रद्धांजलि,आईआईएम के दीक्षांत समारोह में होंगे शामिल

**एजेंसी। रांची**




उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन शनिवार को भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से रांची पहुंचे। उनका विमान बिरसा मुंडा हवाई अड्डा पर उतरा, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उपराष्ट्रपति के पदभार संभालने के बाद यह उनका झारखंड का पहला दौरा है। हवाई अड्डे पर मौजूद अधिकारियों और नेताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत करते हुए अभिवादन किया। रांची पहुंचने के बाद उपराष्ट्रपति हेलीकॉप्टर से खूंटी जिले के उलिहातू गांव के लिए रवाना हुए। यह गांव महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा का जन्मस्थान है। वहां वे बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उनके परिजनों से मुलाकात भी करेंगे। इसके बाद उपराष्ट्रपति रांची लौटकर भारतीय प्रबंधन संस्थान, रांची के 15वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे। इस समारोह में सात मेधावी छात्रों को पदक और उपाधियां प्रदान की जाएंगी, जबकि कुल 558 छात्रों को डिग्रियां दी जाएंगी। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहेंगी। उल्लेखनीय है कि सी. पी. राधाकृष्णन इससे पहले झारखंड के राज्यपाल के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

## ईवीएम वेयरहाउस का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**एजेंसी। पश्चिमी सिंहभूम**



उपायुक्त चंदन कुमार ने शनिवार को चाईबासा सदर अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम वेयरहाउस का चालू वर्ष का पहला त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस परिसर का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, जनरेटर रूम सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। साथ ही ईवीएम रखे गए कमरों की सीलिंग और सुरक्षा मानकों की भी जांच की गई, ताकि किसी भी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश न रहे। निरीक्षण के बाद उपायुक्त की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आगामी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मतदाता सूची तैयार करने, उसमें संशोधन और पुनरीक्षण की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त चंदन कुमार ने बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों को बूथ लेवल एजेंट-द्वितीय (बीएलए -2) की नियुक्ति, उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलए -2 की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी ढंग से संपन्न किया जा सके। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी बंधन लॉन्ग के अलावा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे, जिनमें कांग्रेस के त्रिशानु राय, भाजपा के रंजन प्रसाद, झामुमो के विश्वनाथ बाड़ा, आजसू के सुजीत गिरी और बसपा के जेम्स हेम्ब्रम सहित अन्य लोग शामिल थे।

## रामनवमी विसर्जन जुलूस को लेकर हाई अलर्ट

**एजेंसी। पूर्वी सिंहभूम**



रामनवमी विसर्जन जुलूस को लेकर शनिवार को पूरा शहर हाई अलर्ट पर है। प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। मानगो, कदमा, परसुडीह, टेल्को और धातकीडीह को संवेदनशील घोषित करते हुए इन इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। शहरभर में 1650 पुलिसकर्मियों और 313 दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है, जबकि 340 सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। शुक्रवार को साकची, काशीडीह और शीतला मंदिर समेत कई इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों में सुरक्षा का भरोसा जगाया। दंगा नियंत्रण बल और जगुआर टीम के जवानों ने संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर हालात का जायजा लिया। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी तरह की हुड़दंग, स्टंटबाजी या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिना नंबर प्लेट की बाइक से स्टंट करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की तैयारी है। शहर के 168 अखाड़ा जुलूसों की निगरानी के लिए 48 विशेष मॉनिटरिंग टीमें तैनात की गई हैं। प्रमुख मार्गों जैसे साकची, कदमा और गोलमुरी में वीडियो रिकॉर्डिंग की विशेष व्यवस्था की गई है। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर है और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सीधे केस दर्ज करने की चेतावनी दी गई है। दो वर्ष पूर्व हुई अप्रिय घटना को देखते हुए कदमा के शास्त्रीनगर इलाके को सुरक्षा के लिहाज से किले में तब्दील कर दिया गया है। यहां 18 अस्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और बिजली बाधित होने की स्थिति में जुलूस प्रभावित न हो, इसके लिए छह प्रमुख स्थानों पर हाई क्षमता वाले जेनरेटर की व्यवस्था की गई है।

## रांची के बिरसा मुंडा चिड़ियाघर में मांस आपूर्ति ठप, दूसरी बार टेंडर रद्द होने से बढ़ी चिंता

**एजेंसी। रांची**

रांची स्थित बिरसा मुंडा चिड़ियाघर इन दिनों गंभीर प्रशासनिक चुनौती का सामना कर रहा है। यहां मांसाहारी जानवरों के लिए मांस की आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है। यह स्थिति मांस आपूर्ति से जुड़े टेंडर को लगातार दूसरी बार रद्द किए जाने के बाद उत्पन्न हुई है, जिससे चिड़ियाघर प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल, चिड़ियाघर प्रशासन द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए जारी टेंडर में प्रतिदिन 118.75 किलोग्राम बिना हड्डी वाला और 30 किलोग्राम हड्डी सहित मांस की आपूर्ति का प्रावधान रखा गया था। हालांकि, निर्धारित समय सीमा तक केवल दो ही आवेदकों ने इसमें भाग लिया। नियमों के तहत पर्याप्त प्रतिस्पर्धा नहीं होने के कारण टेंडर को रद्द कर दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि पारदर्शिता बनाए रखने और बेहतर प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है, ताकि भविष्य में अधिक योग्य आपूर्तिकर्ता सामने आ सकें। लेकिन लगातार दूसरी बार टेंडर रद्द होने से प्रशासन की तैयारियों और योजना पर सवाल उठने लगे हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2025-26 में भी इसी तरह की स्थिति बनी थी, जब टेंडर रद्द होने के बाद पुराने आपूर्तिकर्ता खालिद रजा को आपूर्ति का जिम्मा सौंपा गया था। फिलहाल, वही आपूर्तिकर्ता 'आजादबस्ती प्रतिबंधित मांस कांड' में फरार बताया जा रहा है, जिससे मामले की संवेदनशीलता और बढ़ गई है। मांस की आपूर्ति बंद होने से चिड़ियाघर के शेर, बाघ और अन्य मांसाहारी जानवरों के भोजन की व्यवस्था करना प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि जल्द वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो इसका सीधा असर जानवरों के स्वास्थ्य और देखभाल पर पड़ सकता है।

## झारखंड के साहिबगंज में सबसे अधिक 64 मिमी बारिश दर्ज, 02 अप्रैल तक येलो अलर्ट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड में पिछले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में बारिश दर्ज की गई, जिसमें राजमहल (साहिबगंज) में सबसे अधिक 64 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार, इस अवधि में जगन्नाथपुर में 33.4 मिमी, बरही (डीवीसी) में 26.3 मिमी, चाकुलिया में 23.4 मिमी, कांके (बीएयू) में 16.2 मिमी, आनंदपुर में 16 मिमी, रामगढ़ डीवीसी में 15.5 मिमी, बहरागोड़ा में 13.2 मिमी, बालूमाथ में 12.2 मिमी, पोटका में 11.6 मिमी तथा सरायकेला-खरसावां, सिसई और भरनो में करीब 11 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 2 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश और वज्रपात की संभावना बनी रहेगी। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। 29 मार्च को उत्तर-पूर्वी इलाकों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, साथ ही वज्रपात की भी आशंका है। राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में 31 मार्च को उत्तर-पश्चिमी हिस्सों को छोड़कर हल्की बारिश, गरज-चमक और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। वहीं 1 अप्रैल को दक्षिणी जिलों और 2 अप्रैल को दक्षिण-पश्चिमी एवं मध्यवर्ती क्षेत्रों में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान है। तापमान की बात करें, तो पिछले 24 घंटों में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 40.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान गुमला में 13.7 डिग्री सेल्सियस रहा। शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। हालांकि शुक्रवार को हुई हल्की बारिश के कारण रांची समेत कई जिलों में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। राजधानी रांची में शनिवार को अधिकतम तापमान 33.8 डिग्री और न्यूनतम 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 36.5 और न्यूनतम 20.2 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 38 और न्यूनतम 20.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 36.8 और न्यूनतम 21.2 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 39.4 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने लोगों से अपील की है कि वज्रपात के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और सावधानी बरतें।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक– 1098 दिनांक– 09.03.2026 के आलोक में आदर्श विद्यालय योजनांतर्गत जिले में संचालित तीन उत्कृष्ट विद्यालयों– District R.K. Ramasahu CM School of Excellence Garhwa, R.K. CM School of Excellence Girls Garhwa एवं KGBV CM School of Excellence Garhwa में नामांकन हेतु दिनांक– 15.03.2026 को आयोजित प्रवेश परीक्षा का कोटिवार मेधा सूची तैयार कर जिले के अधिकारिक वेबसाईट– **https://garhwa.nic.in** पर अपलोड करा दी गई है साथ ही परीक्षा परिणाम संबंधित विद्यालयों एवं जिला कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी चस्पा करा दी गई है। सफल अभ्यर्थियों एवं उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक/वार्डेन से संपर्क स्थापित करते हुए यथाशीघ्र नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण करायेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR 376218 (Human Resource Development) 25-26 (D)



**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**

**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**निविदा रद्द करने संबंधी सूचना**

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 384/जि0अ0, दिनांक 06.03.2026 द्वारा निर्गत अतिअल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 23/2025-26 (PR No-374278) अन्तर्गत कुल 08 PHC के निर्माण हेतु निविदा आमंत्रित किया गया था। निदेशानुसार उक्त में से निम्नांकित 04 योजनाओं की निविदा अपरिहार्य कारणो से रद्द की जाती है:–

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत/ग्राम | योजना का नाम | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 | Tender ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | तरहसी | तरहसी/ तरहसी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तरहसी का निर्माण। | NIT-23/ 2025-26/ Gr-02 | 2026_ZPPAL_1 10922_1 |
| 2 | पाटन | कसवाखाड़/ नावाजयपुर | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नावाजयपुर का निर्माण। | NIT-23/ 2025-26/ Gr-03 | 2026_ZPPAL_1 10923_1 |
| 3 | हरिहरगंज | ढकचा/ ढकचा | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढकचा का निर्माण। | NIT-23/ 2025-26/ Gr-04 | 2026_ZPPAL_1 10924_1 |
| 4 | पाँकी | केल्हवा/ बोरोदीरी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरोदीरी का निर्माण। | NIT-23/ 2025-26/ Gr-07 | 2026_ZPPAL_1 10927_1 |

ह0/–
जिला अभियंता,जिला परिषद, पलामू

PR 376210 District(25-26).D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा के 10,458 कर्मचारियों को हाईकोर्ट से राहत, सरकारी नौकरी बरकरार

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने 10 हजार से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों को राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा भर्ती परीक्षा रद्द करने के फैसले के बाद यह सभी कर्मचारी अनिश्चितता की स्थिति में जी रहे थे। कई कर्मचारियों द्वारा दायर की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने माना कि भर्ती प्रक्रिया रद्द करने को गलत तरीके से लागू किया गया है। ऐसे में इन सभी उम्मीदवारों को नौकरी जारी रहेगी। कर्मचारियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्रा और जस्टिस सुदीप्ति शर्मा की पीठ सीईटी भर्ती परीक्षा को लेकर फैसला सुनाया। अदालत ने स्पष्ट किया कि अब यह भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने का पुराना निर्णय केवल 'ग्रुप 56-57' पर लागू होगा, जहां विवादित नियम का प्रभाव महत्वपूर्ण पाया गया। इसके अलावा जो भी लोग इसके प्रभाव में आए हैं। उनकी नौकरी को बरकरार रखा जाएगा। यह मामला तब शुरू हुआ था, जब हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 2 मई 2022 को ग्रुप -सी और ग्रुप-डी के पदों की भर्ती के लिए सीईटी नीति लागू की गई थी। दो चरणों की इस प्रक्रिया में सामाजिक और आर्थिक आधार पर उम्मीदवारों को अतिरिक्त पांच नंबर दिए जाने थे। सरकार के इस प्रावधान को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई, जिसके बाद कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। इसके बाद 31 मई 2024 को उच्च न्यायालय ने इस नियम को समानता के प्रावधानों का उल्लंघन करार दिया। इसके बाद कोर्ट ने पूरी भर्ती प्रक्रिया को ही रद्द कर दिया। राज्य सरकार ने उच्च न्यायालय के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन वहां भी इसे खारिज कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद चुने गए लगभग 10,458 उम्मीदवार अधर में आ गए। फिर उम्मीदवारों ने हाई कोर्ट में याचिका लगाना शुरू किया, जिस पर अब उच्च न्यायालय ने नया फैसला दिया है। जस्टिस मिश्रा और जस्टिस शर्मा ने मामले की फिर से जांच करते हुए कहा कि बार-बार अवसर दिए जाने के बावजूद ऐसा एक भी उदाहरण अदालत के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया जहां सीईटी-1 में योग्य घोषित किसी उम्मीदवार को सीईटी-2 में उपस्थित होने का अवसर नहीं दिया गया हो। इस प्रकार, इन 24 ग्रुपों में सामाजिक-आर्थिक नियम के तहत दिए गए अंकों का कोई प्रभाव नहीं था। अत: कोर्ट ने इन उम्मीदवारों के सीईटी परिणामों को रद्द करने में गलती की। ऐसे में इन 24 समूहों के अंतर्गत पदों के लिए चयनित और नियुक्त उम्मीदवारों को कानून के अनुसार सेवा में बने रहने की अनुमति दी जाएगी।

### निजी स्कूलों की मनमानी फीस पर लगाम लगाएगी सुक्खू सरकार

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमाने तरीके से फीस बढ़ाने की शिकायतों के बीच राज्य सरकार नियमों में संशोधन करने की तैयारी कर रही है। यह जानकारी शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शुक्रवार को विधानसभा में विधायक राम कुमार के प्रश्न के जवाब में दी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश, दिल्ली, तमिलनाडु, कर्नाटक और हरियाणा सहित कई राज्यों में निजी स्कूलों की फीस को लेकर नियमों में बदलाव किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार भी इन्हीं राज्यों की तर्ज पर नियमों में संशोधन करेगी, जिससे निजी स्कूलों द्वारा ज्यादा फीस वसूलने पर नियंत्रण किया जा सके। 'फीस तय करने का कोई प्रावधान नहीं है' उन्होंने बताया कि फिलहाल हिमाचल में निजी स्कूलों की निगरानी हिमाचल प्रदेश रेगुलेशन एक्ट, 1997 के तहत की जाती है। इस कानून के तहत निजी स्कूलों की कार्यप्रणाली पर नजर रखी जाती है, लेकिन इसमें फीस तय करने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान व्यवस्था में निजी स्कूलों की फीस सरकार तय नहीं करती है। हालांकि यदि किसी विधायक या जनप्रतिनिधि के पास ज्यादा फीस वसूलने से जुड़े ठोस मामले हैं तो उनकी जानकारी सरकार को दी जाए, जिससे आवश्यक कार्रवाई की जा सके। किन सीटों पर दाखिले बहुत कम हो रहे थे? शिक्षा मंत्री ने यह भी बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटों पर दाखिला देना अनिवार्य है।

# लखनऊ में एक और पुल बनेगा, रायबरेली रोड पर कम होगा ट्रैफिक का दबाव, 157 करोड़ मंजूर

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के दक्षिण क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में योगी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। ट्रैफिक जाम को कम करने के लिए एक और पुल को हरी झंडी मिली है। लखनऊ के साउथ सिटी और रजनीखंड के बीच एक रेलवे लाइन पर दो लेन के रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी मिल गई है। उतरेठिया रेलवे स्टेशन के पास बनने वाले इस महत्वपूर्ण पुल के लिए सरकार ने 157 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। इस परियोजना के धरातल पर उतरने से रायबरेली रोड पर लगने वाले भीषण जाम से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।



**लाखों लोगों को मिलेगी जाम से मुक्ति**

सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह इस ओवरब्रिज के निर्माण के लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। उन्होंने निर्माण की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह परियोजना सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। विधायक डॉ. सिंह के अनुसार, इस आरओबी के बन जाने से एसजीपीजीआई और तेलीबाग के आसपास स्थित सैकड़ों कॉलोनियों में रहने वाले लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। वर्तमान में रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण एम्बुलेंस से लेकर आम राहगीरों को घंटों इंतजार करना पड़ता था, जो अब बीते दिनों की बात हो जाएगी। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि कर्नल सत्येंद्र सिंह और क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक एवं निवासी लंबे समय से इस आरओबी के निर्माण की मांग कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'जनता की मांग को पूरा करना और उनके आवागमन को सुगम बनाना हमारी प्राथमिकता है। इस पुल की स्वीकृति मिलना जनभावनाओं का सम्मान है।' यह परियोजना न केवल क्षेत्र के रहवासियों के लिए यात्रा को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाएगी, बल्कि ईंधन और समय की बचत में भी सहायक होगी।

विकास की नई रफ्तार लखनऊ का दक्षिणी हिस्सा तेजी से विस्तार ले रहा है। रायबरेली रोड पर बढ़ता ट्रैफिक का दबाव प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बना हुआ था। ?157 करोड़ की लागत से बनने वाला यह दो लेन का पुल आधुनिक इंजीनियरिंग का नमूना होगा। यह प्रदेश में सुदृढ़ एवं आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास की दिशा में योगी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पुल के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया और तकनीकी औपचारिकताओं को जल्द पूरा कर काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर जनता को यह सौगात मिल सके।

**मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का प्रभाव कम हो जाएगा**

# चुनाव के बाद असम में मिया समुदाय का दबदबा बढ़ेगा: बदरुद्दीन अजमल

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम विधानसभा चुनाव से पहले राज्य की राजनीति में बयानबाजी तेज हो गई है। ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक प्रंट (एआईयूडीएफ) के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल के एक बयान ने सियासी पारा गरम कर है। अजमल ने कहा है कि चुनाव के बाद असम में मिया समुदाय का दबदबा बढ़ेगा और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का प्रभाव कम हो जाएगा।

गुवाहाटी में दिए गए बयान में अजमल ने कहा कि चुनाव परिणाम आने के बाद राजनीतिक समीकरण बदलेंगे और वर्तमान सत्ता संतुलन में बदलाव देखने को मिलेगा। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब राज्य में चुनावी गतिविधियां चरम पर हैं और सभी दल अपने-अपने समर्थन आधार को मजबूत करने में जुटे हैं। 'मिया' शब्द असम में बंगाली भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जिसे कई बार अपमानजनक संदर्भ में भी देखा जाता है। राज्य की कुल लगभग 3.12 करोड़ आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी करीब 34 प्रतिशत है, जिनमें से लगभग 4 प्रतिशत स्वदेशी असमिया मुसलमान हैं, जबकि अधिकांश बंगला भाषी मुसलमान हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी एक विवादित बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि पिछले पांच वर्षों में हमने बांग्लादेशी मियाओं के हाथ-पैर तोड़े हैं और अगले पांच वर्षों में उनकी कमर तोड़ देंगे। उनके इस बयान की भी विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की थी। अब अजमल के ताजा बयान के बाद सियासी आरोप-प्रत्यारोप और तेज हो गए हैं। इस बीच, असदुद्दीन ओवैसी भी असम चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने जा रहे हैं। अजमल



ने जानकारी दी कि ओवैसी 2 और 3 अप्रैल को असम का दौरा करेंगे और इस दौरान विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कम से कम आठ जनसभाओं को संबोधित करेंगे। ओवैसी पहले ही अपनी पार्टी की ओर से एआईयूडीएफ को समर्थन देने की घोषणा कर चुके हैं। अजमल इस बार बिन्नाकांडी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में उन्हें धुबरी सीट से करारी हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन पार्टी इस बार विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही है। एआईयूडीएफ के प्रदर्शन की बात करें तो 2016 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 13 सीटें जीती थीं। वहीं 2021 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन का हिस्सा बनकर पार्टी ने 15 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इस बार 2026 के चुनाव में एआईयूडीएफ 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रही है। असम की 126 सीटों के लिए 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान कराया जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा में पीएनजी से 'मजबूरी भरी नजदीकी', सिलेंडर की विदाई तय

**ग्रेटर नोएडा, एजेसी।** जिन सेक्टरों में पीएनजी की लाइन बिछी है, वहां के निवासियों के लिए कनेक्शन लेना अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं के घरों में पीएनजी पहुंचाया जा सके, ताकि एलपीजी पर निर्भरता कम से कम रहे और गैस का वितरण सुचारू रुप से होता रहे। इस स्थिति में उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लेने के साथ अपना एलपीजी कनेक्शन सरेंडर करना होगा। इस फैसले से उपभोक्ताओं को पीएनजी के साथ मजबूरी भरी नजदीकियां बढ़ानी पड़ रही है। जिले में इस समय करीब चार लाख पीएनजी कनेक्शन धारक उपभोक्ता हैं। दरअसल, पश्चिम एशिया युद्ध के कारण एलपीजी सिलिंडर की किल्लत शुरू हो गई। इससे निपटने के लिए पीएनजी कनेक्शन बांट कर सरकार स्थिति को नियंत्रित करने के प्रयास में जुटी हैं। इसका परिणाम यह है कि एक मार्च से अब तक पीएनजी के करीब 4773 नए कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। जिला पूर्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि सरकार नए नियमों के तहत सिलिंडर किल्लत की समस्या को दूर करने के लिए पीएनजी से नजदीकियां बढ़ाई जा रही हैं। जहां पाइपलाइन बिछी हुई है, वहां के उपभोक्ताओं के लिए पीएनजी कनेक्शन लेना अनिवार्य कर दिया गया है। एलपीजी सिलिंडर और कनेक्शन सरेंडर करना होगा। जिला केंद्र सरकार ने नेचुरल गैस एंड पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन आर्डर 2026 जारी किया है। इसके तहत जहां पीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है, वहां घरेलू उपभोक्ताओं को तीन महीने के अंदर पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन करना होगा।



# मुंबई कोर्ट ने हरियाणा के पांच पुलिस कर्मचारी सहित सभी आरोपित बरी

**गैंगस्टर गडोली एनकाउंटर केस में बड़ा फैसला**

**मुंबई, एजेसी।** मुंबई की एक अदालत ने शुक्रवार को हरियाणा पुलिस के पांच कर्मियों (एक तत्कालीन सब-इंस्पेक्टर शामिल) और दो अन्य लोगों को बरी कर दिया। इन सभी पर 2016 में मुंबई के एक होटल में गैंगस्टर संदीप गडोली के फर्जी एनकाउंटर का आरोप था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत काले ने आरोपितों को आइपीसी की धारा-302 (हत्या) और अन्य संबंधित प्रविधानों के तहत लगाए गए आरोपों में निर्दोष पाया। गडोली की सात फरवरी, 2016 को अंधेरी ईस्ट के एक होटल में गुरुग्राम पुलिस की कथित गोलीबारी में मौत हो गई थी। इस कुख्यात गैंग्सटर पर एक लाख रुपये का इनाम था और 1999 से दर्ज की गई 40 से अधिक एफआइआर में उसकी तलाश थी। पुलिस ने इस हत्या के सिलसिले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनमें पांच पुलिसकर्मी, गडोली की ''गर्लफ्रेंड'' (दिवंगत दिव्या पाहुजा), दिव्या की मां और विरोधी गिरोह का सरगना वीरेंद्र गुर्जर शामिल थे। आरोपित पुलिसकर्मियों में प्रद्युमन यादव (तत्कालीन सब-इंस्पेक्टर), विक्रम सिंह, जितेंद्र यादव, दीपक काकरान और परमजीत अहलावत शामिल थे। पुलिस के अनुसार, पाहुजा की मदद से गडोली को एक जाल में फंसाया गया था और फिर एक फर्जी एनकाउंटर में मार दिया गया। पाहुजा के विरुद्ध चल रहा मामला बाद में समाप्त कर दिया गया क्योंकि 2024 में हरियाणा के एक होटल में उसकी हत्या कर दी गई थी। उस समय वह गडोली मामले में जमानत पर थी। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि वीरेंद्र गुर्जर की गडोली के साथ लंबे समय से दुश्मनी थी। उसने ही मुंबई के होटल में इस एनकाउंटर की पूरी योजना बनाई थी। उसने आरोपित पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर गडोली की हत्या की साजिश रची थी। अभियोजन पक्ष ने दावा किया कि आरोपित पुलिसकर्मियों ने अंधेरी ईस्ट के एक होटल में अवैध हथियारों का इस्तेमाल करके गडोली को गोली मारी थी और खुद को बचाने के लिए झूठे सुबूत पेश किए थे।



# बंगाल में भाजपा के 'अभेद्य दुर्ग' में सेंध लगाने की तैयारी में तृणमूल, आदिवासी समाज को साधने की कोशिश

**सिलीगुड़ी, एजेसी।** विधानसभा चुनाव में इस बार भी उत्तर बंगाल में कई सीटों पर आदिवासी मतदाता निर्णायक स्थिति में हैं। खासकर दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और अलीपुरद्वार जैसे जिलों में यह उम्मीदवारों की जीत और हार तय करते हैं। उत्तर बंगाल में 54 विधानसभा सीटों में आदिवासी समुदाय के लिए 16 सीटें आरक्षित हैं। यही वजह है कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस इस वोट बैंक पर नजर गड़ाए हुए हैं। इस बार चुनाव में इन्हीं दोनों के बीच मुख्य मुकाबला भी है। पिछले विधानसभा चुनाव में तराई और डुवार्स इलाकों में तृणमूल काफी पिछड़ गई थी। कई आदिवासी बहुल सीटें भाजपा के खाते में चली गई थीं। अब 2026 के चुनाव में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए तृणमूल ने आदिवासी चेहरों पर बड़ा दांव खेला है। पार्टी ने इन इलाकों में प्रमुख आदिवासी नेताओं को सीधे चुनावी मैदान में उतारकर भाजपा के मजबूत दुर्ग में सेंध लगाने की रणनीति अपनाई है। जलपाईगुड़ी जिले की माल सीट से जनजाति कल्याण मंत्री बुलूचिक बड़ाइक को टिकट दिया गया है, जबकि नागराकाटा से पंचायत समिति सभापति और कद्दावर आदिवासी नेता संजय कुजूर को मैदान में उतारा गया है। अलीपुरद्वार जिले में मदारीहाट से जयप्रकाश टोप्पो, कुमारग्राम से राजीव तिर्की और कालचीनी से चाय श्रमिकों के प्रमुख नेता वीरेंद्र बाड़ा को उम्मीदवार बनाया गया है। दार्जिलिंग जिले की फांसीदेवा सीट से महिला आदिवासी चेहरे के रूप में फांसीदेवा पंचायत समिति सभापति रीना टोप्पो एक्का को टिकट मिला है। तृणमूल का साफ लक्ष्य है। तराई और डुवार्स के आदिवासी वोट पर पकड़ मजबूत कर जीत हासिल करना। बीते लोकसभा और विधानसभा चुनावों में इन आदिवासी बहुल क्षेत्रों में भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया था। अलीपुरद्वार लोकसभा सीट से भाजपा के मनोज तिग्गा सांसद बने थे। विधानसभा में नागराकाटा, कालचीनी, कुमारग्राम, मदारीहाट और फांसीदेवा जैसी सीटों पर भाजपा के विधायक चुने गए थे। केवल माल सीट तृणमूल के पास रही थी। बाद में मदारीहाट उपचुनाव में तृणमूल ने इस सीट पर कब्जा कर लिया। ऐसे लोकसभा चुनाव में तृणमूल ने तराई-डुवार्स में अपनी स्थिति को कुछ हद तक सुधारा था और वोट प्रतिशत में वृद्धि हुई थी।



# काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए नहीं चलना होगा पैदल, अगले महीने से शुरू होने जा रही नई व्यवस्था

**वाराणसी, एजेंसी।** काशी विश्वनाथ धाम आने वाले देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए उत्तर प्रदेश सरकार और वाराणसी नगर निगम ने एक बड़ी सौगात तैयार की है। अब भक्तों को बेनियाबाग से बाबा के दरबार तक पहुंचने के लिए पैदल चलने या महंगे रिक्शों का सहारा लेने की जरूरत नहीं होगी। अगले महीने से बेनियाबाग पार्किंग से सीधे विश्वनाथ धाम के गेट नंबर 4 तक गोल्फ कार्ट सेवा शुरू होने जा रही है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शुरू हो रही इस पहल से श्रद्धालुओं का सफर न केवल आसान होगा, बल्कि जेब पर बोझ भी कम पड़ेगा। नगर निगम और स्मार्ट सिटी की इस योजना के पहले चरण में 20 गोल्फ कार्ट उतारे जा रहे हैं। श्रद्धालुओं को बेनियाबाग पार्किंग से धाम के मुख्य द्वार तक ले जाने के लिए महज 10 रुपये का मामूली शुल्क तय किया गया है। वर्तमान में तीन गोल्फ कार्ट वाराणसी पहुंच चुके हैं, जबकि शेष 17 कार्ट अगले महीने के पहले सप्ताह तक बेड़े में शामिल हो जाएंगे। नगर निगम ने इसके सुचारू संचालन के लिए एक निजी एजेंसी के साथ अनुबंध किया है। प्रशासन का लक्ष्य है कि इस साल के अंत तक इन



कार्ट्स की संख्या बढ़ाकर 50 से अधिक कर दी जाए। आधुनिकता को बढ़ावा देते हुए इस सेवा को 'काशी दर्शन' ऐप से भी जोड़ा गया है। श्रद्धालु घर बैठे या रास्ते में ही गोल्फ कार्ट की बुकिंग कर सकेंगे। चाहता है, तो उसे थोड़ा अतिरिक्त शुल्क देना होगा, लेकिन इसके बदले उसे बेनियाबाग पहुंचते ही बिना कतार में लगे तुरंत गोल्फ कार्ट उपलब्ध करा दी जाएगी। यह सुविधा विशेष रूप से उन पर्यटकों के लिए वरदान साबित होगी जो समय की कमी के कारण जल्द दर्शन करना चाहते हैं।

# हरीश रावत ने राजनीति से लिया 15 दिनी ब्रेक

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने राजनीति से 15 दिनों के व्रत यानी अवकाश की घोषणा की है। रावत ने यह फैसला तब लिया है जब भाजपा के कई नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चाएं गर्म हैं। हालांकि हरीश रावत ने इसको अपनी 60 वर्षों की राजनीतिक यात्रा के बाद एक अर्जित अवकाश बताया है लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे उनकी नाराजगी के तौर पर देखा जा रहा है। इस दौरान वे राजनीतिक कार्यों से दूर रहकर मंदिरों में पूजा-अर्चना और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भाजपा की उत्तराखंड इकाई के कुछ नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने की चर्चा के बीच पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत की 15 दिन तक राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा को कांग्रेस से उनकी नाराजगी के रूप में देखा जा रहा है। हरीश रावत ने राजनीति से 15 दिन तक 'व्रत' रखने का ऐलान उस समय किया है जब शनिवार को चर्चा गर्म हो गई कि भाजपा की उत्तराखंड इकाई के कुछ नेता कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। ऐसे में इन नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने से जुड़े समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत मौजूद नहीं रहेंगे। बीते 60 वर्षों के सियासी सफर पर मंथन हरीश रावत ने एक बयान में कहा कि



बिजली-पानी की दरें बढ़ाने के सरकार के इरादे के खिलाफ एक घंटे के मौन व्रत के बाद मैंने मां दुर्गा के सभी स्वरूपों की आराधना की और शांत मन से अपने सार्वजनिक जीवन के 60 वर्षों की राजनीतिक यात्रा पर बहुत कुछ मनन किया।

हरीश रावत ने कहा कि मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि इन 60 वर्षों की अथक यात्रा के बाद मुझे एक सक्रिय राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में अर्जित अवकाश लेने का अधिकार प्राप्त हो गया है। मैं अर्जित अवकाश की पहली किश्त के रूप में 15 दिन तक राजनीतिक सोच और राजनीतिक कार्यों से व्रत रखूंगा। हरीश रावत ने कहा कि इस दौरान मैं मंदिरों में पूजा-अर्चना, कुछ ईद मिलन और मांगलिक समारोह में भाग लूंगा। मैं अपनी जीवन यात्रा के उन प्रसंगों और मोड़ों को उकेरने की कोशिश करूंगा जो समय के साथ बहुत नीचे कहीं चले गए हैं। कि शनिवार को दिल्ली में उत्तराखंड प्रदेश भाजपा के कुछ नेता कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि जो नेता कांग्रेस का दाम थाम सकते हैं उनमें रुद्रपुर से राजकुमार ठुकराल, ऊधमपुर के सितारगंज से नारायण पाल, घनशाली से भीमलाल आर्य, भीमताल से लाखन नेगी, और रुड़की से गौरव गोयल के नाम प्रमुख हैं। यह घटना क्रम ऐसे वक्त में सामने आया है जब उत्तराखंड में अगले साल फरवरी-मार्च में विधानसभा चुनाव संभावित हैं।

### बेटी ने दूध में जहर देकर हेड कॉन्स्टेबल पिता को मार डाला, तीन साल बाद खुला राज

**चंद्रपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। 'मिल्कशेक मर्डर' वाले इस मामले का खुलासा तीन साल बाद हुआ है। 24 अप्रैल 2023 को हेड कॉन्स्टेबल जयंत बल्लावर ड्यूटी पर जाने की तैयारी कर रहे थे। उनकी बेटी आर्या बल्लावर खुद एक पुलिसकर्मी है। उसने उन्हें जहर मिला हुआ मिल्कशेक पिला दिया। जयंत ने मिल्कशेक पीकर डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ऑफिस के प्रशासनिक भवन पहुंचे, जहां उन्हें चक्कर आया और वे गिरकर मर गए। शुरू में मौत को अचानक बीमारी मान लिया गया। कोई पोस्टमॉर्टम नहीं कराया गया और केस बंद हो गया। आर्या बल्लावर का आशीष शेडमाके से 2022 से रिश्ता चल रहा था, जिसका जयंत विरोध कर रहे थे। पिता को रास्ते से हटाने के लिए आर्या ने प्लान बनाया। उन्होंने अपने चचेरे भाई चैतन्य गेडम से संपर्क कर 5 हजार रुपये में जहर मंगवाया। एक अन्य आरोपी ने जहर सप्लाई किया। आर्या ने खुद जहर मिलाकर पिता को मिल्कशेक दिया। मौत के बाद आर्या और आशीष ने शादी कर ली, लेकिन वैवाहिक जीवन खुशहाल नहीं रहा। आशीष को पुलिस ट्रेनिंग से अनुशासनहीनता के कारण निकाल दिया गया और दोनों में रहन-सहन को लेकर झगड़े होने लगे। आर्या मायके में ही रहना चाहती थी। तीन साल बाद मार्च 2026 में आशीष शेडमाके ने खुद थाने में पहुंचकर कबूलनामा दे दिया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### हरित दिल्ली' का ब्लूप्रिंट

इस बार दिल्ली के बजट में विकास की संतुलित तस्वीर नजर आती है। इसमें भले ही राष्ट्रीय राजधानी के बाशिंदों को तात्कालिक लाभ वाली घोषणाओं की कमी महसूस हो, लेकिन भविष्य की उम्मीदों को लेकर प्रतिबद्धता साफ दिखती है, जिसमें प्रदूषण जैसे गंभीर मसले की चिंता भी शामिल है। ऐसा इसलिए, क्योंकि कुल बजट का इक्कीस फीसद हिस्सा पर्यावरण संरक्षण पहल के लिए रखा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ रुपए का बजट पेश करते हुए कहा कि यह हरित बजट है।इसमें दोराय नहीं कि सरकार की नीतियों में जनसरोकार की भावना दिखनी चाहिए। इस दृष्टि से देखें, तो सरकार ने इसका विशेष ध्यान रखा है और शिक्षा क्षेत्र के साथ जनस्वास्थ्य सेवाओं को भी प्राथमिकता दी है। शिक्षा पर कुल बजट का अठारह फीसद खर्च करने का निर्णय निस्संदेह सराहनीय कदम है। वहीं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तेरह हजार करोड़ से अधिक राशि आबंटित किए जाने से उम्मीद की जा सकती है कि सरकारी अस्पतालों की दशा और दिशा बदलेगी।बजट में नागरिकों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं देने का संतुलित प्रयास किया गया है। युवा पीढ़ी भविष्य में दिल्ली की जो नई तस्वीर देखना चाहती है, सरकार उसी दिशा में कदम बढ़ाती दिख रही है। आने वाले वर्षों में यहां सार्वजनिक परिवहन का नया रूप सामने होगा, क्योंकि मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि वर्ष 2029 तक पूरे परिवहन बेड़े को इलेक्ट्रिक बसों में बदला जाएगा। इसी के साथ दिल्ली की सड़कों की दशा सुधारने की इच्छाशक्ति भी सरकार ने दिखाई है।शहरी विकास के साथ धूलमुक्त सड़कें बनाने के लिए अलग से राशि का आबंटन किया गया है। नई सेमीकंडक्टर नीति की घोषणा से उम्मीद जगी है कि राजधानी में नवउद्यम समेत बुनियादी औद्योगिक ढांचे का सतत विकास होगा। इसके अलावा अटल कैंटीन से जुड़े विश्राम स्थल बनाने की घोषणा से अस्थायी कर्मचारियों को रोजमर्रा की कठिनाइयों से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। कुल मिलाकर यह बजट विकासोन्मुख माना जा रहा है, लेकिन यह तभी संभव होगा, जब बजट घोषणाओं पर पूरी तरह अमल किया जाएगा।

### रेलवे के नए नियम पर उठे सवाल

कुछ माह पहले जब लंबी दूरी की रेलगाड़ियों का किराया बढ़ाया गया था, तब यह उम्मीद थी कि यात्रियों की सुविधाओं और उनकी दिक्कतों पर भी ध्यान दिया जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला। अब सरकार के एक नए फैसले ने यात्रियों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। नए नियमों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति रेलगाड़ी के रवाना होने के निर्धारित समय से आठ घंटे पहले अपना टिकट रद्द कराता है, तो उसे कोई पैसा वापस नहीं मिलेगा। जबकि पहले यह समय सीमा चार घंटे की थी।कई बार ऐसा होता है कि लोगों को निजी कारणों से अंतिम समय में यात्रा रद्द करनी पड़ती है, मगर अब ऐसा करना जेब पर भारी पड़ेगा। हालांकि, सरकार का दावा है कि इससे प्रतीक्षा सूची वाले यात्रियों को सीट पाने के ज्यादा अवसर मिलेंगे और इससे टिकटों की कालाबाजारी पर भी रोक लगेगी। मगर सवाल है कि टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए क्या कोई दूसरा रास्ता नहीं निकाला जा सकता था, जिससे आम यात्रियों को आपात स्थिति में टिकट रद्द कराने पर वित्तीय नुकसान न झेलना पड़े?यह निराशाजनक ही है कि रेलगाड़ियों के संचालन से लेकर सुविधाओं में व्यवस्थागत खामियों को दूर करने के बजाय यात्रियों के हितों को हाशिये पर रखा जा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि लंबी दूरी की यात्रा के लिए रेलगाड़ियां आम आदमी की जीवन रेखा मानी जाती हैं। मगर इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि रेलवे के आधुनिकीकरण की कवायद के बीच यात्रियों की बुनियादी सुविधाओं में सुधार करने को आज भी प्राथमिकता नहीं दी जाती है।रेलगाड़ियों में किफायती और सुरक्षित खान-पान के अभाव से लेकर साफ-सफाई की शिकायतें कम नहीं हो रही हैं। इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय ऐसे नियम लागू किए जा रहे हैं, जिससे यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है। राजस्व बढ़ाने की रेलवे की चिंता वाजिब हो सकती है, लेकिन उसे इस बात पर भी गंभीरता से विचार करना होगा कि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।भारत का रेल नेटवर्क दुनिया के सबसे बड़े रेल नेटवर्क में से एक है।

*दलित समुदायों में हिंदू/सिख/बौद्ध रहने का दबाव बढ़ेगा, जबकि ईसाई/मुस्लिम समुदायों में असंतोष उत्पन्न हो सकता है। फिर भी कुल मिलाकर देखा जाए तो यह आरक्षण को ऐतिहासिक अन्याय सुधार तक सीमित रखने की दिशा में उठाया गया निर्णायक कदम है। इस पर मौजूदा मोदी सरकार के वैचारिक असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता है।*

## धर्म और जाति को लेकर आए 'सुप्रीम आदेश' के राजनीतिक-सामाजिक मायने

**(कमलेश पांडे)**

कांग्रेस व समाजवादी मूल की क्षेत्रीय पार्टियां यदि चाहें तो इस मुद्दे पर अपनी राजनीति भी शुरू कर सकती है कि जब हिन्दू, बौद्ध या सिख बनेंगे तो उनका एससी/ओबीसी स्टेटस बरकरार रहेगा, लेकिन जैन, ईसाई, मुसलमान, पारसी आदि बनने पर नहीं, यह कौन सा खिचड़ी न्यायिक दर्शन हैं, जो हर गतिरोध के बाद एक नया गतिरोध पैदा कर देता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक अहम फैसले में यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोई व्यक्ति हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से बाहर जाकर धर्म परिवर्तन करता है, तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता। दरअसल, आंध्र प्रदेश के एक धर्मांतरित ईसाई पादरी से जुड़े मामले में आए इस नवीनतम फैसले के व्यापक राजनीतिक और सामाजिक मायने हैं। इससे हिन्दू समुदाय के दलितों और पिछड़ों को निशाना बनाकर धर्मांतरित करवाये जाने का पूरा खेल ही अब हतोत्साहित हो जाएगा। हालांकि, कांग्रेस व समाजवादी मूल की क्षेत्रीय पार्टियां यदि चाहें तो इस मुद्दे पर अपनी राजनीति भी शुरू कर सकती है कि जब हिन्दू, बौद्ध या सिख बनेंगे तो उनका एससी/ओबीसी स्टेटस बरकरार रहेगा, लेकिन जैन, ईसाई, मुसलमान, पारसी आदि बनने पर नहीं, यह कौन सा खिचड़ी न्यायिक दर्शन हैं, जो हर गतिरोध के बाद एक नया गतिरोध पैदा कर देता है। कहने का तातपर्य यह कि ज्यूडिशियल एंटीबायोटिक पॉवर बढ़ाये बिना सम्बन्धित व्यक्ति या समूह का कल्याण नहीं होने वाला है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने गत 23-24 मार्च 2026 को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया, जिसमें कहा गया कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म (जैसे ईसाई, इस्लाम आदि) में परिवर्तन करने पर अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा तुरंत समाप्त हो जाता है। इस आदेश से एससी/एसटी आरक्षण लाभ और अत्याचार निवारण अधिनियम का संरक्षण खत्म हो जाता है। दरअसल, यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के आदेश पर आधारित है, जहां एक ईसाई पादरी को एससी/एसटी एक्ट के तहत संरक्षण से वंचित किया गया। क्योंकि कोर्ट ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुसूचित जाति आदेश 1950 के अनुसार केवल निर्दिष्ट धर्मों के अनुयायी ही एससी लाभ ले सकते हैं। ईसाई या इस्लाम अपनाने पर जातिगत पहचान और लाभ दोनों समाप्त हो जाते हैं। इस फैसले के अहम राजनीतिक मायने हैं। यह फैसला धर्मांतरण पर आधारित आरक्षण दावों को रोक सकता है, जो दक्षिणपंथी दलों के लिए समर्थन बढ़ाएगा। वहीं, अल्पसंख्यक आरक्षण बहस (जैसे दलित ईसाई/मुस्लिम) को प्रभावित कर चुनावी राजनीति में हिंदू एकता पर जोर देगा। राज्य सरकारें ओबीसी/एससी सूचियों की समीक्षा के दबाव में आ सकती हैं। वहीं, इस फैसले के बाद धर्म परिवर्तन और आरक्षण से जुड़ी बहस जोर पकड़ सकती है। चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के आलोक में फैसला दिया है, लेकिन कुछ मसले ऐसे होते है जहां कानून और जमीनी हकीकत आमने-सामने आ जाते हैं। भारत में जाति एक सच्चाई है, जिसे नहीं बदला जा सकता, लेकिन इससे जुड़ी बुराइयों को खत्म करने की तमाम कोशिश होनी चाहिए। जो राजनीतिक और न्यायिक अदूरदर्शिता वश नहीं हो पा रही है और तरह तरह के संवैधानिक विवाद जन्म ले रहे हैं, जिससे राष्ट्रीय हितों को लगातार धक्का लग रहा है। जहां तक इस फैसले के सामाजिक प्रभाव की बात है तो धर्म परिवर्तन के बाद एससी/ओबीसी का लाभ न मिलने से सामाजिक न्याय की नीति मजबूत होगी, लेकिन धार्मिक रूपांतरण रोकने या जातिगत अस्मिता पर बहस तेज हो सकती है। चूंकि दलित समुदायों में हिंदू/सिख/बौद्ध रहने का दबाव बढ़ेगा, जबकि ईसाई/मुस्लिम समुदायों में असंतोष उत्पन्न हो सकता है। फिर भी कुल मिलाकर देखा जाए तो यह आरक्षण को ऐतिहासिक अन्याय सुधार तक सीमित रखने की दिशा में उठाया गया निर्णायक कदम है। इस पर मौजूदा मोदी सरकार के वैचारिक असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि यह सरकार दलित/ओबीसी हिंदुओं की एकजुटता व समग्र उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि देश में जाति से जुड़ा सवाल बहुत टेढ़ा और जटिल है। क्योंकि सामाजिक स्तर पर हमेशा से यह बहस का विषय रहा है कि क्या धर्म बदलने भर से जातिगत भेदभाव खत्म हो जाता है? गाहे बगाहे ऐसे मामले सामने आते रहे है, जिनमें दलित या ओबीसी समुदाय के लोगों को दूसरा धर्म अपनाने के बाद भी भेदभाव का सामना करना पड़ता है। पिछले साल मार्च में ही तमिलनाडु के कुछ ईसाई परिवारों, जो पहले दलित थे, ने आरोप लगाया था कि उनके साथ समान व्यवहार नहीं होता। यहां तक कि कब्रिस्तान में उनके लोगों के शवों को दफनाने के लिए भी अलग जगह है। उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत के फैसले का आधार संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 है। जिसका क्लॉज 3 कहता है कि हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म को मानने वाले ही एससी श्रेणी में आ सकते है। धर्म परिवर्तन और जाति से जुड़ी यह बहस बहुत पुरानी है। इसके दो पहलू है। एक, जिन धर्मों में जाति व्यवस्था नही है, उन्हें अपनाकर फिर जाति से जुड़े लाभ कैसे लिए जा सकते है। पिछले साल दिसंबर में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी सरकार को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया था कि जिन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया है, उन्होंने अनुसूचित जाति से जुड़े लाभ छोड़ दिए हों। तब हाईकोर्ट ने कहा था कि धर्म परिवर्तन के बाद भी अनुसूचित जाति समुदाय को मिलने वाले फायदे लेते रहना संविधान के साथ धोखा है। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पास इस तरह की कई शिकायतें है और उसने पिछले साल देशभर में जांच भी शुरू की थी। कुल मिलाकर उद्देश्य यह है कि संविधान के तहत मिले अधिकार का दुरुपयोग न होने पाए। क्योंकि जाति और धर्म का दुरुपयोग होने की चिंता शुरू से ही न्यायिक विमर्श का मुद्दा बनी हुई है। लिहाजा ब्रेक के बाद न्यायदेश मिलते रहते हैं। इंद्रा साहनी केस (1992) मुख्य रूप से ओबीसी आरक्षण पर केंद्रित था, लेकिन हालिया सुप्रीम कोर्ट फैसले (धर्म परिवर्तन पर स्ष्ट दर्जा समाप्ति) से इसका अप्रत्यक्ष संबंध है। दोनों आरक्षण को जाति-आधारित ऐतिहासिक अन्याय सुधार तक सीमित रखने के सिद्धांत साझा करते हैं। इंद्रा साहनी का सार- इस केस में सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण मान्य किया, लेकिन 50 प्रतिशत कुल सीमा तय की और स्पष्ट किया कि आरक्षण का आधार धर्म या जाति अकेला नहीं हो सकता। क्रीमी लेयर बहिष्कार और पिछड़ापन के सामाजिक-शैक्षिक मापदंड निर्धारित किए गए। हालिया फैसले से संबंध- 2026 के एससी/एसटी फैसले में संविधान के अनुसूचित जाति आदेश 1950 का हवाला दिया गया, जो इंद्रा साहनी के सिद्धांतों से मेल खाता है कि आरक्षण धर्म पर आधारित नहीं। ओबीसी मामलों में (जैसे मुस्लिम आरक्षण रद्द), कोर्ट ने इंद्रा साहनी का जिक्र कर धर्म को आधार बनाने से रोका, जो एससी केस की भावना से जुड़ता है। हालांकि, सीधा उल्लेख नहीं मिला, लेकिन सामान्य आरक्षण दर्शन समान है, जिसका सर्वकालिक महत्व जगजाहिर है।

## तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था

**(ललित गर्ग)**

आज हर देश अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार खरीद रहा है, सेना को मजबूत कर रहा है और सैन्य बजट बढ़ा रहा है। यह एक ऐसी दौड़ बन गई है जिसमें कोई भी देश पीछे नहीं रहना चाहता। लेकिन विडंबना यह है कि जितने अधिक हथियार बढ़ रहे हैं, दुनिया उतनी ही असुरक्षित होती जा रही है। तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था आज मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर खड़ी है। दुनिया एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां युद्ध केवल सीमाओं पर लड़े जाने वाले संघर्ष नहीं रह गए हैं, बल्कि उनका प्रभाव पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा व्यवस्था, पर्यावरण, सृष्टि-संतुलन, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता तक पहुंच रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, ईरान और इजरायल के बीच हमलों का नया दौर, अमेरिका की रणनीतिक भूमिका, रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन-ताइवान तनाव जैसे अनेक घटनाक्रम मिलकर यह संकेत दे रहे हैं कि दुनिया एक बार फिर हथियारों की दौड़ और शक्ति संतुलन की राजनीति की ओर लौट रही है। यह स्थिति केवल राजनीतिक या सामरिक नहीं, बल्कि मानवीय संकट का संकेत भी है, क्योंकि जब दुनिया हथियारों पर ज्यादा खर्च करती है तो विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्र पीछे छूट जाते हैं। आज हर देश अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार खरीद रहा है, सेना को मजबूत कर रहा है और सैन्य बजट बढ़ा रहा है। यह एक ऐसी दौड़ बन गई है जिसमें कोई भी देश पीछे नहीं रहना चाहता। लेकिन विडंबना यह है कि जितने अधिक हथियार बढ़ रहे हैं, दुनिया उतनी ही असुरक्षित होती जा रही है। सुरक्षा की यह मानसिकता वास्तव में असुरक्षा का ही परिणाम है। एक देश हथियार बढ़ाता है तो दूसरा देश भी हथियार बढ़ाता है और इस तरह एक अविश्वास का वातावरण बन जाता है। यह अविश्वास ही युद्ध की जमीन तैयार करता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में दुनिया का सैन्य खर्च कई गुना बढ़ जाएगा और यह पैसा मानव विकास के बजाय विनाश की तैयारी में खर्च होगा। यह स्थिति मानव सभ्यता के लिए शुभ संकेत नहीं है। पश्चिम एशिया का संकट इस समय दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता दिखाई दे रहा है। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते हमले, समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर तनाव और बड़े देशों की प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी ने इस क्षेत्र को युद्ध के कगार पर खड़ा कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समुद्री मार्ग खोलने की चेतावनी को खारिज करते हुए ईरान ने इजरायल पर हमलों का नया दौर शुरू किया है, जिससे यह संकट और अधिक गंभीर हो गया है। यदि यह संघर्ष लंबा चलता है तो इसका प्रभाव केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ेगा, क्योंकि यह क्षेत्र दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है। दुनिया की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा तेल और गैस पर निर्भर है और पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। यदि वहां युद्ध बढ़ता है या समुद्री मार्ग बाधित होते हैं तो तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। तेल महंगा होगा तो पेट्रोल-डीजल महंगा होगा, परिवहन महंगा होगा, उत्पादन लागत बढ़ेगी और अंततः हर वस्तु महंगी हो जाएगी। यानी एक वैश्विक महंगाई का दौर शुरू हो सकता है। महंगाई बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। इसके साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की ओर भी जा सकती है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक-6045

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 4 | 2 | | | | |
| 8 | | 4 | 9 | | | | 7 | 3 |
| 3 | | | | | | 4 | 5 | |
| | | | 8 | 7 | | | 9 | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | 3 | | | 6 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | 7 |
| 9 | 6 | | | | 5 | 8 | | 2 |
| | | | | 3 | 9 | | | 4 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6044

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 6 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 5 |

सुडोकू पहेली — क्रमांक-6045

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 4 | 2 | | | | |
| 8 | | 4 | 9 | | | | 7 | 3 |
| 3 | | | | | | 4 | 5 | |
| | | | 8 | 7 | | | 9 | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | 3 | | | 6 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | 7 |
| 9 | 6 | | | | 5 | 8 | | 2 |
| | | | | 3 | 9 | | | 4 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 6044

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 5 | 3 | 6 |
| 8 | 4 | 9 | 1 | 6 | 7 | 3 | 5 | 2 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 |
| 6 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 5 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन आपके लिए थोड़ा व्यस्तता भरा रह सकता है। कामों की अधिकता के कारण भागदौड़ भी बढ़ेगी। पेट से जुड़ी किसी समस्या को हल्के में न लें और अपने खर्चों को भी जरूरत के अनुसार ही रखें। एक साथ कई काम हाथ में आने से मन में तनाव बढ़ सकता है। पड़ोसियों और आसपास के लोगों से अच्छे संबंध बनाए रखें, क्योंकि समय पड़ने पर वही सबसे पहले काम आते हैं।

### वृष
आज का दिन आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। भाग्य का साथ मिलने से आपके कामों में सफलता के योग बन रहे हैं और समाज में आपकी अच्छी पहचान भी बनेगी। आपके मित्रों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि आपका मधुर व्यवहार लोगों का दिल जीत लेगा।कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार करें।

### कर्क
आज आपको अपने खर्चों पर थोड़ा नियंत्रण रखना होगा। अविवाहित लोगों की अपने किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। परिवार में किसी बात को लेकर हल्की नोकझोंक होने की संभावना है, इसलिए प्रॉपर्टी या जमीन से जुड़े मामलों में वरिष्ठ सदस्यों की राय लेकर ही बोलना बेहतर रहेगा। कोई रिश्तेदार आपसे मिलने आ सकता है।

### सिंह
आज का दिन आपको थोड़ा सतर्क रहने की सलाह दे रहा है। कुछ विरोधी आपके कामों में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। इसलिए किसी भी अजनबी व्यक्ति से लेन-देन करने से बचें। किसी कानूनी मामले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है। व्यापार से जुड़ी किसी बड़ी डील को पार्टनरशिप में करने से पहले कई बार सोच लें।

### मिथुन
आज आपको अपने कामों को योजना बनाकर पूरा करने की आवश्यकता है। जल्दबाजी में लिए गए फैसले परेशानी बढ़ा सकते हैं। संतान की ओर से कोई सुखद समाचार मिलने के संकेत हैं, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसी पुरानी गलती से आपको बड़ा सबक मिल सकता है। मेहनत करने से बिल्कुल भी पीछे न हटें, क्योंकि आपकी मेहनत ही आपको आगे ले जाएगी।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। घर में कोई नया इलेक्ट्रॉनिक सामान या बिजली का उपकरण आ सकता है। यदि आप किसी काम को लेकर पिताजी से सलाह लें, तो उस पर अमल करना आपके लिए लाभदायक रहेगा। संतान आपसे किसी खास चीज की मांग कर सकती है। लंबे समय बाद किसी पुराने मित्र से मुलाकात होने से मन खुश होगा।

### तुला
आज का दिन आपके लिए सुख और संतोष से भरा रहने वाला है। धन से जुड़ा कोई काम जो लंबे समय से अटका हुआ था, वह आज पूरा हो सकता है। आपकी आय के नए स्रोत भी बन सकते हैं। यदि आपने किसी को पैसा उधार दिया था, जीवनसाथी की सलाह आपके व्यापार के लिए बहुत लाभदायक साबित हो सकती है।

### वृश्चिक
आज आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर विशेष नियंत्रण रखने की आवश्यकता है। यदि आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल हों, तो पहले लोगों की बात ध्यान से सुनें और फिर ही प्रतिक्रिया दें। आपके विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। खर्चों को लेकर आपको कोई खास परेशानी नहीं होगी।

### मकर
आज का दिन आपके लिए धन और समृद्धि में वृद्धि का संकेत दे रहा है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ कुछ खास और रोमांटिक पल बिता सकते हैं। हालांकि किसी पुराने रोग के उभरने से थोड़ी परेशानी हो सकती है, इसलिए बाहर का खाना खाने से बचें। भाई-बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार से जुड़ी किसी बड़ी डील को अंतिम रूप देने से पहले अच्छे से सोच लें।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं और माता-पिता की सेवा के लिए भी समय निकाल सकते हैं। हालांकि, अपने धन का सही उपयोग करना आपके लिए बहुत जरूरी रहेगा। पारिवारिक मामलों में क्रोध पर नियंत्रण रखें, वरना रिश्तों में दूरी आ सकती है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। सुख-सुविधाओं की वस्तुओं पर खर्च भी बढ़ सकता है।

### धनु
आज आपको अपने खर्चों को लेकर थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है। दिखावे के चक्कर में अनावश्यक खर्च करना बाद में परेशानी दे सकता है। आपकी कोई बात जीवनसाथी को बुरी लग सकती है, इसलिए बातचीत में सावधानी रखें। संतान को लेकर आज आपका रवैया थोड़ा सख्त हो सकता है, क्योंकि आप उन्हें गलत रास्ते पर जाने से रोकना चाहेंगे।

### मीन
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। चारों ओर का माहौल सकारात्मक रहेगा और आप लोगों की मदद के लिए भी आगे आएंगे। हालांकि आपकी खर्च करने की आदत आपको परेशानी में डाल सकती है, इसलिए थोड़ा संयम रखें। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आपकी अच्छी पहचान बनेगी। किसी नए काम की शुरुआत करने से पहले अच्छी तरह विचार कर लें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com





सीनियर टीम के लिए हुए एलिजिबल, आईसीसी नियमों के तहत इंटरनेशनल डेब्यू के लिए तैयार

# वैभव सूर्यवंशी 15 साल के हुए

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी 27 मार्च को 15 साल के हो गए हैं। अपना जन्मदिन आईपीएल 2026 के शुरू होने से ठीक एक दिन पहले मनाया था। आईपीएल में डेब्यू करने के बाद से ही यह चर्चा लगातार चल रही थी कि वैभव को भारत की सीनियर टीम में कब मौका मिलेगा। अब 15 साल की उम्र पूरी करते ही उनका इंतजार खत्म हो गया है। आईसीसी के प्लेयर एलिजिबिलिटी नियमों के अनुसार अब वैभव सीनियर इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के लिए पूरी तरह पात्र हो गए हैं।

**2020 में लागू हुआ था नियम-** आईसीसी के प्लेयर एलिजिबिलिटी रेगुलेशंस के आर्टिकल 4.1 के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने देश का प्रतिनिधित्व तभी कर सकता है, जब सीरीज या टूर्नामेंट के पहले मैच तक उसकी उम्र कम से कम 15 साल हो। यह नियम नवंबर 2020 से लागू है। इसका मकसद युवा खिलाड़ियों की शारीरिक और मानसिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### वैभव सूर्यवंशी के टॉप-3 रिकॉर्ड

- **वैभव आईपीएल में फिफ्टी लगाने वाले यंगेस्ट प्लेयर-** वैभव सूर्यवंशी आईपीएल में फिफ्टी लगाने वाले सबसे कम उम्र के प्लेयर बने। उन्होंने मात्र 14 साल और 32 दिन में अर्धशतक लगाया। सेकंड पोजिशन पर कप्तान रियान पराग है, उन्होंने 17 साल 175 दिन में 2019 में फिफ्टी लगाई थी।
- **वैभव मुश्ताक अली में शतक लगाने वाले यंगेस्ट बैटर-** वैभव ने 10 दिन पहले सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शतक लगाया था। 14 साल के वैभव टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने थे। उन्होंने 2 दिसंबर को ईडन गार्डन्स में महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों में नाबाद 108 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 7 छक्के शामिल थे। साथ ही वैभव 14 की उम्र में 3 टी-20 संेचुरी लगाने वाले इकलौते प्लेयर हैं।
- **वैभव टी-20 में शतक लगाने वाले यंगेस्ट बैटर-** टी-20 क्रिकेट में अब तक के सबसे युवा शतक लगाने वाले खिलाड़ियों में वैभव सूर्यवंशी का नाम सबसे ऊपर आता है। उन्होंने 14 साल 32 दिन की उम्र में राजस्थान रॉयल्स के लिए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 बॉल में शतक पूरा किया।

इसके बाद, विजय जोल ने 18 साल 118 दिन में महाराष्ट्र के लिए मुंबई के खिलाफ 2013 में शतक लगाया था।

## दुनिया के महान खिलाड़ी टाइगर वुड्स की अचानक गिरफ्तारी

### गाड़ी ओवरटेक करने पर हुआ एक्सीडेंट

**न्यूयॉर्क/फ्लोरिडा (एजेंसी)।** गोल्फ की दुनिया से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 और गोल्फ लीजेंड टाइगर वुड्स को फ्लोरिडा में उनके घर के पास कार एक्सीडेंट के बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस खबर के सामने आते ही खेल जगत और सोशल मीडिया पर हलचल मच गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर वुड्स अपनी लैंड रोवर कार चला रहे थे और एक संकरी सड़क पर ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी ट्रेलर से टकरा गई और पलट गई। हादसे के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो अधिकारियों ने वुड्स में इम्पेयरमेंट यानी सामान्य स्थिति में न होने के संकेत देखे। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की और बाद में (नशे में ड्राइविंग), प्रॉपर्टी डैमेज और कानूनी टेस्ट देने से इनकार करने के आरोप में केस दर्ज किया गया। हालांकि अधिकारियों ने कहा कि शराब के सबूत नहीं मिले, लेकिन वुड्स ने यूरिन टेस्ट देने से मना कर दिया था, जिसके बाद उन पर कार्रवाई की गई। मार्टिन काउंटी शेरिफ के अनुसार, यह हादसा दोपहर करीब 2 बजे हुआ, जब वुड्स की गाड़ी ट्रेलर से टकराने के बाद सड़क पर फिसलती हुई साइड में पलट गई। इससे पहले भी टाइगर वुड्स 2021 में एक बड़े कार एक्सीडेंट का शिकार हो चुके हैं, जिसमें उनके पैर में गंभीर चोट आई थी और डॉक्टरों को पैर काटने तक की नौबत आ गई थी। इस खबर के सामने आने के बाद गोल्फ जगत ने चिंता जताई, वहीं सोशल मीडिया पर लोगों ने हैरानी, मीम्स और तंज भरे रिएक्शन दिए। कुछ यूजर्स ने लिखा, 'टाइगर इन द बुड्स अगेन' तो किसी ने मजाक में कहा, अब टाइगर रास्ते में भी आउट ऑफ बाउंड हो रहे हैं।

## तैराक मणिकांत ने स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की, छत्तीसगढ़ की अनुष्का ने दूसरा पदक जीता

**रायपुर (एजेंसी)।** कर्नाटक के तैराक मणिकांत एल ने 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की। महिला वर्ग में ओडिशा की अंजली मुंडा ने लगातार दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मेजबान छत्तीसगढ़ के लिए भी खुशखबरी रही, जब स्थानीय खिलाड़ी अनुष्का भगत ने महिला 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले रेस में रजत जीतकर पदक तालिका में इजाफा किया। मणिकांत ने पहले दिन 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण जीतने के बाद 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले रेस में 2:25.93 सेकंड का समय बनाकर दबदबा बनाए रखा। त्रिपुरा के रियाज त्रिपुरा 2:34.04 सेकंड के साथ दूसरे और ओडिशा के कान्हु सोरेन 2:36.21 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में अंजली ने 2:53.82 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। अनुष्का भगत (2:59.33) ने रजत और ओडिशा की अंजली मल्लिक (3:06.13) ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।

कर्नाटक 12 पदक ( आठ स्वर्ण और दो रजत और एक कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर है, जबकि ओडिशा 14 पदक के साथ दूसरे स्थान पर है। ओडिशा स्वर्ण पदक के मामले में कर्नाटक से पीछे है। राज्य के नाम पांच स्वर्ण, एक रजत और आठ कांस्य पदक है। भारोत्तोलन में असम की मणिखा सोनवाल और मिजोरम के इसाक मालसॉमट्लुंगा ने चोटों के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया। मणिखा ने महिला 48 किग्रा वर्ग में स्नैच में 57 किग्रा और क्लीन एंव जर्क में 75 किग्रा उठाकर कुल 132 किग्रा के साथ स्वर्ण पदक जीता।

# धोनी 2 हफ्ते आईपीएल से बाहर रह सकते हैं

● मांसपेशियों में खिंचाव, सीएसके ने पोस्ट में जानकारी दी

**चेन्नई (एजेंसी)।** एमएस धोनी आईपीएल 2026 के शुरुआती दो हफ्ते बाहर रह सकते हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान इस समय मांसपेशियों में खिंचाव के कारण रिहैब से गुजर रहे हैं। सीएसके की ओर से एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उन्हें काफ स्ट्रेन, यानी पिंडली में खिंचाव है।



### 3 मैचों से हो सकते हैं बाहर

अगर धोनी पूरे 2 हफ्ते यानि 14 दिन तक बाहर रहते हैं तो वो कम से कम 3 मैच नहीं खेल पाएंगे। सीएसके का पहला मैच 30 मार्च को गुवाहाटी में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ है। इसके बाद उसका अगला मैच 3 अप्रैल को चेन्नई में पंजाब किंग्स के खिलाफ है। टीम अपना तीसरा मैच 5 अप्रैल को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसके ही घर में खेलेगी, जिसका हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। धोनी इन तीनों ही मैच से बाहर रह सकते हैं। उनकी वापसी 11 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में हो सकती है।

### 44 साल के धोनी आईपीएल 2026 के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

धोनी फिलहाल 44 साल के हैं। वे आईपीएल 2026 के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। पिछले सीजन ऋतुराज गायकवाड के चोटिल होने के बाद उन्हें बीच में ही चेन्नई की कप्तानी करनी पड़ी। उन्होंने टीम को 4 में से 3 मैचों में जीत दिलाई थी।

**आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच धोनी के नाम-** आईपीएल में सबसे ज्यादा मैच खेलने वालों में महेंद्र सिंह धोनी पहले पायदान पर हैं। वे अब तक 278 मैच खेल चुके हैं। चेन्नई सुपर किंग्स को पांच बार खिताब जिताया है। 38.30 की औसत से 5439 रन बनाए हैं। इस दौरान धोनी ने 24 अर्धशतक भी लगाए हैं। उन्होंने विकेटकीपिंग में 47 स्टंपिंग और 154 कैच भी लपके हैं।

### आईपीएल में 100 मैच जीतने वाले इकलौते कप्तान

धोनी आईपीएल में 100 मैच जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं। उन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा 235 मैचों में कप्तानी की है। धोनी अपनी कप्तानी में टीम को 136 मैचों में जीत दिला चुके हैं, जबकि 97 में टीम को हार मिली। धोनी ने अपनी कप्तानी में सीएसके को 2023 में आखिरी बार चैंपियन बनाया था। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा हैं। उन्होंने 158 मैचों में कप्तानी की है और 87 मैच जीते हैं।

### 2023 में आईपीएल फाइनल के बाद हुई थी घुटने की सर्जरी

धोनी ने आईपीएल 2023 के फाइनल के बाद 1 जून को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में घुटने की सर्जरी कराई थी। धोनी का ऑपरेशन डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला ने किया था।

### धोनी की रिटायरमेंट को लेकर 2023 से अटकलें

धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट से साल 2020 में संन्यास ले चुके हैं। उनके आईपीएल रिटायरमेंट की अटकलें 2023 से ही लगाई जा रही हैं। ऐसा माना जा रहा था कि साल 2026 धोनी का आखिरी साल होगा।

## आईपीएल कमेंट्री में यह दिग्गज देंगे अपनी आवाज

### 12 भाषाएं और 150 एक्सपर्ट्स, अश्विन का होगा डेब्यू



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के रोमांच को दोगुना करने के लिए जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स ने शुक्रवार को अपने अब तक के सबसे बड़े और सितारों से सजे कमेंट्री पैनल की घोषणा कर दी है। इस बार क्रिकेट फैंस को न केवल अपनी भाषा में मैच देखने का मौका मिलेगा, बल्कि वे 5 अलग-अलग कैमरा एंगल और दिग्गज खिलाड़ियों के साथ डिजिटल वॉच-अलोंग का भी आनंद ले सकेंगे।

**अश्विन का डिजिटल डेब्यू और 12 भाषाओं का तड़का -** इस सीजन की सबसे बड़ी खबर अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का कमेंट्री डेब्यू है। वे जियोहॉटस्टार के विशेष 'हिंदी डिजिटल फीड' का हिस्सा होंगे। जियोस्टार इस बार 20 से अधिक फीड्स के जरिए 12 भाषाओं हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, पंजाबी, भोजपुरी, हरियाणवी, मराठी, बंगाली, गुजराती और मलयालम में प्रसारण करेगा।

### सभी भाषाओं में पूरी सूची

**अंग्रेजी-** एबी डिविलियर्स, आरोन फिंच, डेल स्टेन, फाफ डु प्लेसिस, इयोन मोर्गन, केविन पीटरसन, माइकल क्लार्क, सुनील गावस्कर, हर्षा भोगले, रवि शास्त्री, इयान बिशप, साइमन डूल और अन्य

**हिंदी-** रविचंद्रन अश्विन, वीरेंद्र सहवाग, इरफान पठान, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, अनिल कुंबले, नवजोत सिंह सिद्धू, आकाश चोपड़ा, मोहम्मद कैफ और अन्य तमिल, तेलुगु, कन्नड़, भोजपुरी, पंजाबी, हरियाणवी, मराठी, गुजराती, मलयालम और बंगाली भाषाओं में प्रसारित होने वाले फीड में पूर्व क्रिकेटरों, क्षेत्रीय विशेषज्ञों और प्रस्तुतकर्ताओं का एक व्यापक मिश्रण देखने को मिलेगा।

**नया हिंदी वॉच-अलोंग और प्रजेंटर्स** डिजिटल दर्शकों के लिए एक खास वॉच-अलोंग फीड तैयार की गई है, जहां अश्विन, चेतेश्वर पुजारा और उमेश यादव जैसे खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम के अनसुने किस्से और रणनीतिक बारीकियां साझा करेंगे। शो की मेजबानी के लिए मयंती लैंगर बिन्नी, भावना बालकृष्णन और निधि दुग्गर जैसे अनुभवी प्रजेंटर्स की पूरी टीम तैयार है।

# बांग्लादेश में अब दिखेगा IPL 2026 का रोमांच

## नई सरकार ने हटाया प्रसारण से बैन





**नई दिल्ली/ढाका (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 के आगाज के साथ ही बांग्लादेश के क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। बांग्लादेश की नवनियुक्त सरकार ने देश में आईपीएल के प्रसारण पर लगे पिछले प्रतिबंध को पूरी तरह से हटा लिया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री जहीर उद्दीन स्वपन ने स्पष्ट किया है कि सरकार खेल और राजनीति को आपस में नहीं मिलाना चाहती और इसे पूरी तरह से एक व्यावसायिक नजरिए से देख रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी टीवी चैनल या स्टार स्पोर्ट्स जैसा ब्रॉडकास्टर आईपीएल दिखाना चाहता है, तो सरकार को इसमें कोई आपत्ति नहीं है और वे किसी पर भी इसे न दिखाने का दबाव नहीं बनाएंगे।

### केबल ऑपरेटर्स को मिली हरी झंडी

अब बांग्लादेश के केबल ऑपरेटर्स एसोसिएशन ने भी साफ कर दिया है कि पिछली अंतरिम सरकार के निर्देशों की अब कोई कानूनी मान्यता नहीं है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक वर्तमान सरकार उन्हें रुकने के लिए नहीं कहती, तब तक वे स्टार स्पोर्ट्स का सिग्नल जारी रखेंगे। नई सरकार का यह कदम दर्शाता है कि वे द्विपक्षीय तनाव के बीच भी क्रिकेट के व्यावसायिक और मनोरंजन पक्ष को प्राथमिकता देना चाहते हैं, जिससे ब्रॉडकास्टर्स को बड़ी राहत मिली है।

### मुस्तफिजुर रहमान और केकेआर विवाद का पूरा मामला

यह प्रतिबंध पिछले साल अंतरिम सरकार द्वारा लगाया गया था, जिसकी मुख्य वजह कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और बांग्लादेशी स्टार गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के बीच उपजा विवाद था। दरअसल, बीसीसीआई ने केकेआर को निर्देश दिया था कि वे सुरक्षा कारणों और दोनों देशों के बीच उपजे तनाव के चलते मुस्तफिजुर का 9.20 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट खत्म कर दें। बीसीसीआई के इस कड़े रुख के जवाब में तत्कालीन बांग्लादेशी सरकार ने आईपीएल के प्रसारण पर रोक लगा दी थी, जिससे वहां के लाखों क्रिकेट फैंस निराश हो गए थे।

### क्रिकेट संबंधों में सुधार की उम्मीद

युवा एवं खेल राज्य मंत्री अमीनुल हक ने भी इस सकारात्मक बदलाव की पुष्टि करते हुए कहा कि उनकी टीम संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर रही है ताकि प्रसारण सुचारू रूप से चलता रहे। बांग्लादेश के इस फैसले से न केवल वहां के फैंस को आईपीएल का लुत्फ उठाने का मौका मिलेगा, बल्कि इससे भारत और बांग्लादेश के क्रिकेट संबंधों में जमी बर्फ पिघलने की भी उम्मीद जताई जा रही है। आईपीएल 2026 का सीधा प्रसारण अब ढाका से लेकर चटगाँव तक के दर्शकों के लिए आधिकारिक रूप से उपलब्ध होगा।

# हॉकी स्टार खिलाड़ी गुरजंत सिंह ने किया संन्यास का ऐलान

## भारत को दो ओलंपिक मेडल दिलाने में थी अहम भूमिका

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम के दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट खिलाड़ी गुरजंत सिंह ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास का ऐलान कर दिया है। उनके इस फैसले ने फैंस को हैरान कर दिया है और एक शानदार करियर का अंत हो गया है। गुरजंत सिंह ने कहा कि अब समय आ गया है कि युवा खिलाड़ियों को मौका दिया जाए।

**चोट बनी करियर का टर्निंग पॉइंट -** गुरजंत सिंह पिछले साल जून में खेले गए प्रो लीग के बाद से टीम से बाहर चल रहे थे। उन्होंने बताया कि पीठ की चोट के कारण वह करीब 7-8 महीने तक मैदान से दूर रहे। चोट से वापसी के बाद भी वह राष्ट्रीय टीम में अपनी जगह नहीं बना सके, जिसके बाद उन्होंने संन्यास लेने का फैसला किया।



- **शानदार रहा अंतरराष्ट्रीय करियर -** 31 वर्षीय गुरजंत सिंह ने भारत के लिए 130 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और 33 गोल दागे। वह 2023 एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। इसके अलावा उन्होंने टोक्यो ओलंपिक और पेरिस 2024 ओलंपिक में लगातार दो ब्रॉन्ज मेडल जीतने में अहम भूमिका निभाई।
- **जूनियर से सीनियर तक बनाया बड़ा नाम -** गुरजंत ने अपने करियर की शुरुआत जूनियर स्तर से की और 2016 जूनियर वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में उनका गोल भारत की जीत में अहम साबित हुआ। तेज रफ्तार और आक्रामक खेल के कारण उन्होंने जल्द ही सीनियर टीम में अपनी जगह पक्की कर ली।

### कई बड़ी उपलब्धियां और सम्मान

गुरजंत सिंह 2017 एशिया कप और कई एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का भी हिस्सा रहे। साल 2021 में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया, जो भारतीय खेलों का बड़ा सम्मान है।

### ऐतिहासिक गोल से रचा रिकॉर्ड

जनवरी 2020 में नीदरलैंड्स के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैच में गुरजंत सिंह ने सिर्फ 13 सेकंड में गोल दागा था। यह अंतरराष्ट्रीय हॉकी में किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा किया गया सबसे तेज गोल है, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई। हालांकि गुरजंत सिंह ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया है, लेकिन वह अभी भी घरेलू और लीग हॉकी में खेलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह हाकी इंडिया लीग और विदेशी क्लबों में खेलने के अवसर तलाशेंगे।

## न्यूज बाइट्स

### जम्होर थाना क्षेत्र से तीन वारंटी गिरफ्तार

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। औरंगाबाद के जम्होर थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक गैर-जमानती वारंटी (एनबीडब्ल्यू) और दो इश्तिहार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जम्होर थाना की टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों की तलाश में जुटी थी, जिसके बाद गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर तीनों को दबोच लिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार किए गए सभी वारंटी न्यायालय के आदेश के बावजूद लगातार फरार चल रहे थे। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि फरार अपराधियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून से बचने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

शोभायात्रा की शुरुआत सत्येंद्र नगर स्थित ब्लॉक कॉलोनी से हुई

# औरंगाबाद में रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा, हजारों रामभक्त हुए शामिल



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

रामनवमी के अवसर पर शनिवार को औरंगाबाद शहर में भव्य और विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में रामभक्त शामिल हुए। शहर का माहौल पूरी तरह भक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया। शोभायात्रा की शुरुआत सत्येंद्र नगर स्थित ब्लॉक कॉलोनी से हुई, जहां से बड़ी संख्या में महिला और पुरुष हाथों में ध्वज-पताका लेकर शामिल हुए। यह यात्रा महाराणा प्रताप चौक, रमेश चौक होते हुए धर्मशाला चौक तक पहुंची। रास्ते भर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही और जगह-जगह स्वागत की व्यवस्था की गई। इस शोभायात्रा में विभिन्न समितियों की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं, जिनमें भगवान राम, माता सीता और हनुमान की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र बनीं। धार्मिक गीत-संगीत और जयकारों के बीच पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। खास बात यह रही कि इस आयोजन में महिलाओं की भी बड़ी और सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। वहीं, सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन द्वारा जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सकी।

## रफीगंज में रामनवमी पर निकले भव्य जुलूस

**निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)**

रामनवमी का पर्व रफीगंज के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों से भव्य जुलूस और आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। शहर के काली स्थान, महाराजगंज और मुख्य बाजार के साथ-साथ कियाखाप, माड़ीपुर समेत कई गांवों से निकले जुलूस रफीगंज स्थित बड़ी देवी दुर्गा स्थान परिसर में एकत्रित हुए। यहां से जुलूस अस्पताल रोड, मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, महाराजगंज रोड और बस स्टैंड होते हुए पुनः बड़ी देवी दुर्गा स्थान पहुंचकर संपन्न हुआ। जुलूस में किराना पट्टी स्थित नरसिंह स्थान पूजा समिति की ओर से भगवान राम की आकर्षक झांकी निकाली गई, जिसमें गाजे-बाजे और पारंपरिक वाद्ययंत्रों का उपयोग किया गया। पूरे शहर में "जय श्री राम" के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। कई स्थानों पर युवाओं द्वारा पारंपरिक शस्त्र प्रदर्शन भी किया गया, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा।

# औरंगाबाद में एलपीजी वितरण की समीक्षा होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद में शनिवार को एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में की। इसमें आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के एलपीजी सेल्स मैनेजर शामिल हुए।

बैठक में गैस की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि कई गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें लग रही हैं। विशेष रूप से औरंगाबाद प्रखंड के सवेरा, लिंगराज, लक्ष्मी एवं मगध भारत गैस एजेंसी, मदनपुर के उमंगेश्वरी गैस एजेंसी, नवीनगर के तान्या गैस एजेंसी तथा कुटुंबा के कार्तिक गैस एजेंसी में वितरण में देरी और होम डिलीवरी में कमी की शिकायतें मिली हैं। जिला पदाधिकारी ने सेल्स मैनेजरों को निर्देश दिया कि लंबित बुकिंग और पेंडिंग डिलीवरी की सूची तैयार कर सबसे पुराने उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल एजेंसी पर मौजूद लोगों को गैस देने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए और पहले से बुकिंग करने वाले उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देश दिया कि गैस वितरण के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। साथ ही कालाबाजारी की आशंका को देखते हुए अनावश्यक बुकिंग पर निगरानी रखने को कहा गया, ताकि वास्तविक उपभोक्ताओं तक गैस की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। जिला पदाधिकारी ने उन गैस एजेंसियों की सूची मांगी है, जहां होम डिलीवरी प्रभावित है। आवश्यकता पड़ने पर वहां दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की जाएगी और गैस वितरण वाहनों के साथ भी निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, ताकि पारदर्शी ढंग से आपूर्ति हो सके। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि गैस एजेंसियों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और निर्धारित प्रक्रिया के तहत गैस प्राप्त करें। प्रशासन के अनुसार 28 मार्च 2026 के प्रतिवेदन में जिले में गैस आपूर्ति सामान्य पाई गई है। औसतन 7,513 की मांग के मुकाबले 7,959 गैस सिलेंडरों की डिलीवरी चरणबद्ध रूप से की जा रही है। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, तीनों कंपनियों के सेल्स मैनेजर और विभिन्न गैस एजेंसियों के डिस्ट्रीब्यूटर उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

- ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के रख-रखाव की जांच की गई
- सुरक्षा व्यवस्था और अभिलेखों का गहन निरीक्षण हुआ




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

अभिलाषा शर्मा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, औरंगाबाद ने शनिवार को सदर प्रखंड परिसर स्थित ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुरूप किया गया, जिसके तहत वेयरहाउस की नियमित जांच सुनिश्चित की जाती है ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, विश्वसनीयता और सुरक्षा बनी रहे। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वेयरहाउस में सुरक्षित रखे गए ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा संधारित अभिलेखों की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों और दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ रखा जाए।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# 2027 की जनगणना को लेकर फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण शुरू

- शिक्षण स्थलः योजना भवन, जिला परिषद सभागार व जिला पंचायत संसाधन केंद्र
- निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावी जनगणना सुनिश्चित करने पर जोर



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर जिले में भारत की जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से चार्ज स्तर पर नामित फील्ड ट्रेनरों का सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को व्यवस्थित, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से लागू करना है। जनगणना 2027 का कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा, जिसमें पहले चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) और दूसरे चरण में जनसंख्या गणना (पीई) का कार्य किया जाएगा। इसी को ध्यान में रखते हुए 28 से 30 मार्च 2026 तक तीन अलग-अलग बैचों में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में औरंगाबाद, दाउदनगर, ओबरा, गोह, हसपुरा, रफीगंज, बारूण, नबीनगर, देव, कुटुम्बा एवं मदनपुर सहित विभिन्न नगर निकायों से नामित कुल 96 फील्ड ट्रेनरों को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण का आयोजन योजना भवन सभागार, जिला परिषद सभागार और जिला पंचायत संसाधन केंद्र में प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनगणना से संबंधित सभी आवश्यक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है, ताकि फील्ड स्तर पर कार्य का सुचारु संचालन सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी नामित ट्रेनरों को निर्धारित समय पर प्रशिक्षण में अनिवार्य रूप से भाग लेने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनगणना 2027 को निष्पक्ष, पारदर्शी और सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं और प्रशिक्षण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# वज्रपात से घर में लगी आग, दो झुलसे, लाखों की संपत्ति राख



**निज संवाददाता | मदनपुर (औरंगाबाद)**

औरंगाबाद जिले के मदनपुर मुख्य बाजार स्थित ठाकुर रोड में शुक्रवार देर रात वज्रपात से एक घर में भीषण आग लग गई, जिसमें लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग बुझाने के दौरान दो लोग झुलस गए, जिनका इलाज कराया जा रहा है। पीड़ित राजकुमार शर्मा ने बताया कि रात करीब दो बजे अचानक तेज गर्जना के साथ आसमानी बिजली गिरी। धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। वज्रपात की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि घर में लगा लोहे का पाइप तक टेढ़ा हो गया। बिजली गिरते ही घर में आग लग गई और देखते ही देखते पूरा सामान जलने लगा।

आग की चपेट में आकर डेकोरेशन का सामान, साउंड बॉक्स, कपड़े, शादी-विवाह के लिए रखे गए महंगे वस्त्र, जेवरात, नगदी, पंखा समेत लगभग सभी घरेलू सामग्री पूरी तरह नष्ट हो गई। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर डेकोरेशन का काम शुरू किया था, जो इस हादसे में पूरी तरह खत्म हो गया। परिवार के सदस्य अंकेश कुमार शर्मा ने बताया कि आग बुझाने के लिए काफी प्रयास किए गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आग पर काबू पाने के दौरान दो लोग झुलसकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही अंचल अधिकारी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार करीब दो लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। हादसे के बाद पीड़ित परिवार के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार ने सरकार से उचित मुआवजा और सहायता की मांग की है।

## पीएनजी कनेक्शन की प्रगति की समीक्षा, तेजी लाने का निर्देश



**एसवीवी सं. | औरंगाबाद**

अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन के अधिष्ठापन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि पिछले चार से पांच दिनों के भीतर करीब 50 घरेलू उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है, जबकि वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 7 से 10 नए कनेक्शन लगाए जा रहे हैं। समीक्षा के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, विशेषकर होटलों में भी पीएनजी कनेक्शन की शुरुआत हो चुकी है, जहां अब तक 2 से 3 कनेक्शन लगाए जा चुके हैं और 8 अन्य कनेक्शन प्रक्रिया में हैं। एजेंसी के प्रतिनिधि ने बताया कि जिले में लगातार कनेक्शन देने का कार्य जारी है, ताकि उपभोक्ताओं को घर बैठे सुरक्षित और सुगम गैस सुविधा मिल सके।

बैठक में पीएनजी गैस के लाभों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि यह एलपीजी की तुलना में लगभग 20 प्रतिशत तक सस्ती होती है और सुरक्षा के लिहाज से भी अधिक बेहतर मानी जाती है। गैस रिसाव की स्थिति में यह हवा में फैल जाती है, जिससे किसी बड़े हादसे की संभावना कम हो जाती है। इसके साथ ही मीटर आधारित आपूर्ति होने से सिलेंडर बुकिंग या बदलने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है और उपभोक्ताओं को निरंतर गैस उपलब्ध रहती है। जिलाधिकारी ने संबंधित डिस्ट्रीब्यूटर के सेल्स मैनेजर को निर्देश दिया कि जिले में पीएनजी कनेक्शन की संख्या तेजी से बढ़ाई जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को सुरक्षित, सुलभ और किफायती गैस सुविधा का लाभ मिल सके।

# सुंदर कांड का 11 दिवसीय वर्चुअल अनुष्ठान संपन्न



**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

रामनवमी के अवसर पर ओजस मागधी मंच के तत्वावधान में 17 से 27 मार्च तक आयोजित ग्यारह दिवसीय सुंदर कांड का वर्चुअल अनुष्ठान श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हो गया। इस ऑनलाइन आयोजन का केंद्रीय स्थल औरंगाबाद रहा, जबकि देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े विद्वानों और श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। समापन समारोह में संगीत शिक्षक सुशील पांडेय के निर्देशन में समीक्षा और शिवांगी ने हनुमान चालीसा, रामायण आरती और भजन की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे और सुंदर कांड पाठ में सक्रिय सहभागिता निभाई। मंच के अध्यक्ष डॉ. हेरम्ब कुमार मिश्र ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि अनुष्ठान के दौरान देशभर के विद्वानों ने लयबद्ध तरीके से सुंदर कांड का पाठ किया। इसके बाद उन्होंने रामकथा का रसपूर्ण वर्णन करते हुए भक्ति की महिमा पर प्रकाश डाला और कहा कि रामचरितमानस जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ग्रंथ है। कार्यक्रम में बिक्रम, चतरा, गया, गोंडा, गोरखपुर, हजारीबाग, अयोध्या और जयपुर सहित विभिन्न स्थानों से आए विद्वानों ने सुंदर कांड का पाठ किया। मंच के मुख्य संरक्षक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि रामकथा जीवन जीने की सच्ची कला सिखाती है, जबकि मंच के सचिव उदय भास्कर ने इस आयोजन को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में देशभर से जुड़े मंच के सदस्यों और सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह वर्चुअल अनुष्ठान एक यादगार आध्यात्मिक आयोजन बन गया।

## मुंबई में राष्ट्रीय पॉलिटिक्स क्लास में हसपुरा के युवक की भागीदारी

**हसपुरा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** औरंगाबाद जिले के हसपुरा प्रखंड से एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है, जहां डुमरा ग्राम कचहरी के सरपंच रिंकी देवी एवं प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव के पुत्र कौशल किशोर को ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पॉलिटिक्स क्लास में भाग लेने के लिए मुंबई भेजा गया है। इस उपलब्धि से पूरे डुमरा गांव में खुशी का माहौल है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम देशभर के युवाओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कौशल किशोर वर्तमान में इंटरमीडिएट के छात्र हैं और अपने शांत स्वभाव तथा सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता के लिए जाने जाते हैं। उनके साथ रामकुमार विश्वकर्मा के पुत्र शुभम कुमार भी इस प्रशिक्षण में शामिल हुए हैं।

